**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 28.2 | 23.0 |
| डालटनगंज | 32.8 | 25.1 |
| धनबाद | 31.1 | 26.1 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




धनबाद, रविवार 06 जुलाई 2025 ● आषाढ़ शुक्ल पक्ष 11, संवत 2082 ● रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 89 ● मूल्य ₹ 3, पृष्ठ संख्या : 12

## झारखंड : संपन्नता में विपन्नता-एक शगल

# मत कह क्या-क्या हुआ अरे, इस दामोदर के आंगन में



अयोध्या नाथ मिश्र

झारखंड के प्रसंग में 'संपन्नता में विपन्नता' चस्पा कर देना आम शगल रहा है. इसे सिरे से नकारा नहीं जा सकता पर प्रश्न तो उठता है, आखिर क्यों? यह 'क्यों' लंबा इतिहास समेटे हुए हैं! मत कह क्या-क्या हुआ अरे, इस दामोदर के आंगन में. परत दर- परत दामोदर की 'ऐश' को कुरेदने पर अनेक आवर्त मिलेंगे। जहां दामोदर, खरकाई, स्वर्ण रेखा,कोयल ने इस दर्द को घर छुपा कर रखा है. अजीब लगता है, संसाधन हीं विपन्न बना रखा है. युगों से आर्थिक उपनिवेशवाद और उससे संत्रस्त वन प्रांत, गांव, गरीब ,नदी-पहाड़! मैं इतिहास के सिलवटी पृष्ठों को पलटने में विश्वास नहीं रखता, पर उन्हें स्मृति के गर्त में डाल देना भी जीवंतता के लक्षण नहीं हैं. 25 वर्षों का नवोदय युवा झारखंड परिवर्तन की अंगड़ाई ले रहा है, कुछ सकारात्मक प्रगतिशील सस्टेनेबुल ठोस करने को आमादा है. आज का झारखंड वैश्विक चुनौतियां, परिवर्तनों इन्नोवेटिव से रूबरू है, वह छलांग लगा कर अपने अभिष्ट को छू लेना चाहता है. वह अपने सपनों के झारखंड को संवारने के लिए संकल्पित है. 25 वर्षों का युवा राज्य तमाम प्रश्नों को समेटे समाधान के लिए सार्थक संवाद की दिशा में तेज कदम बढ़ा रहा है. वह चाहता है, जितनी जल्दी हो संभावनाओं से लबरेज झारखंड जीवन के सभी



मानकों में उड़ान भरे, सीमाओं को पार कर जाए. पर उसके चारों ओर तमाम 'किंतु परंतु' घूम रहे हैं. आखिर राज्य के समग्र सपनों को स्वरूप लेने की राह कैसे मिले? राजनीति चाहे इसे जो भाषा दे, जो नैरेटिव गढ़े परंतु आज का परिवेश विकास के लिए अकुलाहट लिए हुए हैं.

**समेकित प्रयास से बढ़ पाएंगे आगे:** राज्य की संपत्ति में( जीएसभीए) आय, में जिन तत्वों का बड़ा हाथ होता है उसमें झारखंड के गांव गरीब की मौलिक उद्यमिता कृषि पशुपालन मत्स्य पालन एवं वानिकी की हिस्सेदारी 15% से खिसक कर 2023 -24 में 11.5 प्रतिशत पर आ गई है. कहने का आशय है कि अन्य माध्यमों से राज्य की आर्थिकता में वृद्धि हुई है, अर्थात उत्पादन मैन्युफैक्चरिंग सर्विसेज व्यवसाय जैसे क्षेत्रों से राजकीय आमदनी में अपेक्षाकृत वृद्धि रही है लेकिन 65% आबादी की निर्भरता वाला क्षेत्र कृषि एवं संबद्ध सेवाएं ही पीछे रहा है. कम से कम इकोनॉमी में हमारी खेती बारी आदि का योगदान 20% तक तो होना ही चाहिए. इसमें एक और बात उल्लेखनीय है कि क्रॉप प्रोडक्शन अर्थात अन्न उत्पादन के मामले में पहले की तुलना में कमी आई है, अर्थात 8.5% से 5.2% हिस्सेदारी हमारे उत्पादन की रह गई है. उत्पादकता के लिए यह चिंता का विषय है. इसी प्रकार अन्य मानक हैं. कहा गया है बूंद बूंद तालाब भरता है. सबके समेकित प्रयास की साया में राज्य सरकार के समावेशी सार्थक पहल से ही राज्य अगली पंक्ति में खड़ा हो पाएगा. कोल्हान और संथाल परगना में बड़ी आबादी विशेषकर महिलाओं को आंशिक रोजगार देने वाला तसर रेशम उत्पादन भी काफी पीछे चला गया है. भारत सरकार ने आजादी के सौ वर्ष अर्थात 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य रखा है. इसी प्रकार अमृत काल की अपनी विशिष्ट संकल्पनाएं भी निर्धारित की हैं, इसके पीछे देश में नए विश्वास, नए स्वाभिमान, नई ऊर्जा एवं सोच को फलीभूत किए जाने की ठोस संरचना भी है. इसी के माध्यम से नई पीढ़ी के विजन, कार्यशीलता, हर क्षेत्र में कुशल सहभागी प्रशासन को नया आयाम मिले, ऐसी कार्य योजना है विकसित भारत के संदर्भ में अमृत कल का.

**झारखंड को नई इबारत लिखनी होगी:** झारखंड को वैश्विक/ राष्ट्रीय प्रतिभा स्पर्धा में नए आयाम गढ़ने के लिए अपनी चुनौतियों प्राथमिकताओं के प्रसंग में नए संकल्पों को स्वरूप देना होगा और यह समावेशी होगा.....

-शेष पेज 09 पर

### हर मामले में राष्ट्रीय औसत में पीछे

15 नवंबर 2000 के उपरांत राज्य ने अपने लघु वितान में कई उठा पटक देखा है तो आगे आने की कसक भी महसूस किया है. दुहराने की आवश्यकता नहीं है नियामको ने राज्य के उज्जवल प्ररिधान पर अनेक स्याह रेखाएं खींच दी हैं. मिट जाएं तो बेहतर और तेजी से मिटे तो सुखकर. सत्ता की अधकचरी राजनीतिक सौदेबाजी से तेज रफ्तार के विकास में कोई ठोस पहल नहीं बन पाई. सब कुछ ले- देकर दो कदम आगे और पीछे की स्थिति रही. समाज प्रतीक्षारत था 'राज' के कर कमलों से आम अवाम की बेहतरी के लिए मार्ग प्रशस्त होगा पर आंखें पथराई रह गईं. किसी मानक में बहुत आगे निकलने की न सोच थी और न पहल. लकीर पीटते रह गए वे लोग भी जो 'मेरे पैरों में घुंघरू बंधा दे' की बात करते थे. आज भी अशिक्षा गरीबी बेरोजगारी कुपोषण कौशल उद्यमिता व्यवसाय पानी और कृषि सहित संबद्ध सेवाये उसी राह पर हैं. दुर्दशा (सेवाओं की, संस्थाओं की, पहुंच की या आउटकम की) पूर्ववत. समय के साथ सामाजिक -आर्थिक परिवर्तन एवं उसकी अपेक्षा स्वाभाविक है, पर बीमारियों का निदान कहां हो पाया ? हर मामले में राष्ट्रीय औसत से पीछे! 28 राज्यों में 26वें स्थान पर.

---

## ब्रीफ न्यूज

### लालू यादव 13वीं बार बने राजद के सुप्रीमो

**पटना।** राजद सुप्रीमो लालू की एक बार फिर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में शनिवार को ताजपोशी हुई. उनका कार्यकाल 2028 तक का होगा. लालू 13वीं बार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने. राजद की राष्ट्रीय परिषद की महत्वपूर्ण बैठक पटना के बापू सभागार में हुई. बैठक की अध्यक्षता रामचंद्र पूर्वे ने की. इससे पूर्व लालू यादव को 13वीं बार राजद राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने की घोषणा की गयी और मंच पर उन्हें प्रमाण पत्र और पुष्प गुच्छ देकर बधाई दी गयी.

### डीयू में स्नातक प्रवेश के लिए शेड्यूल जारी

**नयी दिल्ली।** दिल्ली विवि (डीयू) ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए कॉमन सीट अलोकेशन सिस्टम के द्वितीय चरण की तिथि घोषित कर दी है. विवि के अनुसार, सीयूईटी-यूजी के परिणाम घोषित हो चुके हैं और अब 8 जुलाई से सीएसएएस का फेज-2 शुरू होगा. कुलसचिव ने शनिवार को बताया कि सीएसएएस फेज-1 और फेज-2 दोनों 14 जुलाई रात 11:59 बजे तक खुले रहेंगे. जिन छात्रों ने अभी तक रजिस्ट्रेशन नहीं किया है, वे भी इस अवधि में सीएसएएस पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं.

### आज आएंगे सीए फाइनल, इंटर व फाउंडेशन के नतीजे

**नयी दिल्ली।** चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने का सपना देख रहे लाखों छात्रों का इंतजार अब खत्म होने वाला है. इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ने घोषणा की है कि मई 2025 सत्र के सीए फाइनल, इंटरमीडिएट और फाउंडेशन का परिणाम रविवार को घोषित किया जाएगा. लोग आईसीएआई की वेबसाइट icai.nic.in पर जाकर अपना रिजल्ट देख सकेंगे. रिजल्ट जारी होते ही छात्रों को अपना रोल नंबर और रजिस्ट्रेशन नंबर वेबसाइट पर भरकर लॉगिन करना होगा.

---

**पटना:** व्यापारी गोपाल खेमका के मर्डर मामले में बेउर जेल में रेड

# दोषियों को उसके घर में घुसकर मारेंगे: सम्राट

शुभम संदेश।पटना

राजधानी पटना में शुक्रवार रात करीब 11 बजे अपराधियों ने एक सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया. बेखौफ बदमाशों ने नामी कारोबारी गोपाल खेमका की उनके अपार्टमेंट के सामने ही गोली मारकर हत्या कर दी. घटना उस वक्त हुई जब गोपाल खेमका अपनी कार से उतरकर अपार्टमेंट में दाखिल हो रहे थे. तभी घात लगाए बदमाशों ने उन पर फायरिंग कर दी और मौके से फरार हो गए. गोली लगते ही कारोबारी वहीं गिर पड़े, जिन्हें आनन-फानन में अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. व्यापारी के हत्या के मामले में पुलिस को शक है कि हत्या की साजिश बेउर जेल में रची गई थी, इसीलिए पटना की पुलिस की कई टीम इस वक्त जेल में छापेमारी कर रही है. इस हत्याकांड का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें साफ देखा जा सकता है कि हमलावर कितनी बेरहमी से वारदात को अंजाम देकर मौके से भाग निकले. फिलहाल पुलिस इस पूरे मामले की जांच कर रही है और हत्यारों की तलाश में कई ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है.

गोपाल खेमका हत्याकांड को लेकर बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस मामले में स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि कानून हाथ में लेने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी. डिप्टी सीएम ने कहा, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि जो लोग कानून हाथ में लेंगे, पुलिस उनके घर में घुस कर मारेगी. इसके साथ ही जिन अधिकारियों की लापरवाही से ऐसी घटना घटी है, उन्हें भी बख्शा नहीं जाएगा. अगले 24 घंटे में संबंधित पदाधिकारी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की जाएगी. सम्राट ने यह भी कहा कि न्याय देना सरकार की जिम्मेदारी है और बिहार में कोई ऑर्गेनाइज्ड क्राइम नहीं है. मुख्यमंत्री के निर्देश पर इस हत्याकांड की जांच के लिए विशेष जांच दल का गठन कर दिया गया है और टीम को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं. उन्होंने कहा, एसआईटी हर पहलू की बारीकी से जांच करेगी और कोई भी अपराधी चाहे जितना भी ताकतवर हो, उसे बख्शा नहीं जाएगा. सरकार हर बिंदु पर जांच करेगी और इस जघन्य हत्याकांड में शामिल किसी भी व्यक्ति को छोड़ा नहीं जाएगा.



### खेमका के मर्डर के बाद बिहार में सनसनी, विपक्ष ने बताया-जंगलराज

गोपाल खेमका के बाद पूरे बिहार में सनसनी फैल गई है. बता दें कि बिहार में इसी साल विधानसभा चुनाव भी हैं. विपक्ष को बैठे-बिठाए सरकार को घेरने का एक बड़ा मुद्दा मिल गया है. गोपाल खेमका की हत्या ने एक बार फिर बिहार की राजनीति को गरमा दिया है. विपक्षी दल सरकार पर हमलावर हैं और कानून व्यवस्था को लेकर सवाल उठा रहे हैं. पुलिस का कहना है कि वो मामले की जांच कर रही है और जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा. लेकिन, इस घटना ने बिहार में कानून व्यवस्था की स्थिति पर सवाल खड़े कर दिए हैं. लोगों में डर का माहौल है और वे सरकार से अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं. पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने शनिवार को घटनास्थल का दौरा किया और बिहार की नीतीश कुमार सरकार की आलोचना की. पप्पू यादव ने एक्स पर लिखा कि बिहार अपराधियों का अड्डा बन गया है! नीतीश जी, कृपया बिहार को बख्श दें. पप्पू यादव ने आगे कहा कि अगर सरकार ने गुंजन की हत्या के समय सख्त कार्रवाई की होती, तो आज गोपाल खेमका की हत्या नहीं होती. इस क्रूर मेगा-ठग शासन में, कोई भी सुरक्षित नहीं है, बिहार अपराधियों का अड्डा बन गया है! नीतीश जी, कृपया बिहार को बख्श दें. वहीं राजद के नेता मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि बिहार की राजधानी पटना में पुलिस मुख्यालय की नाक के नीचे इस तरह एक व्यवसायी की गोली मारकर हत्या हो जाती है. लगातार तेजस्वी यादव क्राइम बुलेटिन जारी कर सरकार को आइना दिखा रहे हैं, सवाल पूछ रहे हैं. नीतीश कुमार अब एक क्षण भी मुख्यमंत्री की कुर्सी पर रहने लायक नहीं रहे. राजद नेता ने कहा कि बिहार में अराजक स्थिति हो चुकी है. इस सरकार की विदाई से ही बिहार की भलाई होगी. अपराधियों का मनोबल तो देखिए कि गांधी मैदान से सटे इतने भीड़-भाड़ वाले इलाके में सीधे गोली मार दी जाती है, यह क्या हाल कर दिया है नीतीश कुमार जी आपने? इसे राक्षस राज, महाजंगल राज, अपराधी राज नहीं कहा जाएगा तो और क्या कहा जाएगा?

---

राज ठाकरे के साथ 20 साल बाद मंच साझा करने पर बोले उद्धव

# हम साथ आए हैं, हम साथ रहेंगे

एजेंसियां।मुंबई

महाराष्ट्र सरकार की ओर से हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में लागू करने के लिए दो सरकारी प्रस्तावों को रद्द करने के बाद उद्धव ठाकरे (यूबीटी) और मनसे ने वर्ली डोम में शनिवार को एक संयुक्त रैली की. पहले राज ठाकरे ने रैली को संबोधित किया. इसके बाद शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने संबोधित किया.

उन्होंने कहा कि हम साथ आए हैं, हम साथ रहेंगे. हम साथ रहने के लिए ही साथ आए हैं. उद्धव ने कहा, हमारी ताकत हमारी एकता में है, जब भी कोई चुनौतीपूर्ण समय आता है, हम एक साथ आते हैं, लेकिन हमने अनुभव किया है कि जब चुनौतीपूर्ण समय बीत जाता है, तो हम सभी अपने निजी हितों के लिए जाते हैं, जो इस बार नहीं होना चाहिए. उद्धव ने कहा, जब से हमने इस कार्यक्रम की घोषणा की, तब से सभी को हमारे भाषण का बेसब्री से इंतजार था, लेकिन मेरे विचार से हम दोनों का एक साथ आना और यह मंच हमारे भाषणों से ज्यादा महत्वपूर्ण था. राज ठाकरे पहले ही बहुत शानदार भाषण दे चुके हैं और मुझे लगता है कि अब मुझे बोलने की कोई जरूरत नहीं है.

**...तो हां, हम 'गुंडा' हैं' :** उद्धव ठाकरे ने कहा, आप (शिवसेना) पहले ही हमारा काफी इस्तेमाल कर चुके हैं. अगर आपको बालासाहेब ठाकरे का समर्थन नहीं था, तो महाराष्ट्र में आपको कौन जानता था. आप हमें हिंदुत्व के बारे में सिखाने वाले कौन होते हैं? जब मुंबई में दंगे हो रहे थे, तब हम मराठी लोगों ने महाराष्ट्र के हर हिंदू को बचाया था, चाहे वह कोई भी हो. अगर आप मराठी लोगों को गुंडा' कह रहे हैं जो अपना विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, न्याय मांग रहे हैं, तो हां, हम 'गुंडा' हैं. हम पीछे नहीं हटेंगे.



### जो बालासाहेब नहीं कर पाए, वो फडणवीस ने किया : राज ठाकरे

मनसे के अध्यक्ष राज ठाकरे ने कहा, मैंने अपने एक इंटरव्यू में कहा था कि मेरा महाराष्ट्र किसी भी राजनीति और लड़ाई से बड़ा है. आज 20 साल बाद मैं और उद्धव एक साथ आए हैं. जो काम बालासाहेब नहीं कर पाए, वो देवेंद्र फडणवीस ने किया... हम दोनों को साथ लाने का काम. इससे पहले शिवसेना (यूबीटी) और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना की संयुक्त रैली के दौरान दोनों भाइयों उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने गले मिलकर एक दूसरे को बधाई दी. महाराष्ट्र सरकार ने हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में लागू करने के लिए दो सरकारी प्रस्तावों को रद्द कर दिया है. इसका जश्न मनाने के लिए दोनों दलों ने इस रैली का आयोजन किया. राज ठाकरे ने कहा, 'मंत्री दादा भुसे मेरे पास आए और मुझसे उनकी बात सुनने का अनुरोध किया, मैंने उनसे कहा कि मैं आपकी बात सुनूंगा, लेकिन मैं राजी नहीं होऊंगा. मैंने उनसे पूछा कि उत्तर प्रदेश, बिहार और राजस्थान के लिए तीसरी भाषा क्या होगी. सभी हिंदी भाषी राज्य हमसे पीछे हैं और हम सभी हिंदी भाषी राज्यों से आगे हैं, फिर भी हमें हिंदी सीखने के लिए मजबूर किया जा रहा है.

### अभी 30-40 साल और जीऊंगा: दलाई लामा

**धर्मशाला।** तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा तेंजिन ग्यात्सो ने कहा की कई भविष्यवाणियों को देखते हुए, मुझे लगता है कि मुझ पर अवलोकितेश्वर का आशीर्वाद है. मैंने अब तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया है. मुझे उम्मीद है कि मैं अभी 30 से 40 साल और जीऊंगा. धर्मगुरु ने कहा कि आपकी प्रार्थनाओं का अब तक फल मिला है और आगे भी इसी तरह मिलता रहेगा. तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा ने यह बात उनके 90वें जन्मदिन से एक दिन पूर्व शनिवार को आयोजित प्रार्थना सभा को संबोधित करते हुए कही. दलाई लामा के 90वें जन्मदिवस को लेकर शनिवार से दो दिवसीय समारोह शुरू हो गया है.

## भगोड़े नीरव मोदी का भाई नेहाल मोदी अमेरिका में गिरफ्तार

एजेंसियां।नयी दिल्ली

पंजाब नेशनल बैंक के घोटाले में भगोड़ा घोषित नीरव मोदी के भाई नेहाल मोदी को अमेरिका में गिरफ्तार कर लिया गया है. अमेरिका के अधिकारियों ने भारत सरकार को जानकारी दी है कि भगोड़े कारोबारी नीरव मोदी के भाई नेहाल मोदी को शुक्रवार को अमेरिका में गिरफ्तार किया गया. ये गिरफ्तारी भारत की दो बड़ी एजेंसियों ईडी और सीबीआई की तरफ से की गई एक्स्ट्राडिशन रिक्वेस्ट के आधार पर हुई है.

**काले धन को सफेद करने में निभाई थी अहम भूमिका :** नेहाल मोदी भारत के सबसे बड़े बैंकिंग घोटालों में से एक पंजाब नेशनल बैंक स्कैम में वांटेड है. जांच में सामने आया है कि उसने अपने भाई नीरव मोदी के लिए काले धन को सफेद करने और छुपाने में अहम भूमिका निभाई थी. ईडी और सीबीआई की जांच में ये भी पाया गया है कि नेहाल मोदी ने कई शेल कंपनियों के जरिए बड़ी रकम को विदेशों में इधर-उधर किया. उसका मकसद था धोखाधड़ी से कमाई गई रकम को ट्रैक से बाहर रखना.

---

**डॉ. रणदीप गुलेरिया की दो टूक :** कोविड वैक्सीन नहीं, गड़बड़ जीवनशैली हार्टअटैक के मामलों की बड़ी वजह

# स्वस्थ रहना है तो देसी खान-पान अपनाएं, व्यायाम जरूर करें

शुभम संदेश डेस्क

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के संयुक्त अध्ययन ने पता चला है कि युवाओं में कोरोना वैक्सीन और अचानक हृदय गति रुकने के बीच कोई संबंध नहीं है. एम्स दिल्ली के पूर्व निदेशक डॉ. रणदीप गुलेरिया ने भी एक खास बातचीत में कई बातों का जवाब दिया है. उन्होंने कहा कि विभिन्न वर्गों में हृदय संबंधी समस्याओं, अचानक हृदय गति रुकने के कारण युवाओं की मृत्यु के बारे में बहुत चिंता व्यक्त की गई है और एक मुद्दा यह भी था कि क्या इसका कोरोना वैक्सीन से कोई संबंध हो सकता है.



आईसीएमआर और एम्स की ओर से किए गए इन अध्ययनों ने स्पष्ट रूप से दिखाया है कि टीकाकरण और अचानक हृदय गति रुकने के बीच कोई संबंध नहीं है. अगर मैं व्यक्तिगत अनुभव से कहूं तो हम कोरोना से पहले भी युवाओं में हृदय संबंधी समस्याएं देखते रहे हैं और यह हमेशा चिंता का विषय रहा है. पिछले कुछ दशकों में हमारी जीवनशैली में तेजी से बदलाव, ऐसी आदतों से संबंधित हो सकता है जो अब अधिक अस्वस्थ हो गई हैं. बहुत अधिक वसायुक्त आहार खाना, जिसमें असंतृप्त वसा हो, हमारा आहार हरी पत्तेदार सब्जियों और ताजे फलों से बदलकर फास्ट फूड पर चला गया है.

दूसरा, व्यायाम कम हो गया है, ज्यादातर युवा डेस्क जॉब कर रहे हैं और व्यायाम नहीं कर रहे हैं, और इससे मोटापा या वजन बढ़ रहा है. इसलिए जीवनशैली, आहार और आनुवंशिक प्रवृत्ति के संयोजन ने पश्चिमी आबादी की तुलना में हमारी आबादी में लगभग 10 साल पहले दिल के दौरे और दिल की समस्याओं को जन्म दिया है. इसका और टीकाकरण के बीच वास्तव में कोई संबंध नहीं है, यह अन्य कारणों से अधिक संबंधित है.

### सभी दवाओं का दुष्प्रभाव होता है

सभी दवाओं, चाहे वह टीके हों या दवा, के दुष्प्रभाव होते हैं. जब टीके की बात आती है, क्योंकि वे स्वस्थ लोगों को दिए जाते हैं, तो दुष्प्रभावों के लिए बहुत बारीकी से निगरानी की जाती है. यह उद्योग, सरकारों और एक पूरी समिति द्वारा किया जाता है, जो टीकाकरण के बाद प्रतिकूल प्रभाव, एईएफआई को देखती है. उन्होंने सभी वैक्सीन से संबंधित समस्याओं को स्पष्ट रूप से देखा है, और वह डेटा स्पष्ट रूप से दिखाता है कि टीकों के दुष्प्रभाव बहुत कम हैं, और लाभ बहुत अधिक हैं. इसलिए वास्तव में यह सुझाव देने के लिए कोई डेटा नहीं है कि टीके नुकसान पहुंचा रहे हैं.

### मौतें जीवनशैली से संबंधित हैं

डॉ. गुलेरिया ने कहा, जो मौतें हो रही हैं, वे हमारी जीवनशैली और निष्क्रियता से अधिक संबंधित हैं. इसलिए मैं कहूंगा कि लोगों को अपनी जीवनशैली, शारीरिक गतिविधियों को बदलना चाहिए, अपने वजन का ध्यान रखना चाहिए और खान-पान के बारे में सावधान रहना चाहिए. पश्चिमी खान-पान की ओर जाने की बजाय पारंपरिक भारतीय खान-पान पर वापस लौटना चाहिए. यह बहुत महत्वपूर्ण है. कोविड वैक्सीन और दिल के दौरे के बीच कोई संबंध नहीं है. लेकिन हां, युवा लोगों को समस्या हो रही है, और हमें जागरूकता बढ़ाने पर काम करने की जरूरत है.

### एंटी एजिंग दवाओं पर कानून की जरूरत

एंटी एजिंग दवा एक बड़ा उद्योग बन रही है, लेकिन यह अनियंत्रित है, क्योंकि ऐसा करने के लिए कोई वैज्ञानिक अध्ययन नहीं किया गया है, और उनमें से कई के दुष्प्रभाव हो सकते हैं, खासकर अगर उन्हें लंबे समय तक लिया गया हो. इसलिए मुझे लगता है कि एंटी एजिंग दवाओं पर कानून बनाने और यह देखने की आवश्यकता है कि उन्हें उचित विवेकपूर्ण तरीके से दिया जाए और उनका दुरुपयोग न हो.

---

सीआईडी ने बड़े साइबर क्राइम नेटवर्क का किया खुलासा

# चीन से जुड़े हैं तार, 7 अरेस्ट

शुभम संदेश।रांची

झारखंड पुलिस की सीआईडी (अपराध अनुसंधान विभाग) ने एक अंतरराज्यीय साइबर फ्रॉड गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जिसके तार चीन से जुड़े पाए गए हैं. यह गिरोह 'डिजिटल अरेस्ट' और निवेश घोटालों जैसे मामलों में शामिल था, जिसमें विदेशी हैकर्स की मदद से अवैध बैंकिंग गतिविधियां की जा रही थीं. सीआईडी के डीजी के निर्देश पर की गई कार्रवाई में सात साइबर अपराधियों—कुमार दीपक, कुमार सौरभ, प्रभात कुमार, लखन चौरसिया, शिवम कुमार, अनिल कुमार और प्रदीप कुमार को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से 12 मोबाइल फोन, 11 सिम कार्ड, 14 एटीएम कार्ड और 60 म्यूल बैंक खातों की जानकारी मिली है.

गिरफ्तारी की यह कार्रवाई 4 जुलाई को हुई, जब सीआईडी को सूचना मिली कि रांची के ओलिव गार्डन होटल में एक साइबर गिरोह जुटा है. यह गिरोह फर्जी बैंक खातों की आपूर्ति कर विदेशी नेटवर्क से जुड़ा था. एक आरोपी चीन की कंपनियों—मूनपे, ड्रैगनपे, सुपरपे और मैंगोपेइंडिया के लिए एजेंट की भूमिका में था. व्हाट्सएप और टेलीग्राम से उसके विदेशी संपर्कों के प्रमाण मिले हैं.

जांच में सामने आया कि गिरोह के सदस्य टेलीग्राम पर एपीके फाइल के जरिये एक ऐप डाउनलोड करते थे, जो बैंक से जुड़े सिम कार्ड में इंस्टॉल होने के बाद ओटीपी और अलर्ट सीधे चीन के सर्वर तक भेजता था. इस तकनीक से खातों का रिमोट एक्सेस लेकर करोड़ों की ठगी की जाती थी.

झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने किया हस्तक्षेप, कहा- उठाए जा रहे हैं सभी आवश्यक कदम

# गोड्डा के स्टेट होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज की मान्यता नहीं होने दी जाएगी रद्द

**शुभम संदेश। रांची**

केंद्रीय एजेंसी होम्योपैथी मेडिकल असेसमेंट एंड रेटिंग बोर्ड (एमएआरबीएच) द्वारा गोड्डा स्थित राज्य के एकमात्र होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज में नये सत्र 2025-26 में बीएचएमएस के प्रथम वर्ष में नामांकन पर रोक लगा दिया गया है. इस मामले को अब स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने राजनीतिक रंग दे दिया है. मंत्री इरफान अंसारी ने विज्ञप्ति जारी कर कहा कि गोड्डा का होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज झारखंड की ऐतिहासिक एवं शैक्षणिक धरोहर है. इस संस्थान की मान्यता को लेकर हाल में फैलायी जा रही भ्रांतियां पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित हैं. स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री होने के नाते मैं यह स्पष्ट करता हूं कि किसी भी हालत में इस कॉलेज की मान्यता रद्द नहीं होने दी जाएगी. उन्होंने कहा कि कॉलेज की व्यवस्था को लेकर कुछ समस्याएं थीं, जिस पर मैंने स्वास्थ्य मंत्री का पदभार संभालते ही ध्यान देना शुरू कर दिया था. वर्षों से उपेक्षित इस होम्योपैथिक कॉलेज को पुनः सशक्त एवं व्यवस्थित करने का हरसंभव प्रयास किया जा रहा है, लेकिन सुधार में समय लगता है. मंत्री ने कहा कि हम पूरी ईमानदारी के साथ काम कर रहे हैं. स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इस विषय पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी बातचीत हुई है और उन्होंने भी इस संस्थान को बचाने और छात्रों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए अपनी स्पष्ट सहमति और समर्थन दिया है. सरकार इस कॉलेज और यहां पढ़ने वाले छात्रों के साथ मजबूती से खड़ी है. उन्होंने कहा कि यह भी दुखद है कि कॉलेज के प्राचार्य ने मुझे समय रहते इस स्थिति से अवगत नहीं कराया.

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मैं कॉलेज के छात्रों से अपील करता हूं कि वे राजनीतिक दलों के पास जाकर मामले को तूल देने के बजाय सीधे मुझसे संपर्क करें, उन्हें वहां जाने की जरूरत नहीं है, खासकर भाजपा जैसी पार्टी के पास, जो छात्रों के मुद्दों पर राजनीति करने का हमेशा मौका तलाशती रहती है. भाजपा अब इस मुद्दे पर राजनीतिक दलों को पैसे कमाने का मौका देने की कोशिश कर रही है, जबकि यह कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है. कॉलेज की मान्यता में केंद्रीय आयुष मंत्रालय की भी भूमिका होती है, ऐसे में जब यह मंत्रालय केंद्र सरकार के अधीन आता है और केंद्र में भाजपा की सरकार है, तो भाजपा नेताओं को इस मुद्दे पर राजनीति करने के बजाय झारखंड के छात्रों के हित में सहयोग करना चाहिए. स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि गोड्डा के राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज को किसी भी हालत में बंद नहीं होने दिया जाएगा. इसे एक आदर्श संस्थान के रूप में विकसित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं.



### एमएआरबीएच ने नहीं दी एडमिशन की अनुमति

देशभर के होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज अस्पतालों को मान्यता देने वाली केंद्रीय एजेंसी होम्योपैथी मेडिकल असेसमेंट एंड रेटिंग बोर्ड (एमएआरबीएच) ने झारखंड के एकमात्र गोड्डा के राजकीय होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज को बीएचएमएस प्रथम वर्ष के सत्र 2025-26 में एडमिशन की अनुमति नहीं दी है. राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य ने बीएचएमएस की 63 सीटों पर एडमिशन की अनुमति मांगी थी. गोड्डा जिले के परसपानी स्थित राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज में संसाधन व सुविधाओं की जांच के लिए एमएआरबीएच की टीम ने 24 व 25 जून 2025 को कॉलेज का निरीक्षण किया था. निरीक्षण में पाया गया कि गोड्डा का राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज न्यूनतम आवश्यकताओं को भी पूरा नहीं करता है. शिक्षकों यानी फैकल्टी की भारी कमी है. ह्यूमन एनाटॉमी, फिजियोलॉजी, मेडिसिन, फार्मेसी, होम्योपैथी मटेरिया मेडिका, गायनोकोलॉजी, सर्जरी, कम्युनिटी मेडिसिन समेत कुल 31 शिक्षकों की कमी थी. इसी तरह अस्पताल में एक्सरे, कैजुअल्टी रूम, लेबर रूम जैसे जरूरी संसाधन क्रियाशील नहीं पाए गए. इतना ही नहीं राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज में अस्पताल कर्मियों की भी भारी कमी का जिक्र है. इन सभी कमियों को देखते हुए बोर्ड ने शैक्षणिक वर्ष 2025-26 में बीएचएमएस की 63 सीटों पर प्रवेश पर रोक लगाते हुए अपील के लिए 30 दिन का समय दिया है.

सरयू राय की पहल पर सरकार का फैसला

## निजी उपभोक्ताओं को भी मुफ्त बिजली का लाभ

**शुभम संदेश। रांची/जमशेदपुर**

झारखंड सरकार ने एक बड़ा फैसला लेते हुए जमशेदपुर और आदित्यपुर के निजी बिजली उपभोक्ताओं को भी 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने की योजना का लाभ देने का ऐलान किया है. अब टाटा स्टील यूआईएसएल (जुस्को) जैसी निजी कंपनी से बिजली लेने वाले उपभोक्ता भी राज्य सरकार की इस सब्सिडी योजना में शामिल होंगे. इससे जमशेदपुर के 55 हजार और आदित्यपुर के 8 हजार उपभोक्ताओं में से 10 हजार से अधिक उपभोक्ताओं को सीधे फायदा मिलेगा और उनके बिजली बिल में राहत मिलेगी. सरकार ने पेयजल कनेक्शन को लेकर भी बड़ी घोषणा की है. अब पेयजल कनेक्शन के लिए अधिकतम शुल्क 7000 रुपये तय किया गया है. पहले अधिक वसूली की लगातार शिकायतें मिल रही थीं, जिसके बाद विधानसभा की एक विशेष समिति ने इसकी जांच कर रिपोर्ट सौंपी. सरकार ने उसी सिफारिश पर यह फैसला लिया है जिससे गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों पर आर्थिक बोझ कम होगा. इस फैसले के पीछे जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय की पहल अहम रही. उन्होंने बजट सत्र में यह मुद्दा जोरशोर से उठाया था और सरकार का ध्यान इस ओर खींचा था कि जुस्को से बिजली लेने वाले उपभोक्ताओं को भी मुफ्त बिजली योजना का लाभ मिलना चाहिए. अब तक यह योजना केवल झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड (जेबीवीएनएल) के उपभोक्ताओं के लिए सीमित थी. सरकार के इस फैसले से निजी बिजली सप्लायरों से कनेक्शन लेने वाले उपभोक्ताओं को भी सीधा लाभ मिलेगा और जमशेदपुर-आदित्यपुर के हजारों परिवारों को राहत मिलेगी.

## हाईकोर्ट की असिस्टेंट पद की लिखित परीक्षा 20 जुलाई को

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय में असिस्टेंट पद (विज्ञापन संख्या 01/Accts./2024) की लिखित परीक्षा 20 जुलाई, 2025 को रांची में आयोजित की जाएगी. इस संबंध में उच्च न्यायालय ने आधिकारिक सूचना जारी की है.परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थी अपना एडमिट कार्ड 7 जुलाई, 2025 से झारखंड हाईकोर्ट की आधिकारिक वेबसाइट www.jharkhandhighcourt.nic.in से डाउनलोड कर सकेंगे. यदि कोई अभ्यर्थी अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड करने में असमर्थ होता है या उसमें किसी प्रकार की त्रुटि पाता है, तो वह 18 जुलाई, 2025 को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक हाईकोर्ट कार्यालय, धुर्वा, रांची में संपर्क कर सकता है. अभ्यर्थी को अपने ऑनलाइन आवेदन पत्र की प्रति और मूल पहचान पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा.

जल्द बजेगी डुगडुगी: झारखंड में निकाय चुनाव की तैयारी तेज

# आयोगों के गठन की प्रक्रिया अंतिम चरण में

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड में नगर निकायों के चुनाव की डुगडुगी अब जल्द ही बजने वाली है. राज्य सरकार ने इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष और एक सदस्य की नियुक्ति का प्रस्ताव भेज दिया है. आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, अगले सप्ताह इन नियुक्तियों को अंतिम रूप दे दिया जाएगा. इसके साथ ही राज्य निर्वाचन आयोग के अध्यक्ष पद पर भी नियुक्ति की संभावना जताई जा रही है, ताकि चुनावी प्रक्रिया में आवश्यक प्रशासनिक और संवैधानिक ढांचे को मजबूत किया जा सके.

**चुनाव की राह में अटका पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन :** राज्य सरकार ने नगर निकायों के चुनाव को 'ट्रिपल टेस्ट' प्रक्रिया के आधार पर कराने का फैसला लिया है, जिसके लिए पिछड़ा वर्ग आयोग को विशेष जिम्मेदारी दी गई थी. आयोग ने सभी 24 जिलों में ट्रिपल टेस्ट का काम पूरा कर लिया है. अब आंकड़ों के संकलन और विश्लेषण का कार्य शेष है, जिसे किसी मान्यता प्राप्त एजेंसी द्वारा किया जाना है. लेकिन आयोग में अध्यक्ष का पद रिक्त होने के कारण यह प्रक्रिया अधर में लटकी हुई है. वर्तमान में आयोग में नंद किशोर मेहता और लक्ष्मण यादव सदस्य पद पर कार्यरत हैं, जबकि एक सदस्य पद अब भी रिक्त है. पूर्ण गठन के बाद ही आयोग राज्य सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंप पाएगा, जिससे चुनाव की राह पूरी तरह साफ हो जाएगी.

**2020 से लटके हैं नगर निकाय चुनाव :** राज्य के 13 नगर निकायों में वर्ष 2020 से ही चुनाव नहीं हुए हैं. वहीं अन्य 35 शहरी निकायों का कार्यकाल मार्च-अप्रैल 2023 में समाप्त हो गया था. पहले कोविड-19 महामारी और फिर पिछड़ा वर्ग के आरक्षण से जुड़ी प्रक्रियाओं में देरी ने चुनाव को लंबे समय तक टाल दिया. ट्रिपल टेस्ट प्रक्रिया लागू करने के फैसले के बाद भी लंबी कानूनी और प्रशासनिक जटिलताओं ने चुनावी प्रक्रिया को धीमा कर दिया. इसके बाद जब मामला हाईकोर्ट पहुंचा और लोकसभा तथा विधानसभा चुनाव की व्यस्तता आई, तब तक सरकार कोई ठोस निर्णय नहीं ले सकी.

अब जबकि सभी संवैधानिक अड़चनें धीरे-धीरे दूर हो रही हैं और आयोगों के गठन की प्रक्रिया अंतिम दौर में है, राज्य सरकार बरसात के बाद और दुर्गा पूजा से पहले निकाय चुनाव कराने की योजना बना रही है. यह न सिर्फ संवैधानिक बाध्यता है, बल्कि राज्य के आर्थिक हित और लोकतांत्रिक ढांचे की मजबूती के लिए भी आवश्यक कदम है.




### वित्तीय नुकसान भी है एक बड़ा कारण

निकाय चुनावों के लगातार टलने से झारखंड को अब तक करीब 1600 करोड़ रुपये का केंद्रीय अनुदान नहीं मिल पाया है. हाल ही में राज्य दौरे पर आयी 16वें वित्त आयोग की टीम ने स्पष्ट किया कि चुनाव नहीं होने की स्थिति में केंद्र से मिलने वाली राशि रोकी जा सकती है. इस राशि के अभाव में राज्य की कई नगर योजनाएं अधर में हैं, और भविष्य की योजनाओं के क्रियान्वयन में भी गंभीर अड़चनें आ रही हैं. इसी कारण अब राज्य सरकार निकाय चुनावों में विलंब नहीं करना चाह रही है.

### हाईकोर्ट के आदेश और दबाव में सरकार की सक्रियता

निकाय चुनाव को लेकर झारखंड हाईकोर्ट पहले ही राज्य सरकार को निर्देश दे चुका है. वर्ष 2016 में दायर पूर्व पार्षद रोशनी खलखो की अवमानना याचिका पर सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने चार महीने के भीतर चुनाव कराने का आदेश दिया था. राज्य के मुख्य सचिव और नगर विकास सचिव ने स्वयं अदालत में उपस्थित होकर इस आशय का आश्वासन भी दिया था. लेकिन तय समयसीमा 16 मई 2024 को समाप्त हो गई, और अब किसी भी दिन इस मामले में अगली सुनवाई हो सकती है. जानकारों का मानना है कि अदालत की नाराज़गी से बचने के लिए सरकार ने चुनावी प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का फैसला लिया है.

## एक नजर

### मंत्री इरफान अंसारी ने केसी वेणुगोपाल से की मुलाकात



**रांची।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री सह कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी ने शनिवार को दिल्ली में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल से मुलाकात की. झारखंड कांग्रेस संगठन की स्थिति और भविष्य की रणनीतियों पर व्यापक चर्चा किया. मंत्री ने शनिवार को प्रेस रिलीज जारी करते हुए कहा कि उन्होंने वेणुगोपाल को अपने विभागों की प्रगति कार्य रिपोर्ट और संगठन को मजबूत करने के लिए चल रहे प्रयासों की विस्तार से जानकारी दे दी है. वेणुगोपाल ने अंसारी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि मंत्री के समर्पण और ऊर्जा प्रेरणादायक है. संगठन को आप जैसे कर्मठ नेतृत्व की जरूरत है. इरफान अंसारी ने कहा कि वेणुगोपाल का मार्गदर्शन हमेशा प्रेरणादायी रहा है. वे पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ पार्टी और जनसेवा के कार्य करते रहेंगे. मौके पर मंत्री इरफान अंसारी के अलावे बरही के पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला भी मौजूद थे.

### माफिया के संरक्षण में फल-फूल रहे अवैध खनन का खूनी परिणाम: विजय शंकर नायक



**रांची ।** झारखंड के रामगढ़ जिले के कुजू ओपी क्षेत्र में सीसीएल करमा परियोजना के खुले खदान में शनिवार सुबह हुए दिल दहलाने वाले हादसे ने एक बार फिर हेमंत सरकार की नाकामी और भ्रष्टाचार को उजागर कर दिया है. आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केन्द्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने ये बातें कही हैं. उन्होंने कहा कि यह कोई सामान्य हादसा नहीं, बल्कि हेमंत सोरेन सरकार की लापरवाही और माफिया के संरक्षण में फल-फूल रहे अवैध खनन का खूनी परिणाम है. नायक ने घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसे सीधे तौर पर दलित, आदिवासी, पिछड़ा वर्ग के लोगों की हत्या करार देते हुए कहा कि यह हत्या उस भ्रष्ट व्यवस्था की है, जो दिन-रात अवैध कोयला खनन को संरक्षण दे रही है. सरकार की नाक के नीचे माफिया खुलेआम काला कारोबार चला रहे हैं, और पुलिस-प्रशासन मूकदर्शक बने हुए हैं. नायक ने हेमंत सोरेन सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि झारखंड की जनता अब इस अवैध खनन से हो रहीं मौतों को कदापि बर्दाश्त नहीं करेगी. हर दलित, आदिवासी, मूलवासी लोगो के मौतों का हिसाब सरकार से लिया जाएगा. यह सरकार गरीबों की लाशों पर सत्ता की रोटियां सेंकना बंद करे. आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच इस अन्याय के खिलाफ सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करेगा.

### रघुवर दास ने श्रावणी मेला पर रांची से भागलपुर के बीच की विशेष ट्रेन की मांग

**रांची।** श्रावण मास के आगमन के साथ ही झारखंड सहित पूरे देश में धार्मिक आस्था और श्रद्धा का वातावरण बनने लगा है. इसी क्रम में, पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने रांची रेल मंडल के माध्यम से रेल मंत्रालय को एक पत्र लिखा है. उन्होंने श्रावणी मेले के अवसर पर रांची से भागलपुर के बीच मूरी, बोकारो स्टील सिटी, धनबाद, किउल और सुलतानगंज होते हुए एक विशेष ट्रेन सेवा के संचालन का आग्रह किया है. उन्होंने यह अपील श्रावण मास के दौरान होने वाली कांवड़ यात्रा और बाबा बैद्यनाथ धाम की यात्रा को ध्यान में रखते हुए की. उन्होंने लिखा, हर साल हजारों श्रद्धालु रांची और उसके आसपास के क्षेत्रों से अजगैबीनाथ धाम (सुलतानगंज) से गंगाजल लेकर लगभग 105 किलोमीटर की पदयात्रा कर देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ धाम में जल अर्पण करने जाते हैं. वर्तमान में रांची-भागलपुर एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 18603) सप्ताह में केवल तीन दिन, मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को चलती है. रघुवर दास ने शेष चार दिनों, रविवार, सोमवार, बुधवार और शुक्रवार के लिए 11 जुलाई 2025 से 31 अगस्त 2025 तक विशेष ट्रेन संचालन की मांग की है, ताकि अधिक से अधिक श्रद्धालु आसानी और सुरक्षित तरीके से यात्रा कर सकें. रांची रेल मंडल से आशा की जा रही है कि वह इस प्रस्ताव पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करेगा और श्रावणी मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु सभी आवश्यक कदम उठाएगा.

### प्रदेश कांग्रेस ने विद्यालय में किया पौधरोपण



**रांची।** राष्ट्रीय पौधरोपण सप्ताह के तहत शनिवार को प्रदेश कांग्रेस समिति की ओर से राजकीयकृत मध्य विद्यालय, हातमा बस्ती में पौधारोपण किया गया. कार्यक्रम में कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव निरंजन पासवान, अरुण चावला, स्कूल के प्रधानाध्यापक संतोष मिश्र, डॉ जया कुमारी, सुष्मिता, स्वाति सिंह, नौमिता रुंडा, प्रियंका, अनुपा जायसवाल ने नीम, अमरुद, सीताफल और आम के पौधे लगाए. इस अवसर पर उपस्थित स्कूइल के बच्चों में टॉफियां भी वितरित की गई. पौधरोपण के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए प्राचार्य संतोष मिश्र ने उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं को अपने जीवनकाल में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करने की शपथ दिलायी. इस अवसर पर स्कूल के कई शिक्षक और छात्र-छात्रा सहित अन्य मौजूद थे.

### कांग्रेस प्रभारी 9 जुलाई से झारखंड दौरे पर

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस के झारखंड प्रभारी के. राजू अपने दो दिवसीय प्रवास पर 9 जुलाई को 11: 10 बजे देवघर हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे. प्रदेश कांग्रेस के महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बताया कि उसके उपरान्त सड़क मार्ग से गोड्डा के लिए प्रस्थान करेंगे जहां 2 बजे से झारखंड प्रदेश कांग्रेस द्वारा आयोजित गोड्डा, साहेबगंज और पाकुड़ जिले के प्रखंड अध्यक्ष, प्रखंड प्रबेक्षक, मंडल अध्यक्ष, के अलावा जिला अध्यक्ष और जिला पर्यवेक्षक और जिला प्रशिक्षकों के साथ होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होंगे. इस कार्यक्रम में झारखंड प्रभारी के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश कांग्रेस विधायक दल नेता प्रदीप यादव भी शामिल रहेंगे. कार्यक्रम के बाद शाम 6 बजे गोड्डा से गिरिडीह के लिए प्रस्थान करेंगे तथा रात्रि विश्राम गिरिडीह में करेंगे.

## झारखंड बी एड-एम एड का रिजल्ट 2024 जारी

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद (जेसीईसीईबी) ने बी एड, एम एड और बीपी एड पाठ्यक्रमों के लिए आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा का रिजल्ट शनिवार को जारी कर दिया है. परीक्षा में शामिल सभी अभ्यर्थी अब अपना परिणाम आधिकारिक वेबसाइट jceceb.jharkhand.gov.in पर जाकर देख सकते हैं.

**टॉपर्स की सूची**

- **बी एड परीक्षा 2024 टॉपर्स:**
प्रथम स्थान: अजित कुमार पंडित
द्वितीय स्थान: अंकिता अग्रवाल
तृतीय स्थान: रणधीर कुमार मेहता
- **बीपी एड परीक्षा 2024 टॉपर्स:**
प्रथम स्थान: अनिमेष रोनाल्ड कुजूर
द्वितीय स्थान: श्वेता कुमारी
तृतीय स्थान: विपिन बिहारी महतो
- **एम एड परीक्षा 2024 टॉपर्स:**
प्रथम स्थान: कोमल कुमारी सोनी
द्वितीय स्थान: सुचित्रा दास
तृतीय स्थान: ओम कुमार

**रिजल्ट डाउनलोड कैसे करें**

- यह परीक्षा 11 मई 2024 को आयोजित की गई थी.
- परिणाम अंतिम उत्तर कुंजी के आधार पर घोषित किया गया है.
- परीक्षार्थी अपने रोल नंबर और जन्मतिथि के माध्यम से रिजल्ट चेक कर सकते हैं.

**दस्तावेज अपलोड की आवश्यकता**

ऑनलाइन नामांकन के समय उम्मीदवारों को इन दस्तावेज़ों की आवश्यकता होगी:

- सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की मूल प्रति और स्वप्रमाणित फोटोकॉपी
- जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र (यदि लागू हो)
- पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ
- हस्ताक्षर (स्कैन कॉपी)

**काउंसलिंग शुल्क**

- जनरल /इडब्ल्यूएस / बीसी-1 / बीसी-2 वर्ग: 400 रुपए
- एससी / एसटी और सभी महिला अभ्यर्थी: 250 रुपए


**ऑनलाइन काउंसलिंग शेड्यूल**

| चरण | तिथि |
| --- | --- |
| पंजीकरण व विकल्प चयन | 7 जुलाई से 14 जुलाई 2025 |
| विकल्प संपादन | 15 से 16 जुलाई 2025 |
| सीट आवंटन (प्रोविजनल) | 19 जुलाई 2025 |
| दस्तावेज सत्यापन व नामांकन | 20 से 26 जुलाई 2025 |

## जगदीश साहू को बना दिया नगदीश साहू, यह चल क्या रहा है कांग्रेस में?

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड के प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में एक नेम प्लेट चर्चा का विषय बना हुआ है. यह नेम प्लेट है जगदीश साहू के नाम का, जिसे कुछ उचक्के टाइप के कांग्रेसी नेताओं ने नगदीश साहू बना दिया है. जगदीश साहू कांग्रेस के सीनियर लीडर हैं. पांच दशक से कांग्रेस के नेता हैं. हर रोज कांग्रेस मुख्यालय आते हैं. इस बार केशव महतो कमलेश की टीम में उन्हें प्रवक्ता का पद मिला है, लेकिन प्रेस में बहुत कम ही बयान देने का मौका मिल पाता है. ऐसे में उन्होंने दूसरे प्रवक्ताओं के साथ अपना भी नेम प्लेट बनवाकर प्रवक्ता कक्ष के बाहर लगाया, लेकिन किसी ने उनके नेम प्लेट को उखाड़ कर फेंक दिया. जगदीश साहू ने दोबारा नेम प्लेट लगवाया तो किसी ने उसे जगदीश से नगदीश कर दिया.



**पहली बार बोर्ड लगाया तो उखाड़ कर फेंक दिया :** पहली बार जब जगदीश साहू का नाम प्लेट किसी ने उखाड़ कर फेंक दिया तो उन्होंने रिएक्ट नहीं किया, जिसने भी पूछा उसे मजाक से कह दिया कि शायद हवा में बोर्ड उड़ कर कहीं चला गया. उन्होंने नेमप्लेट को फिर से ठीक से ठोक-पीट कर लगाया. लेकिन कुछ कांग्रेसियों को उनका नेम प्लेट प्रदेश कार्यालय में लगा पसंद नहीं आ रहा था, इसलिए उन्होंने इस बार पेंट लाकर जगदीश को नगदीश बना दिया. वहीं इस मामले पर जगदीश साहू का कहना है कि वह पुराने कार्यकर्ता हैं. जो भी उनके साथ इस तरह की हरकत कर रहा है वह बिल्कुल गलत है. जिस दिन पता चलेगा उसे जरूर सबक सिखाएंगे. जगदीश साहू ने पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश से पूरे मामले की शिकायत की है.

### बाहर से कांग्रेस में आए नेताओं की करतूत : आभा सिन्हा

कांग्रेस की प्रवक्ता आभा सिन्हा ने कहा की यह बिल्कुल गलत है. जगदीश साहू कांग्रेस के पुराने कार्यकर्ता हैं और उनके साथ इस तरह का व्यवहार निंदनीय है. उन्होंने यह भी कहा कि यह कांग्रेस का कल्चर नहीं है. कांग्रेस का कोई कार्यकर्ता ऐसा नहीं करेगा. दूसरी पार्टियों से जो लोग नए-नए कांग्रेस में आए हैं यह काम उन्हीं का होगा.

देवघर | श्रावणी मेला की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन और मंदिर प्रबंधन हुई सक्रिय

# पंडा समाज के साथ हुई अहम बैठक, लिये कई फैसले

**शुभम संदेश। रांची/देवघर**

आगामी श्रावणी मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन और मंदिर प्रबंधन लगातार समन्वय स्थापित कर रहे हैं. इसी कड़ी में उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने पंडा धर्म रक्षिणी सभा के वरिष्ठ सदस्यों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की. इस बैठक में मंदिर प्रांगण में सुलभ जलार्पण और श्रावणी मेला की व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा हुई.

**वीआईपी दर्शन पर रोक, अरघा सिस्टम से होगा जलाभिषेक:** बैठक में निर्णय लिया गया कि श्रावणी मेले के दौरान रविवार और सोमवार को वीआईपी दर्शन या शीघ्र दर्शनम कूपन के माध्यम से दर्शन की अनुमति नहीं होगी. उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने बताया कि सावन माह में अरघा सिस्टम के माध्यम से ही श्रद्धालुओं को जलाभिषेक कराया जाएगा. वहीं, भादो माह में स्पर्श दर्शन की अनुमति होगी या अरघा सिस्टम ही लागू रहेगा, इस पर बाद में विचार-विमर्श किया जाएगा. उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वीवीआईपी पूजा पर सावन के दौरान रोक रहेगी, जिसके लिए कैबिनेट को सूचित कर दिया गया है.

**क्यू कॉम्प्लेक्स से मंदिर तक की दूरी का होगा आकलन:** उपायुक्त ने बताया कि क्यू कॉम्प्लेक्स से मंदिर तक की दूरी और यात्रा समय का आकलन किया जाएगा. इसके आधार पर यह तय होगा कि अधिकतम श्रद्धालुओं को दर्शन का अवसर कैसे प्रदान किया जाए. उन्होंने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य श्रद्धालुओं को सुगम और सुरक्षित दर्शन सुनिश्चित करना है.

**11 जुलाई से शुरू होगा श्रावणी मेला**
बता दें कि 11 जुलाई से शुरू होने वाले श्रावणी मेले की तैयारियां अब अंतिम चरण में हैं. राज्य के पर्यटन मंत्री और सरकार ने 5 जुलाई तक सभी तैयारियां पूरी करने की अंतिम तिथि निर्धारित की थी. इस निर्देश के अनुपालन में जिला प्रशासन सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने में जुटा हुआ है.



### पंडों की मांग: अधिक श्रद्धालुओं को दर्शन की अनुमति मिले

मंदिर प्रांगण में आयोजित इस बैठक में पंडा धर्म रक्षिणी सभा के अध्यक्ष, सरदार पंडा, महामंत्री सहित पंडा समाज के कई बुद्धिजीवी शामिल हुए. पंडा समाज ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं को मंदिर में दर्शन की अनुमति देने की मांग की. ताकि एक ही दिन में लाइन में लगे श्रद्धालु जलाभिषेक कर सकें. इसके अलावा, सावन और भादो माह में शहर में आने वाली लाखों गाड़ियों के लिए उचित पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी चर्चा हुई.

## मुखिया ने बीडीओ पर गलत रिपोर्ट देने का आरोप है लगाया

**रांची :** पंचायती राज विभाग ने मुखिया नजमा बीबी द्वारा बीडीओ पर गलत रिपोर्ट देने के आरोपों की जांच का आदेश दिया है. मामला मुखिया पर योजनाओं में गड़बड़ी करने के आरोपों से संबंधित है. नजमा बीबी फुलजोरी पंचायत की मुखिया है. सरकार ने योजनाओं में गड़बड़ी से संबंधित आरोपों की जांच का आदेश दिया था. 14 सितंबर 2023 में जांच के लिए एक समिति का गठन हुआ. इसमें गिरिडीह के समाहर्ता, बीडीओ और एनआरइपी के सहायक अभियंता को शामिल किया गया. इस समिति ने मुखिया के खिलाफ अपनी रिपोर्ट दी. मुखिया ने पत्र लिख कर बीडीओ पर बगैर जांच किये गलत रिपोर्ट देने का आरोप लगाया. मुखिया द्वारा भेजे गये पत्र में कहा गया कि जांच दल कभी स्थल पर नहीं गयी. स्थल पर गये बिना ही टेबल रिपोर्टिंग कर सरकार को अपनी रिपोर्ट भेज दी.



रामायण से दूरी पर बोलीं दीपिका चिखलिया मैं मां सीता की छवि से नहीं खेल सकती हूं...


# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

धनबाद, रविवार 06 जुलाई 2025, आषाढ़ शुक्ल पक्ष एकादशी, संवत 2082




पेज 07

## ब्रीफ खबरें

नीरज सिंह हत्याकांड

### एडीजी-डीआईजी को गवाही के लिए बुलाने की प्रार्थना

**धनबाद।** पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह समेत चार लोगों की हत्या के मामले की सुनवाई शनिवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत में हुई. इस दौरान आरोपी, कुर्बान अली, चन्दन सिंह, बिनोद सिंह, सागर उर्फ शिबू सिंह, धनजी सिंह, संजय सिंह व डब्लू मिश्रा ने आवेदन देकर सीआईडी के तत्कालीन एडीजी अजय कुमार सिंह एवं कोयला क्षेत्र के तत्कालीन डीआईजी साकेत कुमार सिंह को गवाही के लिए बुलाने की प्रार्थना की.

### रामगढ़ में चाल धंसने से चार की मौत, कई दबे

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में शनिवार सुबह एक बार फिर अवैध कोयला खनन ने जानलेवा रूप ले लिया. कुजू ओपी क्षेत्र अंतर्गत सीसीएल कर्मा परियोजना के निकट महुआ टुंगरी इलाके में अवैध खनन के दौरान अचानक चाल धंसने से चार लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य के मलबे में दबे होने की आशंका है. हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल है, और ग्रामीणों का गुस्सा उबाल पर है. सुबह-सुबह मौत बनकर टूटी धरती घटना सुबह करीब 6 बजे की है, जब दर्जनों ग्रामीण कथित तौर पर अवैध रूप से कोयला निकालने के लिए खदान में उतरे थे.

### अभिनेत्री मालविका आज झरिया में

**झरिया।** मारवाड़ी युवा मंच, झरिया शाखा की ओर से आज दोपहर 2:30 बजे, झरिया-धनबाद गौशाला, बस्ताकोला में कन्या भ्रूण संरक्षण पर कार्यक्रम आयोजित किया गया है. मंच अध्यक्ष मनीष शर्मा व कार्यक्रम संयोजक आशा बजोरिया व गो सेवा अभियान के गौतम अग्रवाल ने बताया कि इस अवसर पर दक्षिण भारतीय फिल्म अभिनेत्री मालविका शर्मा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी. वे मंच द्वारा संचालित 'कन्या भ्रूण संरक्षण अभियान' की ब्रांड एम्बेसडर के रूप में अभियान के पोस्टर का लोकार्पण करेंगी.

### 24 घंटे तक शव के साथ धरने के बाद मिला नियोजन

**कतरास।** बीसीसीएल एरिया तीन के ब्लॉक 4 में कार्यरत द्वारिका चौहान मौत के बाद शव के साथ परिजनों को 24 घंटा धरना पर बैठने के बाद कंपनी ने उनके पुत्र को प्रोविजनल नियोजन दिया गया. शुक्रवार को कर्मी के मौत के बाद उनकी पत्नी लक्ष्मी देवी अपने परिजनों के साथ शव को लेकर परियोजना हाज़री घर पहुंची थी और शव को वहीं रखकर आश्रित पुत्र शिवा कुमार चौहान नियोजन की मांग करने लगी. घंटों शव के साथ धरना पर बैठने के बावजूद भी कंपनी अधिकारियों ने उसकी सुध नहीं ली. कंपनी अधिकारियों के बेरुखी से नाराज़ धनबाद कोलियरी कर्मचारी संघ के दर्जनों प्रतिनिधि भी परिजनों के समर्थन में धरना पर बैठ गए.

## डुमरी विधायक जयराम महतो की अनूठी पहल

चुनावी वादे को किया पूरा, सात जुलाई को होगा भव्य सम्मान समारोह

# 3 महीने के वेतन का 75 प्रतिशत छात्रों में वितरित

शुभम संदेश। धनबाद

धनबाद । डुमरी विधानसभा क्षेत्र से विधायक जयराम महतो ने अपने चुनावी वादे को साकार करते हुए एक अनूठी पहल शुरू की है. महतो ने पहले ही चुनाव प्रचार के दौरान घोषणा की थी कि वे अपने वेतन का 75% हिस्सा जनकल्याण के लिए दान करेंगे. इस वादे को पूरा करते हुए उन्होंने अपने अगले तीन महीने के वेतन का 75% टॉप 40 मेधावी छात्रों (मैट्रिक और इंटर के तीनों संकायों- आर्ट्स, साइंस और कॉमर्स) में वितरित करने का फैसला लिया है. इस पहल को "पढ़ेगा डुमरी, तभी तो आगे बढ़ेगा डुमरी" के नारे के साथ शुरू किया गया है, जो क्षेत्र में शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम है.



### 7 जुलाई को विनोद बिहारी महतो स्टेडियम में उड़ान प्रतिभा सम्मान समारोह

इसके अलावा 7 जुलाई को बोकारो के नावाडीह स्थित विनोद बिहारी महतो स्टेडियम में "उड़ान प्रतिभा सम्मान समारोह 2025" का भव्य आयोजन होगा. इस समारोह में मेधावी छात्रों को विशेष सम्मान दिया जाएगा. मैट्रिक और इंटर के तीनों संकायों (आर्ट्स, साइंस, कॉमर्स) से शीर्ष प्रदर्शन करने वाले 40 छात्रों के साथ-साथ डुमरी विधानसभा क्षेत्र की 70 पंचायतों से 70 अन्य मेधावी छात्रों को भी सम्मानित किया जाएगा. प्रत्येक छात्र को एक प्रतियोगिता पुस्तक, प्रमाण पत्र, मोमेंटो और मेडल प्रदान किया जाएगा, जो इस पहल की व्यापकता को दर्शाता है. वहीं मेट्रिक में क्षेत्र के टॉपर को एक लैपटॉप दिया जाएगा और इंटर के तीनों संकाय के टॉपर छात्रों को भी लैपटॉप दिया जाएगा. बाकी 38 छात्रों को एक एक टैब दिया जाएगा.

#### वादा पूरा किया : जयराम

जयराम महतो ने कहा कि चुनाव से पहले मैंने वादा किया था कि मेरा वेतन जनता के लिए होगा. शिक्षा ही वह आधार है जिस पर डुमरी का भविष्य टिका है. 7 जुलाई को होने वाला समारोह हमारे मेधावी छात्रों को सम्मान देने का अवसर होगा और मैं अपने वेतन का हिस्सा देकर इस संदेश को मजबूत करना चाहता हूं कि मेहनत और शिक्षा का सम्मान होना चाहिए.

#### पहल का विवरण

जयराम महतो ने इस योजना के तहत मैट्रिक और इंटर परीक्षा में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले 40 छात्रों को नकद पुरस्कार के रूप में वेतन का हिस्सा दिया है. विभिन्न संकायों में टॉप-10 छात्रों की सूची में स्नेहा (कॉमर्स-434), शुभांशु (साइंस-461) और स्वीटी (मैट्रिक-480) जैसे नाम शामिल हैं. अब 7 जुलाई के समारोह में यह संख्या 112 (42+70) तक बढ़ेगी, जो क्षेत्र के सभी मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित करने का प्रयास है.

#### चुनावी वादे को साकार करना

चुनाव प्रचार के दौरान महतो ने वादा किया था कि वे अपने वेतन का बड़ा हिस्सा समाज के लिए समर्पित करेंगे. इस पहल और आगामी सम्मान समारोह के साथ उन्होंने अपने शब्दों को सच्चाई में बदल दिया है, जो उनके समर्थकों के लिए गर्व का विषय है. जयराम के समर्थकों का मानना है कि यह कदम न केवल छात्रों के लिए प्रेरणादायक है, बल्कि जनप्रतिनिधियों के लिए भी एक उदाहरण स्थापित करता है.

### सदर अस्पताल समेत सीएचसी में एंटी रेबीज स्नेक वायल उपलब्ध

**धनबाद।** जिले के सदर अस्पताल सहित सभी सीएचसी में एंटी रेबीज वैक्सीन तथा एंटी स्नेक वायल उपलब्ध करा दिया गया है. इस संबंध में उपायुक्त आदित्य रंजन ने बताया कि जिले के लिए एंटी रेबीज वैक्सीन तथा एंटी स्नेक वायल उपलब्ध हो चुका है. दो दिन पहले ही एंटी स्नेक वायल हर सीएचसी में पहुंच चुका है. जबकि जिले के लिए 5000 एंटी रेबीज वैक्सीन प्राप्त हो गई है और उसे सभी सीएचसी में पहुंचाने की प्रक्रिया जारी है. उपायुक्त ने बताया कि धनबाद सदर अस्पताल के लिए 1000 एंटी रेबीज वैक्सीन तथा बाघमारा, बलियापुर, धनबाद सदर सीएचसी, गोविंदपुर, झरिया, निरसा, तोपचांची, टुंडी सीएचसी के लिए 500-500 एंटी रेबीज वैक्सीन उपलब्ध करा दिया गया है.

## सड़क हादसे से दहल उठा धनबाद

# बुझ गए दो घरों के चिराग

राजगंज सिक्स लेन में हुए हादसे में रेमंड शोरूम के मालिक के बेटे की मौत

मोटर पार्टस कारोबरी हरदयाल सिंह ने भी इकलौते पुत्र को खोया

दोनों एक ही कार में थे सवार, क्रेन की मदद से निकाले गए दोनों के शव

वारदात के बाद बैंकमोड़ इलाके में पसरा मातम, व्यापारी वर्ग में शोक

शुभम संदेश। राजगंज/कतरास

राजंगज में शनिवार की सुबह भीषण सड़क हादसे में दो घरों के चिराग बुझ गए. यह सड़क दुर्घटना राजगंज सिक्स लेन की है. इसमें धनबाद बैंक मोड़ श्रीराम प्लाजा स्थित रेमंड शो रूम के मालिक विशाल कृष्णाणी के 24 वर्षीय इकलौते बेटे साहिल कृष्णाणी और मटकुरिया रोड अवस्थित मोटर पार्ट्स की दुकान के मालिक हरदयाल सिंह के 25 वर्षीय इकलौते बेटे अनमोल की जान चली गई. हादसे की खबर पाते ही बैंकमोड़ में मातम पसर गया. धनबाद का व्यापारी वर्ग एक साथ दो मौतों की खबर पाकर हिल गया. खबर पाते ही एसएनएमएमसीएच में लोगों की भीड़ जुट गई. धनबाद विधायक राज सिन्हा समेत शुभचिंतकों की भारी भीड़ रही. दोनों के घरों में भी लोगों का जुटान हो गया. एक साथ दो घरों के चिराग बुझने का मातम दिनभर धनबाद में पसरा रहा.







#### गाड़ी में फंसे दोनों युवक को क्रेन से निकाला

प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो कोलकाता – दिल्ली सिक्स लेन पर बरवाअड्डा से राजगंज की ओर आ रही आई ट्वेन्टी कार जेएच10सी टी – 0014 अचानक अनियंत्रित हो गई थी. कार बीच सड़क पर करीब दो-ढाई फीट तक पलटती हुई डिवाइडर से जा टकराई. इस टक्कर के बाद कार एप्रोच रोड पर उल्टा जा गिरी. हादसे के दौरान साहिल और अनमोल कार के ही अंदर फंसे हुए थे.इस भीषण हादसे की सूचना पाकर राजगंज पुलिस की गश्ती बल के जमादार सीताराम प्रसाद और अन्य जवान मौके पर पहुंच गए. इसी बीच मूसलाधार बारिश भी होने लगी. बावजूद इसके पुलिस बल ने राहत कार्य शुरू किया. करीब आधा घंटा बाद एनएचएआई का क्रेन पहुंचा. रस्सी, रॉड गैयंता व बांस बल्ली के जरिए क्रेन की मदद से पहले गाड़ी को सीधा किया गया. फिर दरवाजा तोड़कर दोनों युवकों को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी. इसके बाद पुलिस ने दोनों युवकों के शव को एम्बुलेंस से धनबाद एसएनएमएमसीएच भेज दिया.

**बिखलते परिजनों और दोस्तों ने कर दी सबकी आंखें नम :** अपने कलेजे के टुकड़े की मौत की खबर पाकर अस्पताल पहुंचीं दोनों की माताएं बेसुध थीं, पिता स्तब्ध और टूटे हुए थे. इनके मित्र भी रोते हुए एक-दूसरे से लिपटते रहे. यहां पहुंचे सारे शुभचिंतकों की आंखें नम थीं. कई व्यवसायी, समाजसेवी, छात्र और राजनीतिक प्रतिनिधि अस्पताल पहुंचे लेकिन वहाँ अब सिर्फ शोक था, सन्नाटा था और आँखों में आंसुओं की बारिश हो रही थी.

**कोलकाता में दोनों थे पढ़ते :** साहिल कृष्णानी,रेमंड शोरूम के मालिक विशाल कृष्णानी का इकलौता पुत्र था. वहीं अनमोल सिंह, मोटर पार्ट्स व्यवसायी सरदार हरदयाल सिंह का बेटा था. दोनों ही युवक कोलकाता में पढ़ाई कर रहे थे. धनबाद लौटे तो परिवार में खुशियाँ थीं, दोस्त मिलने की तैयारी कर रहे थे, और माँ-बाप के चेहरे पर संतोष था कि उनके बच्चे आगे बढ़ रहे हैं. दोनों दोस्त अपने परिवारों की शान थे.

**बैंक मोड़ और जिला चैंबर ने जताया शोक :** बैंक मोड़ चैंबर के अध्यक्ष प्रमोद गोयल ने कहा कि बैंकमोड़ क्षेत्र के दो युवा व्यवसाई पुत्रों साहिल कृष्णानी एवं अनमोल के असामयिक निधन पर पूरा चैंबर मर्माहत है.इस घोर संकट की घड़ी में परमपिता से मृतक की आत्मा को शांति एवं परिवार को सहनशक्ति प्रदान करने की प्रार्थना करता है.दो युवा भविष्य का जाना पूरे समाज को झकझोरने वाली अपूरणीय क्षति है. श्री शक्ति मंदिर कमेटी के सदस्यों ने कहा कि हम शोकाकुल परिवार के साथ इस दुख की घड़ी में साथ खड़े है.

### सड़क हादसे में चार जख्मी, एक की हालत नाजुक

**बरवाअड्डा।** शनिवार की शाम बरवाअड्डा थाना अंतर्गत मेमको मोड़ के समीप आठ लेन रोड दो बाइक के टक्कर में बाइक में सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए. प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्लैमर संख्या जेएच10सीजेड- 7446 पर तीन युवक सवार थे और काफी तेज गति से गोल बिल्डिंग से मेमको मोड़ की ओर आ रहे थे. तेज रफ्तार के कारण बाइक चालक नियंत्रण को बैठे और सामने जा रहे बुलेट में जोरदार टक्कर मार दी और डिवाइडर से टकरा गए. घटना में ग्लैमर सवार शुभम दास, पीयूष कुमार यादव गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना के बाद बुलेट चालक बुलेट लेकर फरार हो गया. घटना के बाद ग्लैमर चालक बाइक छोड़कर मौके से बाहर निकला. सूचना पर बरवाअड्डा संध्या गशत दल और ह्यूमनिटी हेल्पिंग हैण्ड संस्था के केन्द्रीय अध्यक्ष गौतम मंडल मौके पर पहुंचे.

(शेष पेज – 11 पर)

# कुल्टी से शादी में आए युवक की हत्या

कालुबथान के खोखरापहाड़ी में मिली लाश

- मोबाइल और बाइक गायब, छानबीन में जुटी पुलिस



शुभम संदेश। कालुबथान

कालुबथान ओपी क्षेत्र के खोखरापहाड़ी जागृति उच्च विद्यालय के पीछे बनेरबांध के समीप पलास पेड़ के नीचे लगभग 28 वर्षीय एक शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई. खबर पाकर अगल-बगल गांव के लोगों की भीड़ जुट गई. सूचना पाकर कालुबथान ओपी प्रभारी नितेश कुमार मिश्रा दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे.शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी. शव के पास से ही एक काले रंग की टोपी, खून का निशान, शव के उपर दो अलग-अलग रंग का गमछा पड़ा था. एक लाल रंग का, दूसरा गेरूआ रंग का था. शव के सिर की तरफ एक पत्थर मिला है, अगल-बगल में मोटरसाइकिल के टायर का निशान है. बिखरे खून आदि को देखकर पुलिस मामले को हत्या मान रही है. इधर छानबीन के क्रम में पता चला कि मृतक का नाम सत्य गोपाल है और वह कुल्टी थाना क्षेत्र के रक्ता का रहने वाला है. खबर पाकर सत्य गोपाल के पिता राजू गोप, पुत्री सावित्री गोप, दामाद, भांजा समेत कर्ठ अन्य भी पहुंचे. सत्यगोपाल के पिता राजू गोप एवं भांजा समीर गोप का कहना है कि शुक्रवार की देर शाम कुल्टी थाना क्षेत्र के सालुकचापड़ा अपने चाचा के बेटे की शादी में शामिल होने आया था. चाचा के बेटे की शादी स्थानीय सुरेश गोप की पुत्री की शादी के साथ आंखद्वारा कृष्णाधाम मंदिर में हो रही थी. शादी के बाद मंदिर से सत्यगोपाल गोप एवं धीरू गोप एक साथ मोटरसाइकिल संख्या डब्लूबी38ए-डब्लू 7411में सवार होकर रक्ता जाने के लिए निकले थे. रात नौ बजे तक घर नहीं पहुंचने पर धीरु गोप से जानकारी लेने पहुंचे तो पता चला कि वह घर पर नहीं है. तब परिजनों ने अपने स्तर से काफ़ी खोजबीन की, लेकिन पता नहीं चल पाया. कालुबथान ओपी प्रभारी नीतेश कुमार मिश्रा की सूचना पर निरसा एसडीपीओ रजत मानिक बाखला,निरसा पुलिस निरीक्षक रविकांत प्रसाद घटनास्थल पर पहुंच कर जानकारी लेते हुए हर एक बिंदुओं पर जांच पड़ताल कर रहे हैं. जांच के लिए बोकारो से खोजी कुत्ता को भी बुलाया गया. एएसआई जलेश्वर मंडल, जितेन्द्र तांती खोजी कुत्ता को लेकर घटनास्थल पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू की. खोजी कुत्ते को टोपी आदी सुंघाया गया, कुत्ता लगभग तीन सौ मीटर चल कर एक हड़िया दुकान पर रुक गया. शव की जांच करने पर देखा कि दाहिने तरफ आंख के नीचे गहरे चोट का निशान हैं तथा जबड़ा व दांत टूटा हुआ है. पुलिस शव को कब्जे में लेकर पंचनामा तैयार किया और पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद भेज दिया. रीजनों का कहना है की सत्य गोपाल गोप का मोटरसाइकिल संख्या डब्लूबी38एडब्लू-7411 एवं मोबाइल नम्बर 8158046314 तथा कुछ शगून में मिले कुछ पैसे का भी पता नहीं चल पाया है. मृतक सत्य गोपाल गोप इकलौता बेटा था, उसकी पांच बहनों की शादी हो गई है. सत्य गोपाल गोप की पत्नी माला गोप, पांच वर्षीय पुत्र बिजय गोप दो वर्षीय रुमा गोप का रो रो कर बुरा हाल है. कालुबथान ओ पी प्रभारी नीतेश कुमार मिश्रा ने कहा कि हत्या का मामला प्रतीत हो रहा है. पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट होगा.

## मुहर्रम की नवमी को खिलाड़ियों ने दिखाए हैरतअंगेज करतब

# या हुसैन-या अली के नारों से गूंजा धनबाद

शुभम संदेश। झरिया

मुहर्रम की नवमी को लेकर शनिवार को मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में काफी चहल पहल देखी गई. शाम में इमामबाड़ों में फातिहा के बाद देर रात विभिन्न अखाड़ों ने जुलूस निकाला. तय और निर्धारित रूट पर निकले जुलूस के दौरान खिलाडिय़ों ने हैरत अंगेज खेल करतब दिखाए. पूरे जिले के हर मुस्लिम क्षेत्र में पुलिस की भारी तैनाती रही. अखाड़ा को लेकर हर क्षेत्र में शांति समिति, पुलिस जन सहयोग समिति और इंतेजामिया कमेटी के लोग भी सक्रिय देखे गए.

झरिया के होरलाडीह कर्बला को रंग-

#### कोयलांचल ने इमाम हुसैन की शहादत को किया याद



बिरंगी विद्युत लाईटों से सजा गया. झरिया और आसपास के काफी लोग होरलाडीह भी गए थे, वहां भी फातिहा पढ़ा गया. इधर शाम से ही विभिन्न इमामबाड़ों में फातिहा पढ़ी जा रही थी. रात में अखाड़ा के खिलाड़ियों ने हैरत अंगेज करतब का प्रदर्शन शुरू किया. इस दौरान या हसन या हुसैन और या अली का नारा बुलंद होता रहा. विभिन्न इमामबाड़ा में खेल का प्रदर्शन करते हुए खिलाड़ी अपने अपने उस्ताद के साथ निशान व ताजिया के साथ जुलूस की सकल में झरिया सिन्दरी मुख्य मार्ग पर पहुंचकर खेल का प्रदर्शन बारी बारी से किया. इस दौरान इंतजामिया कमेटी और शांति समिति की ओर से सभी अखाड़ा उस्तादों को माला व पगड़ी पहनाकर व तलवार भेटकर स्वागत किया गया. खिलाड़ियों एवं जमात के लिए पेयजल, शर्बत, प्राथमिक उपचार की व्यवस्था की गई थी. मिल्लत ए इन्तजामिया कमेटी और थाना मोड़ शांति समिति अखांडा के उस्तादों को तलवार व पगड़ी माला पहनाकर स्वागत किया जायेगा. झरिया थाना मोड़ में इंतजामिया कमेटी के मंच पर कमेटी मुख्तार खान, राजकुमार अग्रवाल, सुल्तान, भगत सिंह, मुख्तार खान रिजवीं, शैलेन्द्र सिंह, पार्थो प्रमाणिक, शकिल अहमद, फैज अहमद, शौकत, सुल्तान अहमद, करीम अंसारी, तरवेज खान, नदीम गद्दी, सिकंदर, इनामुल हक, मनौव्वर गद्दी, इमरान शेख, मोहसिन खान आदि लगे रहे. विधि व्यवस्था के मद्देनजर झरिया कतरास मोड़ से इंदिरा चौक की ओर जाने वाली वाहनों का रूट बदल दिया गया था.

# सदर अस्पताल में होंगे लिवर किडनी सहित 28 तरह के टेस्ट

शुभम संदेश। धनबाद

धनबाद। जिलावासियों को श्रेष्ठ स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध उपायुक्त आदित्य रंजन के प्रयास से अब धनबाद के सदर अस्पताल में लिवर प्रोफाइल, किडनी प्रोफाइल, लिपिड प्रोफाइल, पैंक्रियाटिक एंजाइम, सीरम कैल्शियम, एलडीएच तथा हेमेटोलॉजी के विभिन्न टेस्ट निःशुल्क कराने की सुविधा उपलब्ध है. इसकी जानकारी देते हुए उपायुक्त ने बताया कि सदर अस्पताल की लेबोरेट्री को आधुनिक रूप प्रदान कर वहां आने वाले मरीजों के लिए विभिन्न तरह के टेस्ट कराने की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध करा दी गई है. लिवर प्रोफाइल के तहत टोटल बिलीरुबिन, डायरेक्ट बिलीरुबिन, इनडायरेक्ट बिलीरुबिन, एसजीओटी, एसजीपीटी, एएलपी, टोटल प्रोटीन, एल्ब्यूमिन तथा ग्लोब्युलिन का टेस्ट उपलब्ध है. किडनी प्रोफाइल में क्रिएटिनिन, यूरिया, यूरिक एसिड, सोडियम, पोटेशियम व क्लोराइड, लिपिड प्रोफाइल के तहत कोलेस्ट्रॉल ट्राइग्लिसराइड, एचडीएल, एलडीएल, वीएलडीएल की सुविधा उपलब्ध है. इसके अलावा पैंक्रियाटिक एंजाइम के तहत एमाइलेज, लाइपेज, सीरम कैल्शियम, एलडीएच तथा हेमेटोलॉजी में सीबीसी, टीएलसी, डीएलसी व हेमेटोक्रिट टेस्ट की सुविधा उपलब्ध कराई गई है.

सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ संजीव कुमार प्रसाद ने बताया कि इससे पहले सदर अस्पताल में हीमोग्लोबिन, वायरल मार्कर, मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, ब्लड शुगर, थायराइड इत्यादि के टेस्ट की सुविधा थी. परंतु उपायुक्त के प्रयास से अब यहां उच्च गुणवत्ता के बायोकेमेस्ट्री सेमी ऑटोमेटिक एनालाइजर, इलेक्ट्रोलाइट एनालाइजर, एचडी बायो सेंसर, एलाइजा मशीन, कंपलीट ब्लड काउंट के दो मशीन उपलब्ध है. जिसमें यहां आने वाले मरीजों के लिए विभिन्न तरह के टेस्ट करने की सुविधा है.

शुभम संदेश
धनबाद, रविवार, 06 जुलाई 2025



# कोयलांचल में 90 वर्षों से लग रही आरएसएस की शाखा

## गुरु पूर्णिमा उत्सव 10 जुलाई को, तैयारी में जुटे स्वयंसेवक

- झरिया के आनंद भवन लगी थी पहली शाखा

सत्यदेव पांडेय



**धनबाद।** कोयलांचल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पहली शाखा वर्ष 1936 में झरिया स्थित आनंद भवन परिसर में प्रारंभ हुई थी. तब से गुरु पूर्णिमा उत्सव बिना किसी विराम के प्रतिवर्ष मनाया जाता रहा है. संघ के छह प्रमुख उत्सवों में से एक गुरु पूर्णिमा, स्वयंसेवकों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर होता है, जिसे वे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाते हैं. इस वर्ष आषाढ़ पूर्णिमा की तिथि 10 जुलाई है. संघ के शताब्दी वर्ष के चलते इस बार का उत्सव विशेष महत्व रखता है. इसे भव्य रूप देने और अधिकाधिक स्वयंसेवकों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए तैयारियां जोरों पर हैं. स्वयंसेवक एवं वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश जोशी ने बताया कि झरिया की यह शाखा आज के झारखंड राज्य की पहली शाखा थी. इसके मुख्य शिक्षक स्व मदनलाल अग्रवाल के साथ बाबूलाल शर्मा, विशंभर भाटिया, यज्ञदत्त शर्मा, अर्जुन सांवरिया, रामजी अग्रवाल, प्रभास अग्रवाल, बृजमोहन केजरीवाल जैसे स्वयंसेवकों की टोली कार्यरत थी. धीरे-धीरे शाखाओं का विस्तार हुआ और धनबाद सहित आसपास के क्षेत्रों में सैकड़ों शाखाएं स्थापित हुईं. आचार्य बलदेव पांडे, डॉ. देवकीनंदन पांडे, सुखलाल वैद्य, हरीश जायसवाल जैसे वरिष्ठ स्वयंसेवक आज भी उस प्रारंभिक दौर को स्मरण कर भावुक हो उठते हैं. वर्तमान में झरिया नगर संघ चालक डॉ. देवकीनंदन पांडे, कार्यवाह दयानंद शर्मा, तथा सह कार्यवाह अखिल देव, डॉ. नीरज पांडेय अपनी भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं. संघ का मानना है कि स्वयंसेवक बनना एक सतत प्रक्रिया है. इसलिए इस बार पुराने स्वयंसेवकों को भी जोड़ने की विशेष योजना बनाई गई है. जिन लोगों ने किसी समय शाखा में भाग लिया था और किसी कारणवश आना बंद कर दिया, उन्हें गुरु पूजन के लिए आमंत्रित किया जा रहा है. गुरु पूर्णिमा के दिन स्वयंसेवक भगवा ध्वज की पूजा करते हैं और अपनी सामर्थ्य एवं श्रद्धानुसार राशि समर्पित करते हैं. संघ का साल भर का आर्थिक व्यय, प्रचारकों के प्रवास से लेकर कार्यालय एवं बैठकों के खर्च तक, इसी सहयोग राशि से संचालित होता है. इस बार गुरु पूर्णिमा के दिन अधिक से अधिक स्वयंसेवकों से पूजन कराए जाने की योजना है. प्रयास किया जा रहा है कि हर स्वयंसेवक अपने स्थानीय शाखा में जाकर पूजन एवं योगदान दे.

### विहिप बजरंग दल का अभ्यास वर्ग शुरू

**कतरास।** विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल का दो दिवसीय जिला अभ्यास वर्ग शनिवार को कतरास बाजार डॉक्टर पाड़ा स्थित श्री वेंकट हॉल में आयोजित किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन प्रांत संगठन मंत्री वीरेंद्र साहू, क्षेत्रीय प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, कमलेश सिंह, आचार्य बलदेव पांडेय, विपिन मंडल, अशोक चौरसिया, विकास बजरंगी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. अभ्यास वर्ग को संबोधित करते हुए विश्व हिंदू परिषद झारखंड बिहार प्रान्त के संगठन मंत्री डॉ वीरेंद्र साहू ने कहा कि कार्यकर्ता किसी भी संगठन का रीढ़ होते हैं. प्रत्येक कार्यकर्ता की दक्षता बढ़ाने के लिए विश्व हिंदू परिषद वार्षिक जिला अभ्यास वर्ग के माध्यम से कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करते हैं. मौके पर जिला मंत्री सुनील कुमार, विक्की सिंह, तपस दे, रंजीत रवानी, उमाकांत तिवारी, उत्तम रवानी, राम शर्मा, अमित लहरी, रामकुमार प्रमाणिक, रवि कुमार दास, शंकर जायसवाल आदि के अलावे दर्जनों विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता मौजूद थे.

### दामोदर नदी में कूदे युवक का नहीं मिला शव

**झरिया।** सुदामडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहलबनी बिरसा पुल के उस पार सीतानाला के अमलाबाद घाट पर शुक्रवार शाम एक युवक के दामोदर नदी में कूदने की घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई. जानकारी के अनुसार, मोहल बस्ती निवासी नेबो बनर्जी के इकलौते पुत्र विशाल बनर्जी (35 वर्ष) ने मोबाइल पर किसी से बात करते हुए बाइक खड़ी की और पुल से नदी में छलांग लगा दी. घटना के बाद सुदामडीह और अमलाबाद पुलिस के सहयोग से स्थानीय गोताखोरों ने ट्यूब के सहारे नदी में काफी दूर तक तलाश की, लेकिन शनिवार देर शाम तक शव का कोई सुराग नहीं मिल पाया. गौरतलब है कि इन दिनों दामोदर नदी में बाढ़ जैसी स्थिति बनी हुई है, जिससे धारा तेज है. हालांकि शनिवार को जल स्तर में थोड़ी गिरावट दर्ज की गई. सुदामडीह थाना प्रभारी राहुल कुमार सिंह ने बताया कि इस घटना की जानकारी झरिया अंचलाधिकारी के माध्यम से आपदा प्रबंधन विभाग व एनडीआरएफ को दी गई है और रविवार सुबह तक एनडीआरएफ के पहुंचने की संभावना है.

## ब्रीफ खबरें

### अधिवक्ता मोतीलाल का निधन

**निरसा बाजार।** निरसा थाना अन्तर्गत गुरदास नगर निवासी मोतीलाल भाटिया 62 वर्षीय अखिल भारतीय भुइया समाज कल्याण समिति के धनबाद जिला उपाध्यक्ष सह भुईयां समाज के जाने-माने प्रबुद्ध एवं समाजसेवीअधिवक्ता मोतीलाल भाटिया का निधन शुक्रवार की देर रात हृदय गति रुक जाने के कारण हो गया. सूचना पाकर धनबाद जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम गोस्वामी उनके आवास पहुंचे. अखिल भारतीय भुइयां समाज समिति के धनबाद जिला महामंत्री इंद्रदेव भुईयां, लखन भुईयां, सुबोध कुमार भारती जिला परिषद सदस्य बाघमारा आनंद भारती कांग्रेस नेता सह पंचायत समिति सदस्यअर्जुन भुईयां मदन दास यदु भुईयां छत्रवली भुईयां कन्हाई भुईयां, गणेश भुईयां, अभिषेक कुमार लक्ष्मी कुमारी आशा देवी राजेंद्र प्रसाद आदि लोग भी पहुंचे और दुखी परिवार को सांत्वना दिया.

### पानी-बिजली बहाल रखने की मांग

**झरिया।** सेल जीतपुर कोलियरी के बंद होने के बाद अंतर्गत वार्ड संख्या 38 के पूर्व पार्षद जय कुमार ने महाप्रबंधक मनीष भेंट कर मांग रखी है कि क्षेत्र में 400 असंगठित मजदूर एवं लगभग 4 हजार की आबादी निवास करती है. कोलियरी बंद होने के बाद क्षेत्र के लोग परेशान हैं, कि कहीं पानी-बिजली की समस्या नहीं उत्पन्न हो जाये. क्षेत्र की जनता ने पूर्व पार्षद से भेंट कर लड़ाई लड़ने का आह्वान किया है. इस पर पार्षद ने महाप्रबंधक से मांग किया है कि बिजली बहाल की जाये और पिट वाटर सप्लाई के लिए समरसेबुल पम्प के माध्यम से पानी की सप्लाई की जाये. वही महाप्रबंधक मनीष कुमार ने आश्वासन दिया है की पूर्व की भांति क्षेत्र में पानी-बिजली बहाल रहेगा.

### मछुआरों के बीच मछली जीरा का वितरण

**मैथन।** डीवीसी मैथन द्वारा मत्स्य जीरा वितरण का शुभारंभ डीफिश फार्म में किया गया. जिसमें डीवीसी के अधिकारियों ने क्षेत्र के कई मछुआरों को मछली का जीरा बांटा. जानकारी देते हुए डीवीसी के अधिकारियों ने बताया कि हर साल की तरह मैथन डीवीसी सामाजिक दायित्वीय द्वारा इस साल भी जुलाई से सितंबर माह तक मछली जीरा बांटने का कार्य शुरू किया गया है. क्योंकि, इस दौरान बरसात का समय रहता है, जीरा जल्द से जल्द बड़े हो जाते हैं. इसलिए आसपास के मछुआरों को डीवीसी द्वारा मछली पालन के लिए जीरा दिया जाता है. इस दौरान एक मछुआरे को 35000 करके मछली जीरा दिया जा रहा है.

### मुगमा एरिया आफिस में सभा

**निरसा बाजार।** साइडिंग और मुगमा एरिया आफिस में शनिवार को संयुक्त मोर्चा की सभा हुई. सभा को संबोधित करते हुए मुगमा क्षेत्र के सभी वक्ताओं ने एक स्वर में चार लेबर कोड के खिलाफ 09 जुलाई को देश के सभी 10 केंद्रीय श्रम संगठन के आह्वान पर एक दिवसीय हड़ताल को सफल करने के लिए अपील किया. साइडिंग और मुगमा एरिया आफिस के मजदूर भी हड़ताल में सहभागिता कर सफल बनाने में सहयोग करेंगे. मौके पर कार्तिक दत्ता, गणेश धर, कृष्णा सिंह, जगदीश शर्मा, शशि भूषण तिवारी, राज कुमार पांडेय शशि नाथ तिवारी, हरेंद्र मिश्रा, रामजी यादव, दीपक सिंह कुमार, अजय कुमार, सत्येंद्र कुमार, रंजीत मोदी, बिमल कुमार, राजेश सिन्हा, समीर मारांडी और अन्य थे.

# बरोरा में एक ही रात ताला तोड़कर दो घरों में लाखों की चोरी

**खास बातें**

- चार लाख के जेवरात समेत नगदी ले गए चोर
- एक साथ दो वारदातों से लोग हुए परेशान

शुभम संदेश। कतरास/बरोरा



शुक्रवार की देर रात अपराधियों ने बरोरा थाना अंतर्गत खोनाठी गांव में दो आवासों का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है. इस दौरान अपराधियों के हाथ नगदी समेत करीब चार लाख रुपए का ज्वेलरी लगी है. वारदात की शिकायत के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई है. मामले को लेकर बताया जा रहा है कि स्थानीय मोहन महतो के घर से 20 हजार नगद, 2 लाख का आभूषण एवं मनोज महतो के घर से 30 हजार नगद एवं लगभग दो लाख का आभूषण चोर ले गए. मोहन महतो अपने घर में ताला लगाकर हरिणा स्थित घर चले आये थे जबकि मनोज महतो अपना पक्का का घर बन्द कर बगल के घर में थे. चोरों ने मौका पाकर दोनों घरों में हाथ साफ कर दिया.घटना की सूचना पाकर बरोरा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची तथा मामले की तहकीकात शुरू कर दी है. इधर एक ही रात दो आवासों में हुई चोरी की घटना से इलाके के लोग डरे सहमे हैं. स्थानीय लोगों ने इलाके में गश्ती बढ़ाने की मांग की है. साथ ही इलाके में संदिग्ध चेहरों से पूछताछ करने की बात पुलिस से कही. लोगों का कहना है कि कुछ दिनों से इलाके शाम के बाद कई संदिग्ध चेहरे देखे जा रहे हैं.

### रेलवे स्टेडियम से मसाजर बेड चोरी में एक धराया



**धनबाद।** धनबाद रेलवे स्टेडियम से दो मसाजर बेड की चोरी की घटना का खुलासा करते हुए रेलवे पुलिस ने एक 19 वर्षीय युवक निवास कुमार को गिरफ्तार किया है. डिविजनल स्पोर्ट्स सेक्रेटरी मुनेश्वर सिंह की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए प्रभारी निरीक्षक के निर्देश पर विशेष गश्ती दल ने छापेमारी की. मुखबिर की सूचना के आधार पर धनबाद रेलवे कॉलोनी के पत्थरकोठी क्वार्टर के पीछे परित्यक्त क्वार्टर में छापेमारी हुई. जहां से निवास कुमार निवासी छोटा अम्बोना के कब्जे से चोरी किए गए दोनों मसाजर बेड बरामद किए गए. पूछताछ में निवास ने बताया कि वह पिछले 9-10 वर्षों से स्टेडियम में इम्तियाज हुसैन के क्रिकेट कैंप में कोचिंग लेता था और इस दौरान उसने स्टेडियम के कमरों का मुआयना किया. मौका देखकर उसने सुबह के समय, जब स्टेडियम खाली था, मसाजर बेड चुरा लिए. इधर उपनिरीक्षक आभाष चन्द्र सिंह ने दोनों मसाजर बेड जब्त किए और अभियुक्त को गिरफ्तार किया है.

## आधा दर्जन अनुकंपा कर्मियों को नियोजन पत्र



शुभम संदेश। झरिया

पिछले डेढ़ वर्षों से डेथ केश में नियोजन लेने को बीसीसीएल कार्यालयों के चक्कर लगा रहे आधा दर्जन आश्रित पुत्रों को लोदना जीएम एसके सिन्हा ने शनिवार को कागजी प्रक्रिया पूरा कर नियोजन पत्र दिया. मालूम हो कि पिछले डेढ़ से दो वर्ष पूर्व शिवप्रसाद कानू, लखन मल्लाह, बाबूलाल टुडू, भुटका भुइयां, मदन बाउरी, महादेव माली आदि कर्मियों की मौत हो जाने के बाद इनके आश्रित को नियोजन देने संबंधी फाइलें कोलियरी कार्यालय से मुख्यालय तक चक्कर लगा रही थी. भिन्न-भिन्न कारण बताकर बाबुओं द्वारा आश्रितों को दौड़ाया जा रहा था. मामला संज्ञान में जाने के बाद जीएम सिन्हा ने पिछले माह कार्मिक अधिकारियों को अनुकंपा की सभी संचिकाएं को दुरुस्त कर तत्काल नियोजन देने का निर्देश दिया था. कार्मिक अधिकारियों ने एक माह के अंदर नियोजन संबंधी सभी कागजी प्रक्रिया को पूरा कर शनिवार को लोदना क्षेत्रीय कार्यालय में जीएम सिन्हा ने अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में मृतक कर्मियों के आश्रितों कैलाश कुमार गुप्ता, रौशन निषाद, लक्खी कुमारी मुर्मू, जगदीश भुइयां, गौतम कु बाउरी, कन्हैयालाल पटेल को अनुकंपा के आधार पर नियोजन पत्र दिया. अनुकंपा पर नियोजन पाए सभी लोगों को लोदना क्षेत्र में ही नियुक्ति की गई है. मौके पर भूसम्पदा पदाधिकारी परवेज आलम, क्षेत्रीय जीएम विद्युत एसके मालवीय, कार्मिक अधिकारी सौरभ कु सिंह, प्रबंधक अभिजीत कुमार, रौशन कु शर्मा, इंद्रजीत सोरेन आदि उपस्थित थे.

## महुदा में दामोदरम हॉस्पिटल का उद्घाटन

### क्षेत्र में बेहतर अस्पताल खुलना गौरव की बात : सांसद ढुलू


शुभम संदेश। महुदा



महुदा क्षेत्र के भुरूंगिया बस्ती स्थित फोरलेन सड़क के समीप पूर्ण वातानुकूलित दामोदरम हॉस्पिटल का शुभारंभ शनिवार को एक समारोह आयोजित कर किया गया. मुख्य अतिथी सांसद ढुलू महतो, जिप सदस्य आशा देवी मुखिया पिंकी देवी द्वारा दीप प्रज्वलित कर व फीता काटकर उदघाटन किया. सांसद ढुलू महतो ने कहा इस क्षेत्र में इतना बेहतर अस्पताल खुलना बहुत गौरव की बात है. फोरलेन सड़क किनारे होने से लोगों को काफी सहूलियत होगी. इस क्षेत्र के लोगों को अब रांची, बंगाल जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी.आगे कहा ऐसे भी लोग है जो शिक्षा को व्यवसाय बनाकर पैसा कमा रहे हैं. यहां ग्रामीणों के सुविधा के लिए बीसीसीएल, राज्य सरकार, केंद्र सरकार से सहयोग लेने की आवश्यक्ता होगी तो हम उसमें भरपूर सहयोग करेंगे. यहां बाघमारा विधायक की ओर से एंबुलेंस उपलब्ध कराया जायेगा ताकि ग्रामीणों को ले आने-जाने में काफी सुविधा होगी.अस्पताल संचालक व चेयरमैन प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि दामोदरम हॉस्पिटल में लोगों को इलाज के लिए 24 घंटे सेवा देगी. उचित शुल्क में एक्स रे, न्यूरोसर्जरी, यूरोलॉजिस्ट, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, जनरल सर्जरी विभाग, जनरल मेडिसन विभाग एवं अन्य सुविधाएं दी जायेगी. साथ ही चिकित्सकों द्वारा मरीजों के लिए ओपीडी का भी व्यवस्था होगी. समारोह का अध्यक्षता करण सिंह व संचालन मुकेश नायक उर्फ शिवा ने की.मौके पर डायरेक्टर डा.धनंजय रजक, कबीता देशमुख, भाजपा जिला महामंत्री धनेश्वर महतो, अजय कुमार सिंह, राजपूत समाज के अध्यक्ष जन्मजय सिंह, सुरेंद्र नाथ सिंह, शंकर रवानी, सिरिश सिंह, रघुनाथ सिंह, जितन रवानी, बिरजु रवानी, शमीम शेख, कैलाश रवानी, मुखिया सुर्यकांत महतो, संपद घोषाल, आदर कुमार मिश्रा, बॉबी महतो, परमेश्वर रवानी, सुषमा देवी, भुवनेश्वरी देवी, लक्ष्मी देवी, कपील राय, नरेश सिंध, रवि सिंह सहित अन्य मौजूद थे.

# सिंहडीह मंदिर में वज्रपात से ग्रामीण आहत जीर्णोद्धार व नयी प्रतिमा स्थापना पर मंथन

शुभम संदेश। गोमो





हरिहरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पावापुर ग्राम पंचायत के सिंहडीह गांव स्थित हरि मंदिर में बीते गुरुवार को वज्रपात की घटना से पूरे गांव में शोक और आशंका का माहौल व्याप्त है. धार्मिक दृष्टिकोण से इस घटना को अशुभ माना जा रहा है. शुक्रवार को ग्रामीणों की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें मंदिर के संस्थापक बैजनाथ ठाकुर, अध्यक्ष जय नारायण महतो, उपाध्यक्ष मनोज अग्रवाल, सचिव दुर्गा प्रसाद महतो, समिति सदस्य महेन्द्र महतो, एवं आचार्य शंकर पांडेय सहित दर्जनों स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे. आचार्य शंकर पांडेय से विधिवत परामर्श लिया गया. साथ ही काको मठ के आचार्य से भी भेंट कर सुझाव प्राप्त किए गए. दोनों आचार्यों ने मंदिर का जीर्णोद्धार कर विधि-विधानपूर्वक महा प्रभु हरि से क्षमा याचना कर राधा-कृष्ण की नई प्रतिमाएं स्थापित करने की सलाह दी. मंदिर समिति के अध्यक्ष जय नारायण महतो ने बताया कि इस घटना से पूरा गांव बेहद आहत है. घटना के समय मंदिर प्रांगण में गांव के छह लोग उपस्थित थे, जिन्हें महा प्रभु हरि की कृपा से कोई हानि नहीं हुई. भयंकर गर्जना के साथ हुए वज्रपात से मंदिर की गुम्बद से लेकर गर्भगृह तक की दीवारें फट गईं, और बिजली की धार सीधे जमीन में समा गई. इसके बावजूद वहां उपस्थित किसी व्यक्ति को खरोंच तक नहीं आई, जिसे ग्रामीण एक चमत्कार मान रहे हैं.
निर्णय लिया गया कि खंडित प्रतिमा को पवित्र गंगा जी में विधिपूर्वक विसर्जित किया जाएगा. नई प्रतिमा की प्रतिष्ठा कर मंदिर का जीर्णोद्धार किया जाएगा.

### बीडीओ की बीएलओ और पर्यवेक्षक के साथ बैठक

**कुमारधुबी।** पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत एग्यारकुण्ड प्रखंड कार्यालय के सभागार में शनिवार को बीडीओ मधु कुमारी ने मतदान केंद्रों के युक्तिकरण को लेकर बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षक के साथ बैठक की. बैठक में आगामी निर्वाचन को सुचारू, सुगम व निष्पक्ष बनाने के लिए मतदान केंद्रों के युक्तिकरण पर विस्तार से चर्चा की गई. बीडीओ ने कहा कि हर मतदान केंद्र में 1200 से अधिक मतदाता न हो यह सुनिश्चित किया जाय. आवश्यकतानुसार नए मतदान केंद्र प्रस्तावित किए जायेंगे. यह भी सुनिश्चित किया जायेगा कि किसी भी मतदाता को दो किमी से अधिक दूरी या प्राकृतिक बाधा पार कर मतदान केंद्र तक नहीं जाना पड़े. बैठक में शिक्षक प्रमोद कुमार झा, अमित तिवारी, छत्रपति शाही किस्कू, अनिल महतो, अशोक महतो, पूनम महतो, प्रियांशु हांसदा, ममता झा, रिंकू देवी, तुलसी देवी, अमित गोप, अमित मोदी, अबोध मंडल आदि थे.

## न्यूज अपडेट

### भाजपा सरकार देश के लोकतंत्र-संविधान को कमजोर कर रही है : माले

**निरसा।** 9 जुलाई के राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल की अंतिम तैयारी को लेकर संयुक्त मोर्चा की ओर से 5 जुलाई को माले कार्यालय निरसा में बैठक सम्पन्न हुई. अध्यक्षता माले नेता नागेन्द्र कुमार व संचालन टूटून मुखर्जी ने किया. वक्ताओं ने कहा कि 9 जुलाई को आम हड़ताल महत्वपूर्ण लड़ाई है क्योंकि केंद्र के भाजपा सरकार ने देश के लोकतंत्र-संविधान को कमजोर कर रही है. किसान-मजदूर व मेहनतकश विरोधी सरकार ने संविधान में मिले अधिकारों को समाप्त कर रही है और देश में मनुवादी व्यवस्था कायम करना चाहती है. आह्वान किया गया कि-7 जुलाई को गाड़ी से प्रचार व नूडल सभा 8 जुलाई को मशाल जुलूस एवं 9 जुलाई को 10 से 12 बजे तक 2 घंटे का सड़क जाम किया जायेगा. मौके पर सीपीएम के जिला सचिव संतोष घोष, केके त्रिपाठी कांग्रेस नेता शशिभूषण तिवारी माले नेता हरेंद्र सिंह, मनोरंजन मलिक, श्रीकांत सिंह, सपन गोराई, रोबिन ढिबर, राजू लोहार, उत्तम दास, विकास रवानी, राजेश राय, राजेश कुंभकार, पिन्टू बाउरी, मरीनल कांति सिंह, गौतम कुमार, प्रदीप दास, निरंजन गोराई, मनोज कुंभकार, मन्नू सिंह, भोलानाथ गोराई, सविर बास्की, विश्वनाथ रविदास, धनंजय राय, शेख एकराम, नूर मोहम्मद अंसारी, एस के नियामत, जगदीश रवानी, दीपक कुमार, दिनेश रवानी, मोहम्मद रजाउदीन, मोहम्मद कादिर अंसारी, रहमत आलम, नामिता महतो आदि उपस्थित थे.

### ब्लास्टिंग के बाद दामोदा कोलियरी में ओवरमैन पर हमला



**महुदा।** बीसीसीएल बरोरा क्षेत्र की दामोदा उत्खनन परियोजना में शनिवार को ब्लास्टिंग के बाद ओवरमैन सुरजबली साव पर स्थानीय ग्रामीणों द्वारा हमला कर दिया गया. गंभीर रूप से घायल ओवरमैन को कोयलाकर्मियों की मदद से डुमरा रीजनल अस्पताल ले जाया गया, जहां से चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए सेंट्रल अस्पताल, सरायढेला (धनबाद) रेफर कर दिया. घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, दोपहर 2:05 बजे डीजीएमएस के आदेशानुसार दामोदा कोलियरी में कोयला और ओवरबर्डन की ईडी ब्लास्टिंग की गई. ब्लास्टिंग के दौरान जोरदार आवाज और कंपन से उत्तरी दामोदा भुइयां धौड़ा के ग्रामीण आक्रोशित हो उठे. बड़ी संख्या में महिला-पुरुष हंगामा करते हुए उत्खनन परियोजना परिसर पहुंचे. इसी दौरान ओवरमैन सुरजबली साव, उत्खनन परियोजना से पैदल कोलियरी कार्यालय लौट रहे थे. तभी ग्रामीण उपेंद्र भुइयां और मोहन भुइयां समेत अन्य ने उन पर लाठी-डंडों और लात-घूंसों से हमला कर दिया, जिससे वे बुरी तरह घायल हो गए. कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी पीएसके सिन्हा ने बताया कि डीजीएमएस के निर्देश पर विधिवत ब्लास्टिंग की गई थी. घटना की सूचना बोकारो-झरिया ओपी पुलिस को दे दी गई है. घायल कर्मी को उचित चिकित्सा के लिए भेजा गया है. घटना के बाद कोलियरी में तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है, जबकि पुलिस प्रशासन द्वारा मामले की तलाशी और जांच शुरू कर दी गई है.

### देशव्यापी हड़ताल को लेकर बीसीकेयू की नुक्कड़ सभा



**कतरास।** देशव्यापी हड़ताल को सफल बनाने को लेकर बिहार कोलियरी कामगार यूनियन कतरास क्षेत्रीय कमेटी द्वारा बीसीसीएल एरिया चार के एकेडब्लूएसी हाजरी घर के समीप शनिवार को नुक्कड़ सभा आयोजित की गई. कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष कार्तिक महतो ने किया.सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले पोलित ब्यूरो सदस्य व बीसीकेयू केंद्रीय उपाध्यक्ष हलधर महतो ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार संविधान विरोधी लोकतंत्र विरोधी मजदूर किसान विरोधी श्रम कानून लाकर मजदूर को गुलामी की ले जाने का प्रयास कर रही है और सार्वजनिक उद्योग, कंपनियों को निजी कंपनियों के हवाले कर रहा है. अदानी और अंबानी पूंजीपतियों के हाथ सरकारी संपत्ति बेचने के विरोध में राष्ट्रीय व्यापी हड़ताल 9 जुलाई को होने जा रहा है, जिसमें सभी मजदूरों को सफल बनाना है. सभा में कतरास क्षेत्रीय सचिव कुमार महतो, ठाकुर महतो, रॉबिन महतो, दिलीप महतो लव कुमार रवानी, सुभाष राजभर धनंजय महतो, सृष्टि धर्म महतो, उमेश सिंह, अर्जुन महतो, भीम महतो अर्जुन महतो चेतू साव सहित अन्य उपस्थित थे.

### निरसा के गोपीनाथपुर का स्वच्छता सर्वेक्षण



**निरसा बाजार।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत शनिवार को निरसा प्रखंड के गोपीनाथपुर पंचायत का केंद्रीय टीम ने स्वच्छता सर्वेक्षण किया. इस दौरान टीम ने गांव की साफ-सफाई व स्वच्छता की जांच की. स्वच्छता सर्वेक्षण के आधार पर राष्ट्रीय स्तर पर गांव की स्वच्छता रैंकिंग जारी की जाएगी. सर्वेक्षण टीम ने गांव के 16 घरों, स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक भवन और सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छता की स्थिति का आकलन किया. इस दौरान टीम के सदस्यों ने खुले में शौच से मुक्त स्थिति, ठोस और तरल कचरा प्रबंधन और शौचालयों की उपलब्धता और उपयोग जैसे पहलुओं का मूल्यांकन किया. टीम के सदस्यों ने बताया कि पंचायत के पांच आदिवासी, 16 पिछड़ा वर्ग के घरों की स्वच्छता की जांच की गई. साथ ही गांव के गली, नाली मंदिर, हाट के आसपास की स्थिति का अवलोकन किया गया. मौके पर टीम में तरुण दास, रोहित दास, विकाश रविदास के अलावे मुखिया बंदना बाउरी, जेई सुमित सिंह, एनतेशाब तेशकिन, ब्लाक पदाधिकारी रेणु कुमारी, पंचायत सचिव रीमा मंडल, रामदेव पासावन, रोजगार सेवक, सहिया, आंगनबाड़ी सेविका मौजूद थीं.

### सरस्वती विद्या मंदिर में मां भारती की आरती



**चिरकुंडा।** अग्रसेन सरस्वती विद्या मंदिर चिरकुंडा में स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि के अवसर पर युवाओं ने भारत माता का भव्य पूजन व आरती की. मौके पर मुख्य रूप से राजेश कुमार मिश्रा व नीलय गढ़याण उपस्थित थे. राजेश कुमार मिश्रा ने कहा कि आज के समय पूरे क्षेत्र में भारत माता की पूजन करने का समय आ गया है क्योंकि देश हमें देता है बहुत कुछ, हम भी तो कुछ देना सीखें. इस प्रेरणा गीत के साथ पूरे क्षेत्र में हम सभी साथी गाएंगे और भारत माता का पूजन करेंगे.इस प्रकृति रूपी भारत माता को बचाने का काम करना है. देश की उन्नति के लिए हमें एक होना होगा, हम सभी एक हैं का नारा ही हमारा संकल्प है.निलय गढ़याण ने कहा कि भारत माता सबसे सर्वोपरि है, भारत माता के लिए हम सभी अपनी जान पर खेल जाएंगे परंतु इस अखंड भारत को टूटने नहीं देंगे. आने वाले समय में हमारी भारत माता पूरे विश्व का नेतृत्व करेंगी. मौके पर त्रिलोचन सिंह, अमरेंद्र मिश्र, सरिता ओझा, प्रेम कुमार, विक्रम यादव, बलराम मल्लाह, विक्की मिश्रा, दीपक सिंह, सागर दास, बबलू शर्मा, अरविंद सिंह, विजय ठठेरा, विकास कुमार, सोनू सिंह, गोविंद प्रसाद, अखिलेश यादव, पप्पू मिश्रा, कृष्णा ओझा, दिनेश कुमार और अन्य युवा साथी उपस्थित थे.

# पुलिस मुहर्रम को लेकर अलर्ट, एंटी-रायट ड्रिल का पूर्वाभ्यास



**शुभम संदेश। बोकारो**

मुहर्रम के अवसर पर किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए बोकारो पुलिस शनिवार को पुलिस लाइन, शिवनडीह चौक और माराफारी चौक पर एंटी-रायट ड्रिल का पूर्वाभ्यास किया.

**सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम**

पुलिस कप्तान हरविंदर सिंह ने बताया कि मुहर्रम के जुलूस का लाइव सर्विलांस किया जाएगा. इस दौरान यह सुनिश्चित किया जाएगा कि हथियारों का गलत इस्तेमाल न हो और जुलूस में कोई भी असामाजिक तत्व या उपद्रवी किसी भी तरह का हुडदंग न कर पाए. उन्होंने कहा कि अगर ऐसी कोई स्थिति आती है, तो उसे कैसे संभालना है, इसे लेकर पुलिस लाइन में यह मॉक ड्रिल आयोजित की गई है, ताकि सभी के लिए चीजें स्पष्ट रहें और किसी को कोई भ्रम न हो. पुलिस ने सुरक्षा के लिए 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं, ड्रोन का उपयोग कर रही है और सिविल पुलिस भी सूचनाएं एकत्रित करेगी.

**ट्रैफिक प्रबंधन और आम जनता से अपील**

जुलूस के दौरान ट्रैफिक को सुचारू रूप से चलाने के लिए ट्रैफिक डाइवर्जन किए जाएंगे, ताकि आम जनता को ज्यादा परेशानी न हो और जुलूस बिना किसी घटना के निकल सके. पुलिस आम जनता से अपील कर रही है कि वे इन दो दिनों तक सहयोग करें और किसी भी असुविधा के लिए खेद व्यक्त करती है. पुलिस कप्तान ने स्पष्ट किया कि यदि कोई बदमाशी करता है, तो उस पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और यदि दंगा नियंत्रण की आवश्यकता पड़ी, तो पुलिस तुरंत वहां पहुंच जाएगी.

## डुमरी में मुहर्रम को लेकर निकला फ्लैग मार्च

**डुमरी (गिरिडीह)।** मुस्लिम धर्मावलंबियों का त्योहार मुहर्रम शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से शनिवार को डुमरी और निमियाघाट थाना क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला गया. अनुमंडल कार्यालय परिसर से निकले इस फ्लैग मार्च का नेतृत्व प्रभारी एसडीओ जीतराय मुर्मू, एसडीपीओ सुमित प्रसाद और सीओ शशिभूषण वर्मा कर रहे थे. फ्लैग मार्च ने प्रखंड के विभिन्न पंचायतों का भ्रमण किया और लोगों से मुहर्रम को शांति व सौहार्द के साथ संपन्न कराने में सहयोग की अपील की.

## कसमार में पुलिस प्रशासन ने निकाला फ्लैग मार्च

**कसमार (बोकारो)।** मुहर्रम के त्योहार को भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के लिए, कसमार सीओ प्रवीण कुमार के नेतृत्व में थाना प्रभारी भजन लाल महतो ने शनिवार को अपने दल-बल के साथ थाना क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों, संवेदनशील और अतिसंवेदनशील जगहों पर फ्लैग मार्च किया. इस दौरान, उन्होंने लोगों से अपील की कि वे सदियों से चली आ रही परंपरा के तहत भाईचारे के साथ मुहर्रम पर्व को मिलजुल कर एक साथ मनाएं. इस मौके पर भारी संख्या में पुलिस जवान मौजूद थे. थाना प्रभारी भजन लाल महतो ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस ने संवेदनशील जगहों को चिह्नित कर लिया है, जहां भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहेगा. उन्होंने यह भी कहा कि यदि कोई पर्व के माहौल को बिगाड़ने या अफवाह फैलाने की कोशिश करेगा तो पुलिस की उस पर पैनी नजर रहेगी. इस दौरान, पुलिस प्रशासन की टीम ने कसमार के सुरजुडीह, गर्री, मोचरो, मंजुरा, कुरको, मधुकरपुर, खैराचातर सहित कई अन्य मुस्लिम बहुल गांवों का दौरा किया. उन्होंने मुहर्रम की तैयारियों और जुलूस के रूट का जायजा लेते हुए कमिटी के लोगों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. मौके पर रंजन कुमार सिंह, कुंदन कुमार, सुंदर हेंब्रम, सत्येंद्र कुमार सहित अन्य पुलिस बल मौजूद थे.

## ब्रीफ खबरें

### भगवान जगन्नाथ की बाहुड़ा-यात्रा संपन्न

**बोकारो।** बोकारो इस्पात नगरी में शनिवार को भगवान जगन्नाथ की बाहुड़ा-यात्रा (वापसी) उसी उत्साह और भक्ति के साथ संपन्न हुई, जिस उत्साह से रथ यात्रा निकाली गई थी. विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद देव प्रतिमाओं को मंदिर प्रांगण से बाहर लाकर रथ पर विराजमान किया गया. रथ की सफाई का कार्य, जिसे छेरा-पन्हारा कहा जाता है, बीएसएल के अधिशासी निदेशक (संकार्य) सी. आर. महापात्रा ने संपन्न किया. इस अवसर पर बोकारो महिला समिति की सदस्यगण, अन्य गणमान्य व्यक्ति और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे. यह रथ यात्रा नगरवासियों के सम्मिलित प्रयास से जनवृत-1 स्थित राम मंदिर परिसर से शुरू हुई. पूरे रास्ते नगरवासी और श्रद्धालु बारी-बारी से अपना योगदान देकर पुण्य अर्जित करते रहे. रथ यात्रा राम मंदिर से पत्थरकट्टा चौक, गांधी चौक, सिटी सेंटर और बोकारो जनरल अस्पताल होते हुए जगन्नाथ मंदिर पहुंची. यात्रा के दौरान, स्वयंसेवी संस्था महिला समिति, बोकारो के सदस्यों ने पानी और शरबत का वितरण किया, जिसमें नगर के अन्य संस्थानों ने भी अपना योगदान दिया.

### डीएवी में लगा दंत चिकित्सा शिविर

**बोकारो।** डीएवी सेक्टर-4 में शनिवार को एक दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 566 बच्चों के दांतों की जांच की गई. दंत चिकित्सक डॉ. ददन पांडे ने बताया कि समय रहते दांतों की देखभाल न करना, दांत खराब होने का प्रमुख कारण है. शिविर में डॉ. ददन पांडे और उनकी टीम ने बच्चों को दांतों की देखभाल और उपचार से संबंधित निःशुल्क परामर्श दिया. चेकअप के दौरान चिकित्सकों ने स्कूली बच्चों का दंत परीक्षण किया. इस टीम में डॉ. ददन पांडे के साथ डॉ. आयुषी सिन्हा भी शामिल थीं. सभी ने बच्चों को ब्रश करने का सही तरीका सिखाया और दांतों व मुख स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी. टीम ने बच्चों को यह भी समझाया कि समय पर दांतों की देखभाल न करना ही उनके खराब होने का मुख्य कारण है. विद्यालय के प्रधानाचार्य एस. के. मिश्रा ने इस अवसर पर कहा कि जिस प्रकार हम अपने शरीर के अन्य अंगों की नियमित जांच करवाते हैं, उसी प्रकार दांतों की भी नियमित अंतराल पर दंत चिकित्सक से जांच करवाना आवश्यक है. मिश्रा ने बच्चों को दिन में दो बार ब्रश करने और दांतों में चिपकने वाली सामग्री न खाने का निर्देश दिया. इस मौके पर स्कूल के सभी शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित थे.

### कांग्रेस प्रदेश प्रभारी के. राजू नौ को आएंगे झारखंड

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कार्यसमिति के स्थाई आमंत्रित सदस्य और झारखंड प्रभारी के. राजू दो दिवसीय प्रवास पर नौ जुलाई को देवघर हवाई अड्डे पर पहुंचेंगे. इसके बाद वे यहां से अपने गंतव्य को रवाना हो जाएंगे. इस संबंध में प्रदेश कांग्रेस के महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने शनिवार को बताया कि देवघर हवाई अड्डे से के. राजू सड़क मार्ग से गोड्डा के लिए प्रस्थान करेंगे, जहां वे झारखंड प्रदेश कांग्रेस की ओर से आयोजित गोड्डा, साहेबगंज और पाकुड़ जिले के प्रखंड अध्यक्ष, प्रखंड पर्यवेक्षक, मंडल अध्यक्ष के अलावा जिला अध्यक्ष और जिला पर्यवेक्षक और जिला प्रशिक्षकों के साथ होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होंगे. उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में झारखंड प्रभारी के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और कांग्रेस विधायक दल नेता प्रदीप यादव भी शामिल रहेंगे. कार्यक्रम के बाद के राजू गोड्डा से गिरिडीह के लिए प्रस्थान करेंगे.

# सर्पदंश से भाई-बहन समेत 3 बच्चों की मौत



**शुभम संदेश। गोड्डा**

बरसात के इस मौसम में विषैले जीव-जंतुओं की भरमार हो जाती है, जिससे लोग उनका शिकार होकर असमय काल के गाल में समा जाते हैं. पिछले चौबीस घंटों में सांप के काटने से तीन बच्चों की मौत हो गई, जिनमें दो भाई-बहन शामिल हैं.

**सैदापुर गांव में भाई-बहन की मौत**

घटना शनिवार सुबह की है. सदर प्रखंड के ग्राम सैदापुर निवासी हीरालाल राउत के आठ वर्षीय बेटी श्रुति कुमारी और पांच वर्षीय पुत्र आदित्य कुमार घर में खेल रहे थे, तभी किसी विषैले सांप ने उन्हें काट लिया. शुरुआत में बच्चों को इसकी भनक नहीं लगी. जब अचानक उनकी तबीयत बिगड़ने लगी और उन्होंने शोर मचाना शुरू किया, तब जाकर सांप को देखा गया. परिजन दोनों बच्चों को तुरंत अस्पताल ले जाने के बजाय झाड़-फूंक के लिए दूसरे गांव ले गए. स्थिति में सुधार न होने और हालत बिगड़ जाने पर उन्हें सदर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद दोनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया. बच्चों की मां प्रियंका कुमारी के अनुसार घटना की जानकारी तुरंत नहीं मिल पाई और इलाज में देर हो गई. इस घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई. घटना पर सभी ने दुख प्रकट किया.

शोकाकुल परिवार से मिलने पूर्व विधायक अमित मंडल पहुंचे और अपनी ओर से आर्थिक सहयोग देकर परिजनों को ढांढस बंधाया. स्थानीय सांसद निशिकांत दुबे की ओर से भी आर्थिक मदद उपलब्ध कराई गई. अमित मंडल ने पीड़ित परिवार को सर्पदंश से मृत्यु पर मिलने वाले चार-चार लाख रुपये के कुल आठ लाख की राशि जल्द दिलाने के लिए अंचलाधिकारी, गोड्डा से बात की.

### सुंदरपुर में एक बच्चे की मौत



एक अन्य घटना में, गोड्डा के निपानिया पंचायत अंतर्गत सुंदरपुर गांव में बारह साल के एक बच्चे की सांप काटने से मौत हो गई. बालक फूस के मकान में जमीन पर सो रहा था, तभी सांप ने उसे काट लिया और कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई. गोड्डा सांसद डॉ. निशिकांत दुबे की ओर से इस पीड़ित परिवार को पच्चीस हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई.

### गोड्डा में वार्डन समेत चार शिक्षिकाएं स्थानांतरित

**गोड्डा।** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में शुक्रवार को विषाक्त भोजन खाने से तीन दर्जन से अधिक बच्चियों के बीमार होने के मामले को जिला प्रशासन ने गंभीरता से लिया है. इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए विद्यालय की वार्डन पूजा भारती समेत तीन अन्य शिक्षिकाओं, संगीता कुमारी, अनिता कुमारी और पूजा कुमारी को तत्काल प्रभाव से दूसरे विद्यालयों में स्थानांतरित कर दिया गया है. रसोईया सुकदा आर्या को कार्यमुक्त करने की कार्रवाई की जा रही है. पूरे मामले की जांच के लिए जिला प्रशासन द्वारा अपर समाहर्ता की अध्यक्षता में एक चार सदस्यीय जांच दल का गठन भी किया गया है. उपायुक्त द्वारा जल्द रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया है. रिपोर्ट मिलने के बाद ही दोषियों के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जाएगी. गौरतलब है कि शुक्रवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बंका, प्रखंड गोड्डा में पढ़ने वाली छात्राओं की नाश्ता करने के बाद अचानक तबीयत खराब हो गई थी. इसमें 37 छात्राओं को बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सदर अस्पताल, गोड्डा में भर्ती कराया गया था. डॉक्टरों ने बताया कि फूड पॉइजनिंग के कारण तबीयत खराब हुई थी. बाद में चिकित्सीय इलाज के बाद छात्राओं की स्थिति ठीक होने और खतरे से बाहर रहने पर सभी छात्राओं को देर शाम वापस विद्यालय के हॉस्टल ले जाया गया था.

## निशा दत्ता को इंसाफ दिलाने के लिए निकला कैंडल मार्च



**शुभम संदेश। कसमार (बोकारो)**

बोकारो जिला सुवर्ण वणिक कल्याण समिति ने शुक्रवार देर शाम कसमार प्रखंड के चट्टी गांव में डॉक्टर की कथित लापरवाही से निशा दत्ता की मौत होने के विरोध में उन्हें न्याय दिलाने के लिए कैंडल मार्च सह श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया. इसकी अध्यक्षता समिति के जिला अध्यक्ष कृष्णा दत्ता ने की. कैंडल मार्च में सुवर्ण वणिक समाज के काफी लोगों ने हिस्सा लिया और चट्टी से कसमार चौक तक मार्च निकाला. इस दौरान उपस्थित लोगों ने निशा दत्ता को न्याय दो और दोषी डॉक्टरों पर कार्रवाई हो जैसे नारे लगाए. इससे पहले, गांव की महिलाओं व युवा सदस्यों ने मृतका निशा दत्ता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी. इस अवसर पर समिति के संरक्षक सह वरिष्ठ सदस्य डोमन चंद्र दे, सुबल दत्ता, सुरेश कुमार दे और अध्यक्ष कृष्णा दत्ता ने समिति की ओर से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहयोग किया. समिति के अध्यक्ष कृष्णा दत्ता ने दुख व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवार को हर स्तर पर सहयोग करने की बात कही. उन्होंने बताया कि जिला और राज्य स्तर पर सभी गांवों में समाज के लोगों द्वारा कैंडल मार्च निकाल कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने और दोषी डॉक्टर को सजा दिलाने की मांग की जाएगी. उन्होंने कहा कि समिति समाज के लोगों के सहयोग के लिए सदैव तत्पर है.

# मनरेगा कूप में 99,348 रुपये की अवैध निकासी का आरोप

## तिसरी के खिजुरी पंचायत का मामला

**रोहित भारती**

**तिसरी (गिरिडीह)।** तिसरी प्रखंड की खिजुरी पंचायत में मनरेगा के तहत हो रहे कूप निर्माण कार्य में कथित फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है. पंचायत के निमाड़ीह निवासी शिकायतकर्ता संतोष कुमार यादव ने प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार को आवेदन देकर आरोप लगाया है कि विवादित जमीन पर योजना संचालित कर लगभग एक लाख रुपये की अवैध निकासी की गई है.

**विवादित जमीन पर मनरेगा कार्य का आरोप**

संतोष कुमार यादव ने अपने आवेदन में बताया है कि उनकी जमीन का बंटवारा अभी तक नहीं हुआ है. इसे लेकर हुई पंचायती में यह निर्णय लिया गया था कि जब तक बंटवारा नहीं होता, तब तक उस जमीन पर कोई कार्य नहीं करेगा. इसके बावजूद, उस विवादित जमीन पर अमोला देवी, पति आनंदी यादव के नाम से मनरेगा के तहत कूप निर्माण कार्य करवाया जा रहा है, जिसकी योजना संख्या 7080903032864 है. उन्होंने आरोप लगाया कि कुएं का गड्ढा करने के लिए 4 जुलाई की रात को अचानक उनके जमीन पर जेसीबी मशीन पहुंची. शिकायतकर्ता का दावा है कि इस योजना में बिना कार्य किए ही 99,348 रुपये की अवैध निकासी कर ली गई है. उन्होंने प्रखंड कार्यालय में बीडीओ और उप विकास आयुक्त के नाम आवेदन देकर इस मामले में कार्रवाई की मांग की है.

**कार्य से पहले निकासी पर उठे सवाल**

शिकायतकर्ता संतोष कुमार के अनुसार, जब कार्य के लिए जेसीबी मशीन 4 जुलाई की रात को पहुंची, तो कार्य शुरू होने से पहले ही 99,348 रुपये की इतनी बड़ी राशि की निकासी कैसे हो गई? उन्होंने संबंधित मुखिया, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, जेई और अन्य जिम्मेदार कर्मियों पर सवाल उठाया है कि उन्होंने आखिर कार्य से पहले निकासी की मंजूरी कैसे दे दी? जब काम हुआ ही नहीं, तो मजदूरों की हाजिरी कैसे बनी? इस संबंध में मनरेगा बीपीओ और पंचायत सेवक से पूछे जाने पर, दोनों ने ही मामले की जानकारी न होने की बात कही. ऐसे में सवाल उठता है कि जब कर्मियों को जानकारी नहीं है, तो इतनी बड़ी राशि की निकासी कैसे हुई. वहीं, इस संबंध में तिसरी बीडीओ मनीष कुमार से फोन पर पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि मामले की जानकारी मिली है. जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी.

## उपायुक्त ने की कल्याण विभाग से दी जाने वाली छात्रवृत्ति योजनाओं की समीक्षा

# कोई भी छात्र छात्रवृत्ति से वंचित नहीं रहेगा : डीसी



**शुभम संदेश। बोकारो**

शनिवार को गोपनीय कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अजय नाथ झा की अध्यक्षता में कल्याण विभाग द्वारा दी जाने वाली छात्रवृत्ति योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक हुई. उपायुक्त ने निर्देश दिया कि प्री-मैट्रिक और पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति के सभी छात्रों का बैंक खाता, आधार कार्ड और एनपीसीआई लिंकिंग सुनिश्चित करें, ताकि कोई भी छात्र छात्रवृत्ति योजना का लाभ पाने से वंचित न रहे.

**विशेष अभियान और शिकायत निवारण कोषांग**

उपायुक्त ने लीड बैंक मैनेजर (एलडीएम) और यूआईडी डीपीओ के साथ समन्वय स्थापित कर विद्यालयों में विशेष अभियान चलाने को कहा. इस अभियान के तहत छूटे हुए छात्रों के बैंक खाते खोले जाएंगे, आधार कार्ड बनाए जाएंगे और उन्हें बैंक खाते से लिंक व एनपीसीआई मैपिंग का कार्य पूरा किया जाएगा. उन्होंने कहा कि छात्रवृत्ति जैसी योजनाएं छात्रों की शिक्षा को समर्थन देती हैं और यह जरूरी है कि सभी पात्र छात्रों को इसका लाभ मिले. उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को जिले के सभी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त और निजी विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों में से किसी एक छात्र को 'छात्रवृत्ति मंत्री' के रूप में नामित करने का निर्देश दिया. इससे विद्यालय के छात्रों को छात्रवृत्ति संबंधित जानकारी समय पर मिलेगी और यह सुनिश्चित होगा कि कोई भी छात्र छात्रवृत्ति से वंचित नहीं रहेगा. साथ ही, यह विद्यालय स्तर पर जिम्मेदारी की भावना और जागरुकता दोनों को बढ़ाएगा. उपायुक्त ने जिला कल्याण पदाधिकारी को जिला स्तर पर एक छात्रवृत्ति शिकायत निवारण कोषांग का गठन करने का भी निर्देश दिया. इस कोषांग के माध्यम से छात्रवृत्ति से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या, जैसे भुगतान लंबित होना, आवेदन में त्रुटि, आधार लिंकिंग समस्या आदि का त्वरित समाधान किया जाएगा. उन्होंने कोषांग के लिए एक विशेष हेल्पलाइन नंबर भी जारी करने को कहा, जिससे छात्र या अभिभावक सीधे कोषांग से संपर्क कर सकें.

**शत-प्रतिशत कवरेज का लक्ष्य**

उपायुक्त ने बैठक में स्पष्ट किया कि छात्रवृत्ति की योजनाएं केवल तकनीकी कार्रवाई नहीं हैं, बल्कि शिक्षा के समावेशन का औजार है. उन्होंने जिला कल्याण पदाधिकारी को निर्देश दिया कि कोई भी विद्यालय छात्र डेटा अपूर्ण नहीं छोड़ेगा. सभी विद्यालयों से छात्रवृत्ति संबंधित रिपोर्ट साप्ताहिक रूप से प्राप्त की जाएगी, ताकि बोकारो जिला शत-प्रतिशत छात्रवृत्ति कवरेज के लक्ष्य को पूरा कर सके. इस अवसर पर जिला कल्याण पदाधिकारी एन. एस. कुजूर, जिला योजना पदाधिकारी राज शर्मा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार और जिले में कार्यरत पीएमयू के सदस्य आदि उपस्थित थे.

## न्यूज अपडेट

### फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में नन्हे छात्रों ने बिखेरा जलवा

**बोकारो।** गतिविधि सप्ताह 7 के तहत, पिट्स मॉडर्न स्कूल, गोमिया के प्री-प्राइमरी विंग ने शनिवार को एक शानदार फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया. इसका उद्देश्य नन्हे-मुन्नों की रचनात्मकता, कल्पनाशीलता और आत्मविश्वास को बढ़ावा देना था. अपनी-अपनी कक्षाओं में आयोजित इस कार्यक्रम में एलकेजी और यूकेजी के सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. बच्चों ने विभिन्न प्रकार के पात्रों की वेशभूषा धारण की थी, जिनमें सामुदायिक सहायक, जानवर, परी कथाओं के पात्र, राष्ट्रीय प्रतीक और रोजमर्रा के नायक शामिल थे. प्रत्येक कक्षा में खुशी और हंसी का जीवंत माहौल था, क्योंकि बच्चों ने आत्मविश्वास के साथ मंच पर आकर खुद को अभिव्यक्त किया. इस आकर्षक गतिविधि के माध्यम से, नन्हे-मुन्नों ने न केवल कपड़े पहनने का आनंद लिया, बल्कि आत्म-अभिव्यक्ति, सार्वजनिक भाषण और मंच पर उपस्थिति जैसे महत्वपूर्ण कौशल भी विकसित किए. ये कौशल आने वाले वर्षों में आत्मविश्वास से भरे संचार की नींव रखते हैं. विद्यालय के प्राचार्य बृजमोहन लाल दास ने इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस छोटी सी उम्र में प्रदर्शन करने का हर अवसर आत्मविश्वास और आत्म-अभिव्यक्ति की ओर एक कदम है. फैंसी ड्रेस सिर्फ़ मज़ेदार नहीं है, यह संवाद और साहस का निर्माण करती है.

### जोनल एथलेटिक्स मीट में संत जेवियर्स विजेता

**बोकारो।** एएसआईएससी जोनल एथलेटिक्स मीट 2025 का आयोजन शनिवार को संत ज़ेवियर्स विद्यालय, बोकारो इस्पात नगर में बड़े उत्साह के साथ संपन्न हुआ. इस मीट में कुल 12 विद्यालयों के अंडर-14, 17 और 19 आयु वर्ग के छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया. इनमें डीएनएस मुगमा, एफआरआई सिंदरी, सीटीपीएस भूली, मैथन, सीएमआरआई कोराडीह, कॉर्मेल डिगवाडीह, कॉर्मेल धनबाद, लोयोला तालडंगा और संत जेवियर्स विद्यालय बोकारो के विद्यार्थी शामिल थे. खेल महाकुंभ का शुभारंभ सुबह 7:30 बजे खिलाड़ियों के पंजीकरण और प्रमाण-पत्र सत्यापन से हुआ, जिसमें सीआईएससीई द्वारा प्रदत्त पहचान-पत्र और जन्म प्रमाण-पत्र की विधिवत जांच की गई. इसके बाद प्रशिक्षकों और अधिकृत अधिकारियों की एक संगोष्ठी आयोजित हुई. तत्पश्चात्, विशाल मैदान स्थित मंच पर भव्य उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ. इसमें प्रार्थना नृत्य, ध्वजारोहण, टीम कप्तान (सेंट ज़ेवियर्स स्कूल) द्वारा शपथ-ग्रहण, संत जेवियर्स के प्रधानाचार्य फादर अरुण मिंज, एस.जे. का स्वागत भाषण और अंत में प्रधानाचार्य द्वारा औपचारिक उद्घोषणा के साथ मीट का विधिवत शुभारंभ हुआ. इसके बाद विभिन्न प्रतियोगिताओं की श्रृंखला आरंभ हुई, जिसमें धावन, लंबी कूद, गोला फेंक, रिले दौड़, शॉट पुट, डिस्कस, जैवलीन आदि विविध खेल विधाओं में खिलाड़ियों ने अत्यंत अनुशासन, समर्पण और जुझारूपन का परिचय दिया. पूरा सत्र बेहद उत्साहवर्धक और प्रतिस्पर्धात्मक रहा. समापन समारोह में सेंट जेवियर्स विद्यालय बोकारो को विजेता घोषित किया गया. डीएनएफआरआई प्रथम उपविजेता और डीएनएससीएमआरआई द्वितीय उपविजेता रहे. विजेताओं को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया गया. तत्पश्चात ध्वज अवतरण की रस्म अदा की गई और समस्त कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के सामूहिक गायन के साथ हुआ. यह पूरा आयोजन सुव्यवस्थित, अनुशासित और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ. प्रतिभागियों ने न केवल अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया, बल्कि खेल-मानवता, सहयोग और नेतृत्व क्षमता का भी सशक्त प्रदर्शन किया. यह मीट निश्चित रूप से छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक प्रेरणादायी कदम साबित हुई.

### डीपीएस में शिक्षकों ने सीखे अध्यापन के गुर

**बोकारो।** सीबीएसई ने अध्यापन में स्टोरीटेलिंग (किस्सागोई) को बेहद महत्वपूर्ण माना है. इसी क्रम में शनिवार को सेक्टर-4 स्थित डीपीएस बोकारो में सीबीएसई के पटना उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) द्वारा 'अध्यापन के रूप में किस्सागोई' विषय पर शिक्षकों के लिए एक क्षमता-निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया. इसमें विद्यालय के 65 शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे. गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल, सेक्टर-5 के प्राचार्य सोमेन चक्रवर्ती ने बतौर रिसोर्स पर्सन कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि क्लासरूम में जब एक शिक्षक कहानियों के माध्यम से पाठ्य-वस्तु समझाता है, तो वह बच्चों को लंबे समय तक याद रहता है. उन्होंने पठन-पाठन में किस्सागोई के उद्देश्य, इसकी महत्ता, उपयोगिता और सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए इसकी प्रासंगिकता जैसे विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला. कार्यशाला के एक अन्य रिसोर्स पर्सन, चिन्मय विद्यालय के शैक्षणिक पर्यवेक्षक और विभिन्न विभागों के प्रभारी राहुल रॉय ने भी अध्यापन-शैली में सुधार लाने के लिए किस्सागोई को एक प्रभावी जरिया बनाने पर जोर दिया. कार्यशाला के आरंभ में रिसोर्स पर्सन्स और सभी सहभागी शिक्षकों का स्वागत करते हुए डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने कार्यशाला के विषय को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया. उन्होंने कहा कि स्टोरीटेलिंग बच्चों को पढ़ाई से जोड़े रखने, उनकी एकाग्रता बढ़ाने और अध्यापन शैली को निखारने का एक सशक्त माध्यम है. उन्होंने शिक्षकों से कार्यशाला में सीखी गई बातों को अपने क्लासरूम में व्यवहार में लाने का संदेश दिया. इससे पहले, प्राचार्य डॉ. गंगवार और दोनों रिसोर्स पर्सन ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का उद्घाटन किया. कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों के लिए निर्धारित विषय से संबंधित विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के साथ-साथ प्रश्नोत्तरी और मूल्यांकन सत्र का भी आयोजन किया गया.

### जल संरक्षण में छात्रों को किया गया पुरस्कृत

**कसमार (बोकारो)।** पीएम श्री प्लस टू उच्च विद्यालय, कसमार में जल संरक्षण पखवाड़े के तहत पंद्रह दिवसीय विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. इन कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य फारुक अंसारी, वरीय शिक्षक डॉ. रणजीत कुमार झा, डॉ. अवनीश कुमार झा और अन्य शिक्षकों द्वारा स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक और अन्य उपहार देकर पुरस्कृत किया गया. इस दौरान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में श्वेता कुमारी (प्रथम), तन्मय मुखर्जी (द्वितीय), प्रेम कुमार (तृतीय), चित्रकला प्रतियोगिता में अनिल कुमार महतो (प्रथम), श्वेता कुमारी (द्वितीय), प्रेम कुमार और सचिन कुमार साहू (तृतीय), पृथ्वी दिवस पर चित्रकला प्रतियोगिता में श्वेता कुमारी (प्रथम), अनिकेत दे (द्वितीय), अपर्णा कुमारी (तृतीय), निबंध प्रतियोगिता में अपर्णा कुमारी (प्रथम), सूरज हेम्ब्रम (द्वितीय), अनिकेत दे (तृतीय), भाषण प्रतियोगिता में अनिकेत दे (प्रथम), तन्मय मुखर्जी (द्वितीय), अपर्णा कुमारी और टेकलाल कुमार (तृतीय), स्लोगन प्रतियोगिता में अपर्णा कुमारी (प्रथम), श्वेता कुमारी (द्वितीय), अनिकेत दे (द्वितीय), सोनाली कुमारी और सूर्यदेव दे (तृतीय), कविता लेखन प्रतियोगिता में अपर्णा कुमारी (प्रथम), श्वेता कुमारी (द्वितीय), आलिया हसन (तृतीय), मॉडल निर्माण प्रतियोगिता में अपर्णा कुमारी (प्रथम), आलिया हसन (द्वितीय), मोहित गोसाईं (तृतीय) शामिल थे. इस अवसर पर महाकांत झा, अशोक कुमार रजवार, धनंजय कुमार, कैलाश कुमार, सुमन कुमारी, सुजाता कुमारी, अमित कुमार, सुभय चक्रवर्ती, सुशीला कुमारी, खुर्शीद रजा, प्रशांत ओझा, जितेंद्र कुमार, सीमा कुमारी, रिशु कुमार, नीलिमा बान सिंह, त्रिभुवन नाथ पांडेय, सुभाष ठाकुर, तुलसी कपरदार, रितेश कुमार महथा, नितेश कुमार प्रजापति, अजय कुमार दूबे, दिनेश कुमार महतो समेत अन्य शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित थे.

### मुहर्रम को लेकर गिरिडीह में फ्लैग मार्च



**गिरिडीह।** मुहर्रम के त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है. आज जिला मुख्यालय से लेकर सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया. जानकारी के अनुसार, शहरी क्षेत्र में निकाले गए फ्लैग मार्च में डीसी रामनिवास यादव और एसपी डॉ. विमल कुमार सहित कई अन्य अधिकारी शामिल रहे. फ्लैग मार्च शहर के बड़ा चौक से शुरू हुआ और सभी प्रमुख मार्गों का भ्रमण किया. इस दौरान एसडीओ श्रीकांत विषपुते, एसडीपीओ जितवाहन उरांव, डीएसपी नीरज सिंह सहित कई अधिकारी और पुलिस जवान मौजूद थे. बेंगाबाद थाना क्षेत्र में सीओ प्रियंका प्रियदर्शी, बीडीओ सुनील मुर्मू, पुलिस इंस्पेक्टर ममता कुमारी, थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह, सुरेंद्र सिंह और रणधीर सिंह सहित कई लोग मौजूद थे. तिसरी थाना क्षेत्र में बीडीओ मनीष कुमार, थाना प्रभारी रंजय कुमार, लव कुमार और किशोरी साव सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे. गांडेय प्रखंड के गांडेय, अहिल्यापुर और ताराटांड थाना क्षेत्रों में भी फ्लैग मार्च निकाला गया. जिसमें कमाल खान, बीडीओ निशांत अंजुम, मो. हुसैन, आनंद प्रकाश सिंह और गुलाम गोस सहित कई अन्य लोग शामिल थे. यह फ्लैग मार्च मुहर्रम के दौरान शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के प्रशासन के दृढ़ संकल्प को दर्शाता है.

▼ ब्रीफ खबरें

## एफसीआई गोदाम में कर्मियों का हंगामा

**धनबाद** । बरमसिया स्थित एफसीआई गोदाम में कर्मियों ने शनिवार को जमकर हंगामा किया. बताया जाता है कि पिछले दिनों बारिश के दौरान सामान भीग रहा था. इसी दौरान मौके पर मौजूद कर्मियों ने भीगे हुए सामान का वीडियो भी बना लिया था. तब मौके पर मौजूद लोगों ने कर्मियों के साथ बदसलूकी करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई थी. इसी बात को लेकर शनिवार को बकझक हुई, तब एफसीआई के कर्मियों ने जमकर विरोध-प्रदर्शन कर हंगामा किया. कर्मियों का कहना है कि उक्त कर्मियों के खिलाफ प्रशासन जल्द से जल्द करवाई करें.

## मध्यस्थता कार्यक्रम की समीक्षा

**धनबाद** । राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नालसा के निर्देश पर पूरे भारत में चल रहे 90 दिवसीय राष्ट्र के लिए मध्यस्थता कार्यक्रम की समीक्षा शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के चेयरमैन सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र कुमार तिवारी के निर्देश पर अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार मयंक तुसार टोपनो ने की . समीक्षा बैठक में धनबाद के 32 मध्यस्थ उपस्थित थे, जिन्हें न्यायाधीश ने अधिक से अधिक विवादों के निपटारे के लिए किए जा रहे मध्यस्थता कार्यवाही के लिए कई दिशा निर्देश दिए. इस बाबत मीडिया को जानकारी देते हुए अपर न्यायाधीश मयंक ने बताया कि एक सप्ताह के अंदर 23 विभिन्न तरह के विवादों में मध्यस्थता कार्यवाही कर विवादों का निपटारा कर दिया गया है. उन्होंने बताया कि ज्यादा से ज्यादा विवादों का निपटारा सुलह समझौते के आधार पर कराने का लक्ष्य रखा गया है ताकि समाज में लोगों के बीच एक-दूसरे के प्रति वैमनस्यता व तनाव कम हो और अच्छा माहौल कायम हो सके. उन्होंने बताया कि नालसा एवं झालसा के निर्देश पर धनबाद में इस कार्यक्रम को एक जुलाई को लॉन्च किया गया. जिसका मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक संख्या में विवादों को मध्यस्थता के जरिए सुलझाना है. मध्यस्थता की कार्यवाही पक्षकारों के सुविधा अनुसार ऑफ़लाइन, ऑनलाइन या हाइब्रिड मोड में आयोजित की जा रही है. ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण ऑनलाइन मध्यस्थता की सुविधा प्रदान कर रहा है.

# सरकारी संरचनाओं को बाउंड्री बनाकर करें सुरक्षित : उपायुक्त



शुभम संदेश। धनबाद

उपायुक्त आदित्य रंजन ने शनिवार को जिले के प्रमुख स्थानों पर स्थित महत्वपूर्ण सरकारी संस्थानों पर कब्जा को लेकर बैठक की. बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को अपने-अपने अंचल में सरकारी अस्पताल, आंगनबाड़ी केंद्र, विद्यालय, सरकारी कार्यालय सहित अन्य सरकारी संरचना, जिसमें बाउंड्री वॉल नहीं है, उनके चारों ओर बाउंड्री बनाकर उसे सुरक्षित करने का निर्देश दिया. साथ ही उपायुक्त ने जिले के सभी प्रमुख स्थानों पर स्थित सरकारी भूमि की सूची बनाने और उसे भी बाउंड्री वॉल बनाकर सुरक्षित करने का निर्देश अंचल अधिकारियों को दिया.

### इन स्थानों की होगी चाहरदीवारी

बैठक में उपायुक्त ने राजकीय पॉलिटेक्निक अंतर्गत भूमि चिह्नितकरण, स्थानांतरण एवं अतिक्रमण, आरएस मोड़ कॉलेज गोविंदपुर में बाउंड्री वॉल बनाने, अतिक्रमण एवं भू-अर्जन, बीआईटी सिंदरी कॉलेज की खाली भूमि की विवरणी एवं उपयोगिता, बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के समीप गैर आबाद खाते की भूमि सहित अन्य संबंधित मामलों की समीक्षा की . इसके अलावा उपायुक्त ने धनबाद में साइंस सेंटर का निर्माण, स्टील गेट के पास सड़क चौड़ीकरण, शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में बाउंड्री वॉल का निर्माण, पंपू तालाब का जर्णोद्धार सहित अन्य मामलों की समीक्षा की .बैठक में अपर समाहर्ता विनोद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी राम नारायण खलको, भवन प्रमंडल व झारखंड भवन निर्माण निगम लिमिटेड के कार्यपालक अभियंता, बीआईटी सिंदरी के निदेशक, बीबीएमकेयू के रजिस्ट्रार, धनबाद पॉलिटेक्निक एवं धनबाद आईटीआई के प्राचार्य, जिला पीएमयू के रुपेश कुमार मिश्रा, संजय झा, अशोक पटेल, धनबाद, गोविंदपुर, बलियापुर एवं झरिया के अंचल अधिकारी, अंचल निरीक्षक, कर्मचारी, अमीन सहित अन्य लोग मौजूद थे .

# जेक बोर्ड में अच्छा प्रदर्शन करने वाले 66 विद्यार्थी हुए सम्मानित

शुभम संदेश। धनबाद



उपायुक्त आदित्य रंजन ने शनिवार को बाबुडीह स्थित डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस प्लस टू जिला स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में वार्षिक माध्यमिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने वाले 66 विद्यार्थियों को सम्मानित किया. उपायुक्त ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि राज्य के हर बच्चे को अच्छी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले. इसलिए राज्य में पहले 80 सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस शुरू किए गए जो बढ़कर अभी 325 है. राज्य में और 4000 विद्यालयों को सीएम स्कूल आफ एक्सीलेंस बनाने की प्रक्रिया जारी है. इससे शिक्षा के क्षेत्र में अच्छी छवि उभर कर सामने आई है और पूरा समाज इससे लाभान्वित हो रहा है. उपायुक्त ने सभी विद्यार्थियों से अनुरोध किया कि जीवन में कुछ बन जाने के बाद जिस विद्यालय में पढ़ें हैं उसे कुछ वापस करने की सोच रखें. उन्होंने विद्यार्थियों को झारखंड में अपनी सेवा देकर यहां के लोगों के लिए कुछ अच्छा करने का आह्वान किया. शिक्षा विभाग के सभी कर्मियों को भी शिक्षा के क्षेत्र में धनबाद जिले को सर्वश्रेष्ठ जिला बनाने का प्रयास करने का भी आह्वान किया. वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालीवाल ने कहा कि जो शिक्षा को महत्व देता है वही जीवन में अपने लक्ष्य को प्राप्त करता है. समारोह में माध्यमिक के 36 एवं इंटरमीडिएट के 30 विद्यार्थियों को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया. मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा, जिला शिक्षा अधीक्षक आयुष कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर, डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की प्राचार्य नमिता कुमारी, एडीपीओ आशीष कुमार, एपीओ अशोक कुमार पांडेय, डॉ मितु सिंह, अनिमा सिंह के अलावा परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी व उनके अभिभावक मौजूद थे.

# मलाबार समूह वितरित करेगा शाकाहारी बिरयानी



**खास बातें**

- हंगर फ्री वर्ल्ड प्रोजेक्ट के तहत धनबाद में दो स्थानों पर वितरण की शुरुआत

शुभम संदेश। धनबाद

मलाबार समूह की सीएसआर गतिविधियों के तहत, थनल दया रिहैबिलिटेशन ट्रस्ट ने धनबाद के पीसीएमसीएच और धनबाद जंक्शन क्षेत्र में 'हंगर फ्री वर्ल्ड' प्रोजेक्ट के अंतर्गत शाकाहारी बिरयानी के स्ट्रीट मील वितरण की शुरुआत की है. इस पहल के तहत प्रतिदिन 200 पैकेट शाकाहारी बिरयानी वितरित की जाएगी, जिसमें से 100 पैकेट एसएनएमएमसीएच और 100 पैकेट धनबाद जंक्शन क्षेत्र में वितरित किए जाएंगे. कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया, जिसमें मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के स्टोर हेड अक्षय, स्टोर मैनेजर अमित, मार्केटिंग मैनेजर तरुण, और अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित थे. मालाबार के स्थानीय मैनेजर अमित कुमार ने बताया कि हमें विश्वास है कि यह पहल समाज के विभिन्न वर्गों पर सकारात्मक प्रभाव डालेगी और अधिक लोगों तक पहुंचने में सहायता करेगी. क्योंकि हमारा उद्देश्य जरूरतमंदों को पोषण भोजन कराना है.

# आदिवासी टोला के चापाकल की नहीं हुई मरम्मत तो रोकेंगे अधिकारियों का पानी

शुभम संदेश। धनबाद



सिंदरी विधानसभा क्षेत्र धनबाद जिले के गोविंदपुर प्रखंड बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के उदयपुर पंचायत के उदयपुर आदिवासी टोला में सार्वजनिक चापाकल खराब हो जाने के कारण गांव के ग्रामीण पेयजल संकट झेल रहे हैं. झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के बरवाअड्डा ज़ोन अध्यक्ष महेन्द्र प्रसाद द्वारा सूचना मिलते ही जेएलकेएम धनबाद जिला मीडिया प्रभारी युवा क्रांतिकारी रंजीत कुमार महतो ने त्वरित पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल गोविंदपुर प्रखंड के अभियंता धनबाद जिला मुख्य कार्यपालक अभियंता और पेयजल विभाग के झारखंड राज्य स्तरीय संबंधित विभागीय पदाधिकारियों से संपर्क करके त्वरित समस्या के समाधान की अपील की. मौके पर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के धनबाद जिला मीडिया प्रभारी और बरवाअड्डा ज़ोन अध्यक्ष महेन्द्र प्रसाद ने संयुक्त रूप से कहा कि राजकुमार मांझी के घर के सामने सरकारी चापाकल ख़राब हो जाने के कारण गांव के सैकड़ों ग्रामीणों को इस बारिश के मौसम में गांव के डांड़ी चुंआ कुंआ का गंदा पानी पीने के लिए मजबूर हैं. इससे डायरिया जैसी बीमारियों का भी ख़तरा मंडरा रहा है. अगर चौबीस घंटे के दौरान पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल गोविंदपुर और संबंधित पेयजल विभाग के पदाधिकारियों द्वारा उदयपुर आदिवासी टोला गांव के चापाकल की मरम्मती नहीं कराई गई तो लोकतांत्रिक तरीके से संबंधित विभाग और विभाग के पदाधिकारियों के आवास में पानी बंद आंदोलन किया जाएगा.

# बाबूलाल मरांडी का स्वागत



शुभम संदेश। धनबाद

भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के धनबाद पहुंचने पर स्थानीय परिसदन में धनबाद विधायक राज सिन्हा ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया. भाजपा धनबाद महानगर अध्यक्ष श्रवण राय के नेतृत्व में जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों और सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ और माला पहनाकर भव्य स्वागत किया. स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से प्रदेश मंत्री सरोज सिंह, जिला महामंत्री मानस प्रसून, जिला उपाध्यक्ष शेखर सिंह, जिला मंत्री व मीडिया संयोजक पंकज सिन्हा उर्फ कुमार अमित, भाजयुमो प्रदेश महामंत्री रूपेश सिन्हा, महावीर पासवान, जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र हांसदा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सत्येंद्र कुमार, रमेश राही, नरेंद्र त्रिवेदी, रीता यादव, योगेंद्र यादव, उचित महतो, सूरज पासवान, बबलू कुमार, संजय झा, रूपेश पासवान, रजनीश तिवारी, बच्चा गिरी, मनोज मालाकार, कन्हैया पांडेय सहित कई अन्य शामिल थे. रविवार को भाजपा धनबाद महानगर द्वारा जिला कार्यालय में आयोजित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती समारोह में बाबूलाल मरांडी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे. इस कार्यक्रम में धनबाद जिले के सभी जनप्रतिनिधि भाग लेंगे.

## आसनसोल

## कंचन तिवारी की स्मृति में रक्तदान शिविर

**रानीगंज।** टीएमसी के पूर्व पार्षद एवं जुझारू नेता स्व. कंचन तिवारी की स्मृति में सीतलपुर में भावभीनी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. इस अवसर पर रक्तदान शिविर और स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर भी आयोजित हुए, जिसमें युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. कार्यक्रम में पूर्व विधायक सोहराब अली ने कहा कि स्व. तिवारी निडर और संघर्षशील नेता थे. माकपा के आतंक के विरुद्ध तृणमूल कांग्रेस का नेतृत्व किया. उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि पुराने और समर्पित कार्यकर्ताओं को फिर से आगे लाया जाए. टीएमसी जिला सचिव परवेज आलम ने भी माना कि पुराने कर्मठ नेताओं को वह सम्मान नहीं मिल रहा, जिसके वे अधिकारी हैं. संगठन की मजबूती के लिए एकजुटता पर बल दिया. कार्यक्रम संयोजक दीवेनदु भगत, अधिवक्ता सायंतन मुखर्जी, टीएमसी नेत्री हिना खातून, सुरेंद्र कहार, उज्ज्वल मंडल, ऑनल मुखर्जी और वकील सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे. सभी ने स्व. तिवारी के सामाजिक व राजनीतिक योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी.

# स्वर्णरेखा में डूबा युवक, 24 घंटे बाद शव मिला, परिजनों ने कहा- यह देवेन नहीं

शुभम संदेश। पुरुलिया



झालदा के पुस्ती क्षेत्र के भुशुड़ी गांव में एक युवक का शव बरामद होने से सनीसनी फैल गयी है. बताते चले कि गुरुवार की सुबह भुशुड़ी गांव के 20 वर्षीय देवेन लोहार मछली पकड़ते समय स्वर्णरेखा नदी पार करते समय डूब गया था. घटना की सूचना मिलते ही झालदा थाने की पुलिस मौके पर पहुंची. बाद में, पश्चिम बंगाल नागरिक सुरक्षा विभाग की बचाव टीम और आसनसोल आपदा प्रबंधन 7वीं बटालियन द्वारा संयुक्त रूप से बचाव अभियान शुरू किया गया. हालांकि गुरुवार शाम तक कोई सफलता नहीं मिली. शुक्रवार की दोपहर एक बजे यानी करीब 24 घंटे बाद नदी से एक अज्ञात शव बरामद हुआ. लेकिन यहीं से नया मोड़ आया- देबेन की मां शीतला लोहार और उनके साथी प्रेमचंद लोहार ने बरामद शव के बारे में दावा किया कि यह शव देबेन का नहीं है. घटना के संबंध में झालदा एक नंबर पंचायत समिति के उपाध्यक्ष शक्तिपद महतो ने कहा कि वे कल से ही घटनास्थल पर है. एक शव बरामद किया गया, लेकिन परिवार के दावे के अनुसार यह शव देवेन का नहीं है. इसलिए मामले की निष्पक्ष जांच की जरूरत है. इस बीच, देबेन की पत्नी, षष्ठीबाला लोहार, अपने चार महीने के बच्चे को लेकर बेहद चिंतित हैं - अपने पति की तलाश, परिवार का भविष्य, ये सब बातें उन्हें चिंतित कर रही हैं. घटनास्थल पर झालदा 1 नंबर ब्लॉक तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष जयप्रकाश महतो और स्थानीय ग्राम पंचायत सदस्य महाबीर कुइरी मौजूद थे.

## श्रमिक श्रम योजना शिविर में 1800 का पंजीयन

**बराकर।** कुल्टी ब्लॉक इंटक के पहल पर एवं श्रम मंत्रालय के सहयोग से पांच दिवसीय श्रमिक श्रम योजना में क्षेत्र के कुल 1800 कामगार पुरुष-महिलाओं ने पंजीयन कराया. आसनसोल के लेबर कमिश्नर आंखन चक्रवर्ती ने बराकर बस स्टैंड में आयोजित कैंप का निरीक्षण किया. कुल्टी ब्लॉक इंटक अध्यक्ष बाबू दत्तो ने कमिश्नर को फूल गुच्छ देकर सम्मानित किया. इस दौरान कैंप में पूर्व पार्षद कुल्टी हिंदी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष प्रेमनाथ साव, पूर्व पार्षद सजल घोष मुख्य रूप से उपस्थित थे. बाबू दत्तो ने कहा कि श्रम कार्यालय की ओर से कुल्टी विधान सभा में रोज कमाने खाने वाले मजदूरों के लिए बराकर बस स्टैंड में पांच दिवसीय श्रमिक शिविर लगाया गया था. ताकि 18 से लेकर 60 वर्ष तक के मेहनतकस मजदूर इस योजना से लाभान्वित हो सकते है. जिनमे पीएफ ओर पेंशन की योजना है. इस योजना के तहत किसी की भी दुर्घटना में मौत हो जाने से उसे आर्थिक मदद श्रम विभाग की ओर से किया जाएगा.

न्यूज अपडेट ▼


## मीरी-पीरी दिवस गुरु हरगोबिंद जी को समर्पित : अमरजीत सिंह बरारा

**रानीगंज।** आसनसोल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रमुख जत्थेदार सरदार अमरजीत सिंह बरारा ने बताया कि मीरी-पीरी दिवस सिखों के छठे गुरु श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी द्वारा धारण की गई मीरी (सांसारिक सत्ता) और पीरी (आध्यात्मिक सत्ता) की दो तलवारों के सिद्धांत को समर्पित है. उन्होंने कहा कि गुरु हरगोबिंद साहिब जी ने सिखों को यह सिखाया कि जीवन के सांसारिक धर्म रक्षा, न्याय, सामाजिक कर्तव्य और आध्यात्मिक धर्म, ध्यान, ईश्वर भक्ति दोनों पहलुओं में संतुलन बनाए रखना आवश्यक है. यही सिद्धांत सिख समुदाय के सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक और नेतृत्व के ढांचे की नींव बना. जत्थेदार बरारा ने कहा कि मीरी-पीरी दिवस गुरु हरगोबिंद साहिब जी की विरासत को स्मरण करने और उनके सिद्धांतों को जीवन में उतारने का अवसर है. यह दिवस सिख समुदाय की एकता, संतुलन और समर्पण का प्रतीक है, जो सभी को धर्म के साथ अपने कर्तव्यों का भी पालन करने की प्रेरणा देता है.

## कोर्ट के आदेश के बाद कुल्टी और चित्तरंजन देशबंधु कॉलेज के यूनियन रूम बंद

**बराकर।** कोलकाता के लॉ कॉलेज में एक छात्रा के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म की घटना के बाद उच्च न्यायालय ने प्रदेश के सभी कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में यूनियन रूम को बंद करने का आदेश दिया है. उच्च शिक्षा विभाग को इस संबंध में विज्ञप्ति जारी करने के निर्देश भी दिए गए हैं. गौरतलब है कि हाल ही में सामने आए इस जघन्य अपराध में टीएमसीपी के एक पूर्व छात्र नेता और कॉलेज गवर्निंग बॉडी के नियुक्त स्टाफ का नाम सामने आया था. घटना की गंभीरता को देखते हुए कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है. कोर्ट ने टिप्पणी की कि जब राज्य सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा वर्षों से छात्र संगठन के चुनाव नहीं कराए गए हैं, तो फिर यूनियन रूम का औचित्य क्या है? इस टिप्पणी के बाद ही राज्य के विभिन्न कॉलेजों में यूनियन रूम को बंद करने की कार्रवाई शुरू हो गई है. कुल्टी कॉलेज और चित्तरंजन देशबंधु महाविद्यालय ने कोर्ट के निर्देशानुसार अपने-अपने संस्थानों में यूनियन रूम को बंद कर दिया है. कुल्टी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. राजकुमार राय ने बताया कि उच्च न्यायालय के निर्देश के अनुसार यूनियन रूम को बंद करने की कार्रवाई की गई है. वहीं देशबंधु महाविद्यालय के प्राचार्य टी. कुंडू ने कहा कि हमारे कॉलेज में कई वर्षों से छात्र संसद का चुनाव नहीं हुआ है, इसलिए यूनियन रूम पहले से ही बंद है.

## मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक



**कुल्टी।** मोहर्रम के अवसर पर कुल्टी क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने के लिए शुक्रवार को कुल्टी क्लब सभागार में एक शांति समिति बैठक आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता एसीपी कुल्टी जावेद हसन ने की. इसमें कुल्टी थाना प्रभारी कृष्णेन्दु दत्ता, नियामतपुर प्रभारी अखिल मुखर्जी, बराकर ट्रैफिक प्रभारी संजीव सरकार, चौरंगी व साकतोड़िया पुलिस प्रभारी, ट्रैफिक विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि व शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे.बैठक में एसीपी ने स्पष्ट किया कि मोहर्रम के जुलूस में डीजे और हथियारों का प्रयोग प्रतिबंधित रहेगा. प्रत्येक अखाड़े पर एक नोडल अधिकारी तैनात रहेगा और पूरे कार्यक्रम की वीडियोग्राफी की जाएगी ताकि किसी प्रकार की गड़बड़ी को रोका जा सके. उन्होंने लोगों से शांतिपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील की. ट्रैफिक पुलिस ने रूट डायवर्जन की जानकारी दी और कहा कि जुलूस के समय कुछ मार्गों पर वाहनों का आवागमन बंद रहेगा, जहां पुलिस बल की तैनाती की जाएगी. पूर्व पार्षद पप्पू सिंह ने कहा कि समुदाय में भाईचारा बनाए रखना सभी का कर्तव्य है और प्रशासन के निर्देशानुसार मोहर्रम मनाया जाएगा. बैठक में बोरो चेयरमैन चैतन्य मांझी, स्थानीय पार्षदों और अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी भाग लिया.

# देशव्यापी हड़ताल के लिए एसीसी की बैठक



शुभम संदेश। बराकर

बीसीसीएल एरिया-12 के बैगुनिया जीएम ऑफिस के सभागार में क्षेत्रीय सलाहकार समिति एसीसी, प्रबंधन और विभिन्न यूनियनों के बीच आगामी 9 जुलाई को प्रस्तावित दस सूत्री मांगों को लेकर देशव्यापी हड़ताल पर चर्चा हेतु बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में लगभग सभी यूनियनों ने हड़ताल को लेकर अपने-अपने विचार व्यक्त किए. बीएमएस को छोड़कर, प्रायः सभी यूनियन परोक्ष या अपरोक्ष रूप से हड़ताल के समर्थन में हैं. जेएमएस पूर्णिमा नीरज सिंह गुट के सुभाष सिंह ने कहा कि हड़ताल यूनियनों का लोकतांत्रिक अधिकार है और मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज उठाना ज़रूरी है. बीकेएमएस के चंदन सिंह ने कहा कि हड़ताल में भाग लेना व्यक्तिगत निर्णय है, किसी को जबरन शामिल नहीं किया जा सकता. सीटू के एस. सरकार, केकेएससी/आईएनटीटीयूसी के राजेश मिश्रा (राजू), एचएमएस के सुभाशीष मुखर्जी, जेएमएस सिद्धार्थ गौतम गुट के विनय सिंह आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए. बैठक में प्रबंधन की ओर से पीएम एस. गोस्वामी, पर्सनल अधिकारी राकेश नायक, एस. भट्टाचार्य, घोष साहेब, दामगोड़िया(पीओ), सेठ साहेब उपस्थित थे. बैठक का उद्देश्य हड़ताल के संभावित प्रभाव को समझना, मजदूरों की मांगों पर चर्चा करना और प्रबंधन तथा यूनियनों के बीच संवाद बनाए रखना था.

## शहीद दिवस के लिए प्रचार प्रसार शुरू

**कुल्टी।** तृणमूल कांग्रेस के कुल्टी ब्लॉक अध्यक्ष कंचन रॉय ने शनिवार को सीतारामपुर वार्ड 19 के तारपाड़ा और बाउरीपाड़ा में 21 जुलाई शहीद दिवस के समर्थन में दीवार लेखन अभियान की शुरुआत की. इस मौके पर तृणमूल यूथ के वार्ड अध्यक्ष कमरुद्दीन शेख मुख्य रूप से उपस्थित रहे. कंचन रॉय ने कोलकाता धर्मतल्ला में आयोजित शहीद दिवस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं से भाग लेने की अपील की. उन्होंने बताया कि 1993 की 21 जुलाई को ममता बनर्जी के नेतृत्व में आंदोलन के दौरान 13 लोगों की शहादत हुई थी, जो पार्टी के संघर्ष का ऐतिहासिक दिन बन गया. इस दिन को हर वर्ष शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है. हर पंचायत में शहीद गेट, हर बूथ पर बैनर, दीवार लेखन, नुक्कड़ सभाएं, तथा युवा और महिला संगठनों द्वारा जुलूस निकाले जाएंगे, ताकि कार्यक्रम को सफल बनाया जा सके.

### इस्को में नौकरी के लिए तीन बोरो चेयरमैन, 36 पार्षद आए साथ

# प्लांट हमारी जमीन पर, नौकरी हमारी क्यों नहीं : तृणमूल कांग्रेस



शुभम संदेश। बर्नपुर

सेल इस्को स्टील प्लांट बर्नपुर के विस्तारीकरण और आधुनिकीकरण परियोजना के तहत केंद्र सरकार द्वारा 36,000 करोड़ की स्वीकृति दिए जाने के बाद प्लांट का विकास कार्य तेजी से चल रहा है। इसी के साथ स्थानीय युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता देने की मांग जोर पकड़ रही है। शनिवार को स्टेशन रोड स्थित तृणमूल कांग्रेस कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पार्टी के वरिष्ठ नेता और वार्ड 78 के पार्षद अशोक रूद्र ने केंद्र सरकार और सेल प्रबंधन पर तीखा हमला बोला। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अगर स्थानीय युवाओं की उपेक्षा कर बाहरी लोगों को नौकरी दी गई, तो तृणमूल कांग्रेस सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेगी. अशोक रूद्र ने कहा कि जब प्लांट हमारी धरती पर बना है, तो यहां के युवाओं को रोजगार का पहला अधिकार मिलना चाहिए. यदि यह अधिकार छीना गया, तो पार्टी विधानसभा से लेकर सड़क तक संघर्ष करेगी. उन्होंने बताया कि यह मुद्दा राजनीतिक नहीं, बल्कि स्थानीय बेरोजगार युवाओं के अधिकार से जुड़ा है. उन्होंने यह भी बताया कि शुरुआत में 4 पार्षदों ने यह मांग उठाई थी, लेकिन अब 36 तृणमूल पार्षदों ने हस्ताक्षर कर इस संबंध में पत्र केंद्र के इस्पात मंत्री और सेल प्रबंधन को भेजा है. साथ ही उन्होंने आईएसपी में सक्रिय ट्रेड यूनियनों की निष्क्रियता की आलोचना करते हुए कहा कि उनके उदासीन रवैये के कारण स्थायी और ठेका कर्मी दोनों ही लंबे समय से उपेक्षित हैं. प्रेस वार्ता में चैतन्य माझी (बोरो चेयरमैन), रविलाल टुडू (बोरो चेयरमैन), शिवानंद बाउरी (बोरो चेयरमैन), कहकशा रियाज़ (पार्षद), गुरमीत सिंह, तरुण चक्रवर्ती, श्रावणी विश्वास, सीमा मंडल, संध्या दास, मीना कुमारी हांसदा सहित अन्य पार्षद भी इस मौके पर मौजूद रहे.



## कम नींद लेने पर डायबिटीज मरीजों को हो सकती हैं ये दिक्कत

**अगर आप डायबिटीज के मरीज हैं तो आपको कम सेक कम 8 घंटे की नींद लेना चाहिए, नहीं तो आपकी सेहत को भारी नुकसान हो सकता है।**

पर्याप्त नींद सेहत की कुंजी होती है। नींद खराब यानी आपकी सेहत खराब। नींद की कमी के कारण हम कई तरह की बीमारियों से पीड़ित हो जाते हैं। खासकर आप डायबिटीज के मरीज हैं तो आपको पर्याप्त नींद लेना काफी जरूरी होता है,नहीं तो इससे आपकी स्थिति और भी बदतर हो सकती है। आइए जानते हैं कम नींद लेने पर डायबिटीज के मरीजों को क्या-क्या दिक्कत हो सकती है।

डायबिटीज एक ऐसी समस्या है जिसका कोई इलाज नहीं है,यह एक बार हो जाता है तो यह आपके जीवन भर का साथी बन जाता है। इसमें पैंक्रियाज सही मात्रा में इंसुलिन नहीं बना पाते हैं या सेल्स इंसुलिन का सही इस्तेमाल नहीं कर पाते हैं,इसके कारण ब्लड शुगर लेवल बढ़ जाता है।

### हो सकती हैं ये दिक्कत

एक्सपर्ट के मुताबिक नींद की कमी आपके ब्लड शुगर को प्रभावित कर सकती है। जो लोग 6 घंटे से कम नींद लेते हैं उनके शरीर में हार्मोन की गड़बड़ी होने लगती है,इसका सीधा असर आपके ब्लड शुगर पर पड़ सकता है। स्लीप साइकिल छोटी होने पर ब्लड वेसल को नुकसान पहुंच सकता है। देर से सोने से आपका इंसुलिन प्रतिरोध खराब हो सकता है। इसके कारण दूसरे अंगों को भी नुकसान पहुंच सकता है। अगर आप प्री-डायबिटिक हैं और कम नींद लेते हैं तो आप डायबिटीज के शिकार हो सकते हैं।

### डायबिटीज के मरीज ऐसे रखें अपना ख्याल

- एक्सरसाइज करें
- 8 घंटे की पर्याप्त नींद लें।
- सोने का सही पैटर्न सेट करें
- हेल्दी डाइट लें।
- तंबाकू और शराब से दूरी बनाएं।






साइलेंट डिहाइड्रेशन की समस्या बहुत आम है। इसके लक्षण लंबे समय तक नजर नहीं आते हैं जिसकी वजह से कई बार इसे पहचानना मुश्किल हो जाता है।

# साइलेंट डिहाइड्रेशन? समय रहते पहचानना है बेहद जरूरी

यूं तो डिहाइड्रेशन की समस्या किसी भी मौसम में हो सकती है । हमारे शरीर को हेल्दी रहने और सही तरह से फंक्शन करने के लिए पानी की बहुत जरूरत होती है। शरीर से टॉक्सिन्स, यूरिन और पसीने के जरिए पानी बाहर निकलता है। जितनी मात्रा में पानी हमारे शरीर से बाहर जा रहा है उसके अनुपात में जब हम पानी नहीं पीते हैं तो डिहाइड्रेशन के लक्षण नजर आने लगते हैं। डिहाइड्रेशन होने पर चक्कर आना, त्वचा से जुड़ी समस्याएं, किडनी या लिवर का ठीक तरह से काम न करना और भी कई तरह की समस्याएं हो सकती हैं। कई बार डिहाइड्रेशन के लक्षण नजर न आने पर भी आप डिहाइड्रेशन का शिकार हो सकते हैं। इसे डिहाइड्रेशन कहा जाता है। इसके लक्षण बहुत बाद में सामने आते हैं जिसके चलते कई हेल्थ प्रॉब्लम्स होने लगती हैं। इस बारे में हमने पब्लिक हेल्थ एक्सपर्ट,डाइटीशियन, स्वाति बधवाल से बातचीत की। आइए जानते हैं साइलेंट डिहाइड्रेशन क्या होता है और कैसे इससे बचा जा सकता है।

## साइलेंट डिहाइड्रेशन क्या होता है?

डिहाइड्रेशन की समस्या बहुत आम है। इस समस्या के कई लक्षण शरीर में दिखाई देते हैं जिनमें कमजोरी लगना, प्यास लगना, मुंह सूखना या फिर चक्कर आना शामिल है। अगर आपको इनमें से कोई लक्षण महसूस नहीं हो रहे हैं तो इसका मतलब यह बिल्कुल भी नहीं है कि आपको डिहाइड्रेशन ही समस्या नहीं है। कई बार डिहाइड्रेशन के लक्षण नजर नहीं आते हैं, इसे साइलेंट डिहाइड्रेशन कहा जाता है। यह डिहाइड्रेशन से अधिक खतरनाक होता है क्योंकि इस स्थिति में आप पहचान ही नहीं पाते हैं कि आपका शरीर डिहाइड्रेशन से जूझ रहा है।

## क्या होती है वजहें?

डिहाइड्रेशन के पीछे और भी कई कारण हो सकते हैं। जिनमें डायरिया, अधिक पसीना आना, उल्टी होना या फिर पानी कम पीना शामिल है। डिहाइड्रेशन के दौरान हमारे शरीर में जरूरी इलेक्ट्रोलाइट्स जैसे कि क्लोराइड, पोटेशियम और सोडियम की भी कमी हो जाती है। इस कमी को तुरंत पूरा किया जाना बहुत जरूरी है। ये सभी इलेक्ट्रोलाइट्स हमारी सेल्स के सही तरह से काम करने के लिए बहुत जरूरी है और अगर तुरंत इनकी कमी को पूरा नहीं किया गया तो इसके परिणाम घातक हो सकते हैं।

## कितना पानी है सही?

एक्सपर्ट की मानें तो दिन भर में आपको 35ml/kgBW/day पानी पीना चाहिए। इसे आसान भाषा में समझते हैं। अगर आपका वजन 50 किलो है तो आपको एक दिन में लगभग 35x 50 = 1.5 लीटर पानी पीना चाहिए। इसके साथ ही गर्मियों में पसीने के जरिए शरीर से जो पानी निकलता है उसकी कमी भी पूरी होनी चाहिए।





## क्या करें?

- हाइड्रेट रहने के लिए सिप करते हुए पानी पिएं। दिन भर में 1-2 गिलास पानी/शरबत/नीबू पानी चुटकी भर नमक डालकर पिएं।
- कई बार काम के बीच हम पानी पीना भूल जाते हैं या प्यास लगने पर भी इग्नोर कर देते हैं। ऐसा बिल्कुल भी न करें।
- तरबूज, खरबूज, खीरा(खीरे के जूस के फायदे) और ककड़ी जिन चीजों में पानी की मात्रा अधिक होती है, उनका सेवन करें।
- एक्सरसाइज करने से पहले और बाद में अपना वजन चेक करें। अगर आपके वजन में 1 किलो का अंतर है तो अपनी डाइट में 1.5 लीटर पानी को शामिल करें। हाइड्रेशन सिर्फ पानी से नहीं आता है बल्कि शरबत, शिकंजी और चिया सीड्स भी हाइड्रेशन के लिए अच्छे माने जाते हैं।
- इसके साथ ही हाइड्रेटिंग फ्रूट्स जैसे तरबूज, ककड़ी, खीरा, कोकम शर्बत और बेल को अपनी डाइट में जरूर शामिल करें। इससे आपको हाइड्रेशन भी मिलता है और शरीर को ठंडक भी मिलती है। ये सब शरीर के तापमान को कम करने में भी मदद करते हैं।
- अगर आप कॉफी, सोडा, कैफीन वाली ड्रिंक्स या एल्कोहल पीते हैं तो भी आप डिहाइड्रेटेड हो सकते हैं इसलिए एक कप कॉफी से कुछ देर बाद एक गिलास पानी पिएं।
- पानी की मात्रा भी शरीर में जरूरत से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। ज्यादा पानी पीने से शरीर में सोडियम लेवल कम हो सकता है जो जानलेवा भी हो सकता है।

# देश की स्वतंत्रता के लिए आजाद हिंद सेना की देशसेवा!



**5 जुलाई को 'आज़ाद हिंद सेना' की स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में...**

'आजाद हिंद सेना' का नाम आते ही हमारी आँखों के सामने खड़े हो जाते हैं देश की स्वतंत्रता के लिए समूचे विश्व को चुनौती देने वाले नेताजी सुभाषचंद्र बोस। आजाद हिंद सेना भारतीय गुलामी के कालखंड में भारत की अपनी स्वतंत्र सेना थी। इस सेना की स्थापना नेताजी ने 5 जुलाई 1943 को द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान की थी। ब्रिटिशों के विरुद्ध संघर्ष हेतु नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने 40,000 भारतीय स्त्री-पुरुषों के सहयोग से इस सेना का गठन किया और "तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा" ऐसा ओजस्वी आह्वान किया। 'आजाद हिंद सेना' की स्थापना दिवस के अवसर पर यह लेख प्रस्तुत है। देश से बाहर निकले नेताजी को साढ़े तीन वर्ष बीत चुके थे, लेकिन उन्हें अपनी मातृभूमि लौटने की तीव्र इच्छा थी। वे भारत में तब प्रवेश करना चाहते थे, जब शत्रु का नाश हो चुका हो और मातृभूमि को दासता से मुक्त करके वे एक स्वतंत्र राष्ट्र के सम्मानित नागरिक बन सकें। नेताजी कोई दिवास्वप्न देखने वाले आशावादी नहीं थे, बल्कि वे दूरदृष्टा थे। पूरी तैयारी और सामर्थ्य के साथ निर्णायक हमला कर के ही सफलता की सुनिश्चितता पर वे आगे बढ़ते थे। पर उन्हें यह भी भलीभांति ज्ञात था कि केवल सेना और हथियारों से काम नहीं चलेगा, अपितु देशवासियों का मन से समर्थन भी आवश्यक है। उनका यह भी विचार था कि जब आजाद हिंद सेना पूर्व दिशा से विदेशी शासन पर आक्रमण करेगी, उसी समय भारत की जागृत जनता भीतर से विद्रोह करेगी और यह दोहरी चोट ब्रिटिश सत्ता को टिकने नहीं देगी — यही था नेताजी का स्वतंत्रता का सूत्र। लेकिन इसके लिए आवश्यक था कि भारतवासी आजाद हिंद सेना को अपनी मुक्ति सेना और भविष्य के स्वतंत्र भारत की सेना के रूप में देखें। यह कार्य कठिन था, क्योंकि एक ओर ब्रिटिशों ने इस सेना के विरुद्ध षड्यंत्रपूर्वक प्रचार किया — उन्हें 'जिफ्स' (जापानी प्रेरित गुप्तचरी दल) कहा गया। जिससे लोगों को यह लगने लगा कि यह सेना जापान की कठपुतली है और भारत पर हमला कर सत्ता प्राप्त करना चाहती है। दूसरी ओर, भारत के स्थापित नेताओं और कांग्रेस ने भी नेताजी और उनकी सेना को नकार दिया और आलोचना की। जब अपनी ही मातृभूमि में यह स्थिति थी, तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस सेना का क्या सम्मान होता? नेताजी ने यह जान लिया था कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम को अंतरराष्ट्रीय समर्थन मिलना अत्यंत आवश्यक है। उनका लक्ष्य यह था कि उनका और उनकी सेना का प्रतिनिधित्व एक स्वतंत्र राष्ट्र की ओर से हो और सभी स्वतंत्रताप्रेमी एशियाई व पश्चिमी राष्ट्र उनका साथ दें। आजाद हिंद सेना किसी व्यक्तिगत स्वार्थ या सत्ता की भूख के लिए नहीं बनी थी, बल्कि यह एक संघर्षरत राष्ट्र की अस्मिता थी। इसलिए नेताजी कभी नहीं चाहते थे कि इस सेना या उसके समर्थक राष्ट्रों की बदनामी हो। वे सैन्य अनुशासन और युद्धनीति के अनुसार न्यायसंगत मार्ग से स्वातंत्र्य प्राप्ति के लिए संघर्ष कर रहे थे। ठीक उसी प्रकार जैसे छत्रपति शिवाजी महाराज ने राज्याभिषेक करवाकर स्वराज्य की घोषणा की थी, वैसे ही नेताजी ने भी आजाद हिंद का अस्थायी सरकार गठित करने का निर्णय लिया। उनका यह स्पष्ट संकेत था कि यह सेना कोई डाकुओं की टोली नहीं, न ही सत्ता के लिए प्यासे लोगों की भीड़ थी, बल्कि एक स्वतंत्र भारत की प्रतिनिधि सेना थी, जो दुनिया को यह बताना चाहती थी कि यह राष्ट्रध्वज और सेनापति के नेतृत्व में स्वतंत्रता के लिए लड़ रही है। मार्च 1945 से मित्र राष्ट्रों के सामने जापान की हार शुरू हो गई। जर्मनी ने 7 मई को बिना शर्त आत्मसमर्पण किया और जापान ने 15 अगस्त को। इस अप्रत्याशित पराजय से नेताजी की सभी आशाएं टूट गईं। जब वे युद्ध की अगली योजना के तहत सायगम की ओर जा रहे थे, उसी दौरान 18 अगस्त 1945 को फार्मोसा द्वीप के पास उनका विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उनका हृदयविदारक अंत हुआ। भले ही आजाद हिंद सेना दिल्ली तक न पहुँच सकी, लेकिन उसने जो विशाल चुनौती ब्रिटिश साम्राज्य के सामने रखी, उसका इतिहास में कोई जोड़ नहीं है। इससे ब्रिटिश सरकार की नींव हिल गई। उन्हें यह आभास हो गया कि भारत पर शासन करना अब असंभव है। तत्कालीन ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने भी यह स्वीकार किया कि ब्रिटिश सरकार ने भविष्य के अपमान से बचने के लिए भारत छोड़ने का निर्णय लिया। आजाद हिंद सेना के सैनिकों की निस्वार्थ देशसेवा से लाखों देशवासियों के मन में स्वतंत्रता की तीव्र भावना उत्पन्न हुई। नेताजी का असीम साहस और तन-मन-धन अर्पित करने वाले सैनिकों को कोटि-कोटि वंदन और श्रद्धांजलि!


संकलनकर्ता : श्री शंभू गवारे

पूर्व एवं पूर्वोत्तर भारत राज्य समन्वयक

हिन्दू जनजागृति समिति

संपर्क क्र. 9011088535


# ऐसे करें डिहाइड्रेशन टेस्ट और जानें शरीर को कितने पानी की है जरूरत



शरीर में पानी की जरूरत कितनी होती है और डिहाइड्रेटेड होने पर क्या-क्या हो सकता है इसके बारे में तो आप जानते ही होंगे। दरअसल, शरीर की असली ताकत सभी विटामिन-मिनरल्स के साथ-साथ सही हाइड्रेशन पर भी निर्भर रहती है और अगर आपने इसपर ध्यान नहीं दिया तो ये भी हो सकता है कि आपके साथ कई तरह की समस्याएं हो जाएं जैसे स्किन प्रॉब्लम्स, हीट स्ट्रोक, किडनी या लिवर का ठीक तरह से फंक्शन न करना, वॉटर रिटेंशन की समस्या आदि। ऐसे में कई लोगों के साथ ये समस्या होती है कि उन्हें इसके बारे में जानकारी ही नहीं होती कि कब वो डिहाइड्रेट हो रहे हैं और कैसे वो इसे सुधारें। सबसे पहले हमें ये जानना जरूरी है कि हम खुद से ही अपना डिहाइड्रेशन टेस्ट कैसे करें। इसके लिए सेलेब न्यूट्रिशनिस्ट पूजा मखीजा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर ये बताया है कि हम खुद ही स्किन के जरिए अपना डिहाइड्रेशन टेस्ट कैसे कर सकते हैं। हमारी स्किन हमें बता सकती है कि शरीर को पानी की जरूरत है या फिर नहीं है।

## कैसे करें डिहाइड्रेशन टेस्ट?

स्किन के डिहाइड्रेट होने से ये पता लगाया जा सकता है कि हमारा शरीर कितना डिहाइड्रेटेड है। पूजा मखीजा का कहना है कि अगर आप ट्रैवल कर रहे हैं या फिर आप बहुत देर से कोई काम कर रहे हैं तो ये टेस्ट जरूर कर लेना चाहिए। इसके लिए आप स्किन को बेस बना सकते हैं। क्या करें- उंगलियों के नकल्स (उंगलियों के जोड़ों की स्किन) को पिंच करके उठाएं।

अगर वो एकदम से नीचे चली जाती है तो शरीर डिहाइड्रेटेड नहीं है।

अगर ये नीचे जाने में थोड़ा समय लेती है तो आपका शरीर डिहाइड्रेटेड है।

ये टेस्ट आप नॉर्मल स्किन पर भी कर सकते हैं, लेकिन सबसे अच्छे नतीजे नकल्स की स्किन पर ही होते हैं।

डिहाइड्रेशन को दूर करने के लिए सबसे अच्छा तरीका होता है कि आप धीरे-धीरे सिप-सिप कर पानी पिएं। एकदम से प्यास लगने पर पूरा 1 ग्लास पानी पी जाना हमें अच्छा तो लगता है, लेकिन यकीन मानिए ये डिहाइड्रेशन पर कोई खास असर नहीं करता है। आपको इसके लिए ठीक तरह से पानी पीना होगा। अगर पूरे दिन में आप थोड़ी-थोड़ी देर में सिप-सिप कर पानी पीते हैं तो शरीर ज्यादा बेहतर तरीके से हाइड्रेट रह सकेगा।

किन तरीकों से कम किया जा सकता है डिहाइड्रेशन-

- अगर आपको लग रहा है कि शरीर डिहाइड्रेटेड है तो आप उसे ठीक करने के लिए ये तरीके अपना सकते हैं-
- अगर शरीर डिहाइड्रेट हो रहा है तो ब्लड शुगर लेवल भी कम होता है ऐसे में ग्लूकोज का पानी लेना सही हो सकता है।
- अगर आपको बार-बार वीकनेस फील हो रही है तो आप नारियल पानी पी सकते हैं।
- अगर कहीं ट्रैवल कर रहे हैं तो हमेशा अपने साथ पानी की बोतल रखें। आप खीरा आदि खाकर भी डिहाइड्रेशन को कम कर सकते हैं।
- अगर आपको लग रहा है कि गर्मी और धूप के कारण चक्कर आ रहा है तो छांव में जाकर शरीर को ठंडा करने की कोशिश करें और फिर थोड़ा सा पानी पिएं। एकदम से पानी पीना सही नहीं होगा।
- अगर डिहाइड्रेशन के कारण उल्टी-दस्त शुरू हो गए हैं तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

**मंथन**

## ईडी रेड: कानूनी शिकंजा या राजनीतिक घेराबंदी?

झारखंड की राजनीति में एक बार फिर ईडी की सक्रियता ने हलचल मचा दी है. शुक्रवार सुबह रांची, हजारीबाग और बड़कागांव में कांग्रेस की पूर्व विधायक अंबा प्रसाद और पूर्व मंत्री योगेंद्र साव से जुड़े मामलों में ईडी की छापेमारी से यह स्पष्ट होता है कि राज्य में वित्तीय अनियमितताओं पर जांच एजेंसियों की निगाह लगातार बनी हुई है. ईडी की यह कार्रवाई आरकेटीसी ट्रांसपोर्टिंग कंपनी से जुड़े एक बड़े घोटाले की जांच के तहत की गई. आरोप है कि इस कंपनी के जरिए झारखंड में व्यापक स्तर पर वित्तीय गड़बड़ियां की गईं. इस सिलसिले में अंबा प्रसाद के निजी सहायकों संजीव साव, मनोज दांगी और पंचम कुमार के ठिकानों पर भी कार्रवाई हुई. उल्लेखनीय है कि इससे पहले मार्च 2024 में भी अंबा प्रसाद और उनके करीबियों के 17 ठिकानों पर ईडी ने छापेमारी की थी, जिसमें नगदी और दस्तावेज जब्त किए गए थे. हालांकि अंबा प्रसाद ने आरकेटीसी कंपनी से किसी भी तरह के संबंध से इनकार किया है और इसे झूठा व भ्रामक बताया है. उनका यह दावा कि सहयोगियों ने चुनाव में धोखा दिया, खुद एक राजनीतिक संकट का संकेत देता है. यह पूरा मामला अब सिर्फ जांच एजेंसियों का दायरा नहीं रह गया है, बल्कि यह सत्ता, प्रशासन और राजनीतिक संरक्षण के जटिल ताने-बाने को भी उजागर करता है. ईडी की कार्रवाइयों पर यह सवाल भी उठता है कि क्या यह निष्पक्ष जांच का हिस्सा है या फिर चुनिंदा चेहरों पर केंद्रित राजनीतिक औजार? जरूरत है कि जांचें समयबद्ध और पारदर्शी हों ताकि भरोसा बना रहे. कानून अपना काम करे, लेकिन इसका इस्तेमाल राजनीतिक प्रतिशोध के रूप में न हो-यही एक स्वस्थ लोकतंत्र की बुनियाद है.

**नजरिया**

## केंद्र की नीतियों के खिलाफ एक निर्णायक मोर्चाबंदी

झारखंड की राजधानी से उठी आवाज देशभर में गूंजने को तैयार है. केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और संयुक्त किसान मोर्चा के साझा मंच ने 9 जुलाई को राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल की घोषणा कर केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ एक बड़ा जनसंघर्ष छेड़ने का ऐलान किया है. यह हड़ताल केवल एक दिन का प्रदर्शन नहीं, बल्कि मजदूरों और किसानों के अधिकारों की रक्षा के लिए एक निर्णायक लड़ाई की शुरुआत के रूप में देखी जा रही. चार श्रम संहिताओं को लागू करने की प्रक्रिया को लेकर चिंता जताई गई, जिससे ट्रेड यूनियन की स्वतंत्रता, हड़ताल का अधिकार, सामाजिक सुरक्षा और स्थायी रोजगार जैसे बुनियादी अधिकारों पर संकट उत्पन्न हो सकता है. इस विरोध को व्यापक जन समर्थन दिलाने के लिए पूरे राज्य में तैयारी जोर-शोर से चल रही है. 8 जुलाई को मशाल जुलूस और 9 को पुतला दहन, सड़क जाम जैसे कार्यक्रमों के ज़रिए विरोध प्रदर्शनों को प्रभावशाली बनाया जाएगा. रांची, धनबाद, देवघर जैसे औद्योगिक जिलों में संयुक्त समितियां सक्रिय हैं और नुक्कड़ सभाओं, रैलियों के ज़रिए जनता को जोड़ा जा रहा है. यह आंदोलन केवल आर्थिक नहीं, बल्कि ऐतिहासिक चेतना और जनाधिकारों की रक्षा का प्रतीक है. यह आंदोलन सरकार को चेतावनी है कि अगर नीतियां जनविरोधी होंगी तो जवाब भी संगठित और तीखा होगा. लोकतंत्र में विरोध की आवाजें लोकतांत्रिक ढांचे को मजबूत करती हैं, न कि कमजोर.

# दक्षिण भारत समेत महाराष्ट्र में हिंदी विरोध का शोर

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

ये जिद आज भारत में उन तमाम करोड़ों लोगों की है, जोकि हिंदी के सहारे अपनी रोजी-रोटी चलाते हैं. हिंदी उनके जीवन में परस्पर संवाद का काम करती है और उन्हें खुशहाल बनाती है. इसलिए ये साफतौर पर आज देश भर में यही कह रहे हैं, हिंदी बोलने के लिए साहब आप कितना भी क्यों न मारिए, पर मैं हिंदी बोलना नहीं छोड़ूंगा. पर कुछ सिरफिरे हैं, जिनके पास लगता है कोई काम नहीं, वह भाषा विवाद पैदा करके ही राजनीति चमकाते हैं, दक्षिण भारत के राज्यों से लेकर महाराष्ट्र तक में यह संकट घना है. अभी महाष्ट्र से पहले तमिलनाडु, कर्नाटक में हिंदी के खिलाफ आवाज तेजी से उठती दिखी. तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन का कहना है कि राज्य में हिंदी का विरोध किया जाएगा, क्योंकि हिंदी मुखौटा है और संस्कृत छुपा हुआ चेहरा, पर क्या वास्तव में ऐसा है? अभी सोशल मीडिया पर महाराष्ट्र के ठाणे में राज ठाकरे की पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के कार्यकर्ताओं द्वारा एक गुजराती दुकानदार की पिटाई करता हुआ वीडियो वायरल है, वास्तव में ये वीडियो बहुत आहत करता है. भाषा के लिए आप किसी को भी मारेंगे? एमएनएस कार्यकर्ता दुकानदार से कहते हैं कि ये महाराष्ट्र है, इसलिए यहां मराठी बोलना ही होगा. राज ठाकरे ने महाराष्ट्र सरकार से मराठी और इंग्लिश अनिवार्य करने की अपील की है. इन्हें हिंदी से दुश्मनी है!

**कुछ सिरफिरे हिंदी का विरोध करके भाषा विवाद पैदा करना चाहते हैं.**




राजभाषा संकल्प 1968 के अनुसार- भारत की एकता एवं अखंडता की भावना को बनाए रखने एवं देश में जनता में संपर्क सुविधा के लिए यह आवश्यक है कि भारत के केंद्र सरकार द्वारा राज्य सरकारों के परामर्श से तैयार किए गए त्रि-भाषा सूत्र को सभी राज्यों में पूर्णत कार्यान्वित किया जाएगा. कोठारी आयोग के बाद नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लिए देश के प्रसिद्ध वैज्ञानिक डॉ. कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता में केंद्र सरकार द्वारा एक समिति का गठन किया गया. चूंकि त्रि-भाषा सूत्र को पूरी तरह व्यावहारिक तौर पर लागू नहीं किया जा सका था, इसलिए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में भी इस बात का उल्लेख किया गया कि उपर्युक्त त्रि-भाषा सूत्र को लागू किया जाएगा. अब थोड़ा अध्ययन अपने आसपास के देशों का और युरोप सहित दुनिया के प्रमुख देशों का भी भाषा के स्तर पर कर लेना चाहिए.भारत के पड़ोसी देश चीन में 300 से ज्यादा भाषाएं बोली जाती हैं. चीनी भाषा (सिनिटिक) में सात मुख्य भाषा समूहों में विभाजित किया गया है, जिनमें मंदारिन, वू, कैंटोनीज़, मिन, हक्का, गान और जियांग शामिल हैं. किंतु एक भाषा के स्तर पर चीन की आधिकारिक भाषा मंदारिन है. नेपाल में 124 से अधिक भाषाएं बोली जाती हैं. जिसमें कि नेपाली देश की आधिकारिक भाषा है. इसके बाद मैथिली दूसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है. भारत के एक अन्य पड़ोसी देश बांग्लादेश में 40 क्षेत्रीय भाषाएं बोली जाती हैं, जिनमें से 36 जातीय अल्पसंख्यक भाषाएं हैं और 6 गैर-जातीय अल्पसंख्यक भाषाएं हैं. आधिकारिक भाषा बांग्ला है. कुछ प्रमुख भाषाएं हैं- चकमा, उर्दू, गारो, मीतेई, कोकबोरोक, और राखीन. इस देश में भी कोई भाषा विवाद नजर नहीं आता. अफगानिस्तान में मुख्य रूप से दो आधिकारिक भाषाएं हैं: पश्तो और दारी. इसके अलावा, कई अन्य क्षेत्रीय भाषाएं भी बोली जाती हैं.

रूस में, रूसी भाषा राष्ट्रीय स्तर पर एकमात्र आधिकारिक भाषा है, लेकिन इसके अलावा, 35 अन्य भाषाएं भी हैं जिन्हें विभिन्न क्षेत्रों में आधिकारिक भाषा के रूप में मान्यता प्राप्त है. फ्रांस में फ्रेंच देश की आधिकारिक भाषा है, वहीं लगभग 75 क्षेत्रीय भाषाएं भी बोली जाती हैं, जिनमें से कुछ को स्कूलों में भी पढ़ाया जाता है. जिनमें ओसीटान, ब्रेटन, बास्क, कोर्सीकन, अलसैटियन और कुछ मेलानेशियन भाषाएं शामिल हैं. जापान में जापानी भाषा बोली जाती है. साथ ही कुछ क्षेत्रीय भाषाएं और बोलियां भी हैं, जैसे कि रयुक्युआन भाषाएं, जो ओकिनावा और कागोशिमा के कुछ हिस्सों में बोली जाती हैं, और ऐनू भाषा, जो होक्काइडो में बोली जाती है. दूसरी तरफ भारत में 121 प्रमुख भाषाएं और 270 मातृभाषाएं बोली जाती हैं. इनमें से 22 भाषाओं को संविधान की आठवीं अनुसूची में आधिकारिक भाषाओं के रूप में मान्यता दी गई है. असमिया, बंगाली, बोडो, डोगरी, गुजराती, हिंदी, कश्मीरी, कोंकणी, मैथिली, मलयालम, मणिपुरी, मराठी, नेपाली, ओड़िया, पंजाबी, संस्कृत, संथाली, सिंधी, तमिल, तेलुगु, उर्दू. कहना होगा कि भारत में भाषाओं की विविधता देश की सांस्कृतिक समृद्धि का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है. जैसा कि हम अन्य देशों के स्तर पर देख सकते हैं. पर भारत में तो आपस में विवाद हो रहा है. हिंदी किसी पर थोपी नहीं जा रही, पर माहौल यही बनाया जाता है. क्या भारत में एक संपर्क भाषा नहीं होनी चाहिए? अंग्रेजी भाषा जोकि एक विदेशी भाषा है, उसे हंसते हुए स्वीकार करेंगे, लेकिन हिंदी जो उनके देश की ही एक भाषा है, उसका विरोध करेंगे. क्या यह गुलाम मानसिकता का परिचय नहीं है? दुनिया का कौन अभागा देश होगा, जहां इस तरह से उस देश के लोग भाषा विवाद खड़ा कर एक दूसरे को पीट रहे हैं? जैसा कि भारत में आए दिन दिखाई देता है!

**समझने की बात यही है कि दुनिया के तमाम देशों में हमारे पड़ोसी मुल्कों तक में अनेक बोली-भाषा का प्रचलन है, किंतु आपसी विवाद नहीं. इसी प्रकार की स्थिति आज भारत में होने की आवश्यकता है. हिंदी को देश की संपर्क भाषा होना ही चाहिए.**

वस्तुतः सोचने वाली बात यही है कि जब देश भाषा के स्तर पर बहुत समृद्ध है फिर हमें अंग्रेजी को एक संपर्क भाषा के रूप में क्यों रखना चाहिए? यदि हिंदी सरल है तब हम अपनी इस भाषा को संपर्क की भाषा क्यों नहीं बनाएं? इसके साथ ही हिंदी भाषियों को क्यों हिंदी या अंग्रेजी तक सीमित रहना चाहिए, उन्हें भी अन्य भारतीय भाषाओं में रुचि दिखा कर उन्हें सीखना चाहिए और यही बात हिंदी राज्यों के अलावा अन्य भाषायी राज्यों पर भी लागू होती है. समझने की बात यही है कि दुनिया के तमाम देशों में हमारे पड़ोसी मुल्कों तक में अनेक बोली-भाषा प्रचलन में हैं, किंतु आपसी विवाद नहीं. इसी प्रकार की स्थिति आज भारत में होने की आवश्यकता है.

**आज का इतिहास**

- **1787:** सिबपुर में बोटेनिकल गार्डन की स्थापना.
- **1885:** वैज्ञानिक लुई पाश्चर ने रेबीज रोधी टीके का पहली बार इस्तेमाल किया.
- **1892:** दादा भाई नौरोजी ब्रिटिश संसद में चुने जाने वाले प्रथम अश्वेत एवं भारतीय बने.
- **1901:** श्यामाप्रसाद मुखर्जी का जन्म.
- **1935:** तिब्बती समुदाय के 14वें एवं मौजूदा गुरु दलाई लामा तेनजिन ग्यात्सो का जन्म.
- **1944:** नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने गांधी को पहली बार राष्ट्रपिता कह कर पुकारा.
- **1959:** वेल्लूर अस्पताल में पहली सफल ओपन हार्ट सर्जरी की गई.
- **1964:** मलावी को ब्रिटेन से आजादी मिली.
- **2006:** नाथूला दर्रा 44 साल बाद खोला गया.
- **1946:** महान नैतिक दार्शनिक पीटर सिंगर का जन्म.
- **1986:** भारतीय राजनीतिज्ञ बाबू जगजीवन राम का निधन.
- **2002:** उद्योगपति धीरूभाई अंबानी का निधन.

## मौत का सौदागर बन गया दुनिया का सबसे अजीज

**चिंतन**

1888 की बात है, एक व्यक्ति सुबह-सुबह उठ कर अखबार पढ़ रहा था, तभी अचानक उसकी नज़र एक शोक- सन्देश पर पड़ी. वह उसे देख दंग रह गया, क्योंकि वहां मरने वाले की जगह उसी का नाम लिखा हुआ था. खुद का नाम पढ़कर वह आश्चर्यचकित तथा भयभीत हो गया. उसे यकीन नहीं हो रहा था कि अखबार ने उसके भाई लुडविग की मरने की खबर देने की जगह खुद उसके मरने की खबर प्रकाशित कर दी थी. खैर, उसने किसी तरह खुद को समभाला, और सोचा, चलो देखते हैं की लोगों ने उसकी मौत पर क्या प्रतिक्रियाएं दी हैं.

उसने पढ़ना शुरू किया, वहां फ्रेंच में लिखा था, मौत का सौदागर मर चुका है. यह उसके लिए और बड़ा आघात था, उसने मन ही मन सोचा, क्या उसके मरने के बाद लोग उसे इसी तरह याद करेंगे?

यह दिन उसकी ज़िन्दगी का टर्निंग पॉइंट बन गया, और उसी दिन से डायनामाइट का यह अविष्कारक विश्व शांति और समाज कल्याण के लिए काम करने लगा. और मरने से पहले उसने अपनी अकूत संपत्ति उन लोगों को पुरस्कार देने के लिए दान दे दी जो विज्ञान और समाज कल्याण के क्षेत्र में उत्कृष्ट काम करते हैं.

मित्रों, उस महान व्यक्ति का नाम था, ऐल्फ्रेड बर्नार्ड नोबेल, और आज उन्ही के नाम पर हर वर्ष नोबेल प्राइज दिए जाते हैं. उन्होंने पूरी दुनिया को नोबेल प्राइज के नाम पर एक सूत्र में जोड़ा. आज उनके नाम पर जो सम्मान पाता है, वह अपने क्षेत्र का महानतम होता है.

आज कोई उन्हें मौत के सौदागर के रूप में नहीं याद करता बल्कि हम उन्हें एक महान वैज्ञानिक और समाज सेवी के रूप में याद किया जाता है.

जीवन एक क्षण भी हमारे मूल्यों और जीवन की दिशा को बदल सकता है, ये हमें सोचना है की हम यहां क्या करना चाहते हैं? हम किस तरह याद किये जाना चाहते हैं? और हम आज क्या करते हैं यही निश्चित करेगा की कल हमें लोग कैसे याद करेंगे! इसलिए, हम जो भी करें सोच-समझ कर करें, कहीं अनजाने में हम मौत के सौदागर जैसी यादें ना छोड़ जाएं ...

**X इंडिया पर ट्रेंडिंग**



1. #SummerRelief
2. #PowerOfMantras
3. #ThugsThackeray
4. गोपाल खेमका
5. Spiritual Energy
6. Vedic Wisdom
7. #भजनलाल_हटाओ_राजस्थान_बचाओ
8. रामविलास पासवान
9. #BahudaYatra
10. पूर्व केंद्रीय मंत्री

# बहुरंग



## 'सरजमीन' के ट्रेलर में इब्राहिम अली खान का दिखा खौफनाक अवतार

बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'मां' को लेकर सुर्खियों में हैं. 27 जून को रिलीज हुई इस फिल्म में काजोल के अभिनय की सभी ने जमकर तारीफ की है. जहां एक ओर उनकी यह फिल्म चर्चा में बनी हुई है, वहीं अब काजोल एक बार फिर नए और दमदार किरदार के साथ पर्दे पर लौटने के लिए तैयार हैं. उनकी अगली फिल्म का नाम है 'सरजमीन', जिसकी हाल ही में आधिकारिक घोषणा के साथ-साथ टीज़र भी जारी किया गया था. अब फिल्म का रोमांचक ट्रेलर भी रिलीज कर दिया गया है, जो इस वक्त सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहा है. इस ट्रेलर में काजोल का गंभीर और इंटेंस अवतार दर्शकों को खूब पसंद आ रहा है और फिल्म को लेकर उनकी उत्सुकता लगातार बढ़ रही है. देशभक्ति से प्रेरित फिल्म 'सरजमीन' में काजोल, इब्राहीम अली खान और साउथ सुपरस्टार पृथ्वीराज सुकुमारन मुख्य भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं. हाल ही में रिलीज हुए ट्रेलर में जबरदस्त एक्शन, इमोशन और ड्रामा की झलक देखने को मिली है. इब्राहीम अली खान की एंट्री ट्रेलर में बर्फ से ढके इलाकों में होती है. इस दौरान बैकग्राउंड में एक दमदार डायलॉग सुनाई देता है, ₹जानते हो, कुछ घाव ऐसे होते हैं जो तब तक नहीं भरते... जब तक आख़िरी याद मिट नहीं जाती...₹ ट्रेलर में इब्राहीम के कई शेड्स देखने को मिले हैं, कभी वह गंभीर नजर आते हैं, तो कभी एक्शन मोड में. कहा जा रहा है कि इस फिल्म में इब्राहीम एक विलेन के किरदार में नजर आएंगे, जो दर्शकों के लिए एक बड़ा सरप्राइज़ हो सकता है. फिल्म का ट्रेलर सोशल मीडिया पर तेज़ी से वायरल हो रहा है और इसे लेकर दर्शकों में काफी उत्साह है. इस बीच सोशल मीडिया पर फिल्म 'सरजमीन' के ट्रेलर की झलक शेयर की गई है, जिसके साथ कैप्शन लिखा है, यहां हर फैसला एक कहानी है, ये कहानी है देश और अपनों की...! इस फिल्म का निर्देशन केओजे ईरानी ने किया है. सरजमीन 25 जुलाई को डिज्नी+ हॉटस्टार पर स्ट्रीम की जाएगी.

## रामायण से दूरी पर बोलीं दीपिका चिखलिया मैं मां सीता की छवि से नहीं खेल सकती हूं...





नितेश तिवारी की बहुप्रतीक्षित फिल्म रामायण का फर्स्ट लुक हाल ही में सामने आया है, जिसे देखकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है. कई लोगों का मानना है कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बड़ी हिट साबित हो सकती है. इस भव्य प्रोजेक्ट को नमित मल्होत्रा द्वारा प्रोड्यूस किया गया है. कुछ दशक पहले रामानंद सागर की रामायण ने भारतीय टेलीविजन पर इतिहास रच दिया था. उस सीरीज में अरुण गोविल ने भगवान श्रीराम और दीपिका चिखलिया ने माता सीता का किरदार निभाकर घर-घर में अपनी एक खास पहचान बनाई थी. अब इस नई रामायण फिल्म में अरुण गोविल राजा दशरथ की भूमिका में नजर आएंगे. हाल ही में दीपिका चिखलिया ने भी इस फिल्म को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है यह फिल्म रामायण की भावना और मर्यादा को बनाए रखेगी, और आज की पीढ़ी के लिए एक सार्थक अनुभव लेकर आएगी. एक इंटरव्यू में दीपिका चिखलिया ने रामायणम फिल्म को लेकर साफ-साफ अपनी बात रखी. उन्होंने कहा, ₹मुझसे 'रामायणम' के लिए कोई संपर्क नहीं किया गया था. मुझे कोई भूमिका ऑफर नहीं की गई. और मुझे नहीं लगता कि उन्होंने मुझे कास्ट करने के बारे में सोचा भी होगा. मैंने एक बार रामायण में माता सीता का किरदार निभाया है. ऐसे में अब मैं उसी रामायण की किसी और भूमिका को निभाने की कल्पना भी नहीं कर सकती.₹ हालांकि उन्होंने यह भी जोड़ा कि अगर भविष्य में महाभारत या शिव पुराण जैसे किसी पौराणिक प्रोजेक्ट में कोई उपयुक्त किरदार सामने आता है, तो वे उस पर विचार जरूर करेंगी. लेकिन रामायणम में काम करने का उन्हें कोई इरादा नहीं है.

दीपिका चिखलिया आज भी दर्शकों के दिलों में माता सीता के रूप में बसी हुई हैं. रामानंद सागर की रामायण में उनके अभिनय ने इतनी गहरी छाप छोड़ी कि उस दौर में लोग सचमुच उन्हें माता सीता मानने लगे थे. कई लोग तो सार्वजनिक जगहों पर उनके पैर छूने लगते थे और उन्हें देवी तुल्य सम्मान देते थे. अरुण गोविल और दीपिका की जोड़ी को देखकर लोगों को लगता था कि वही असली राम और सीता हैं. आज भी उन्हें उतनी ही श्रद्धा और सम्मान से देखा जाता है. अब जब नितेश तिवारी रामायण को नए अंदाज में बड़े पर्दे पर ला रहे हैं, तो लोगों की उम्मीदें काफी बढ़ गई हैं. यह देखना दिलचस्प होगा कि यह नई रामायण दर्शकों पर कैसी छाप छोड़ती है. गौरतलब है कि दो साल पहले ओम राउत के निर्देशन में बनी फिल्म आदिपुरुष भी इसी विषय पर आधारित थी. प्रभास ने भगवान श्रीराम, कृति सेनन ने माता सीता और सैफ अली खान ने रावण की भूमिका निभाई थी. हालांकि, फिल्म को अपने डायलॉग्स, वीएफएक्स और प्रस्तुतिकरण के कारण काफी आलोचना का सामना करना पड़ा था. ऐसे में अब सभी की नजरें नितेश तिवारी की रामायण पर टिकी हैं कि क्या यह फिल्म दर्शकों की उम्मीदों पर खरी उतर पाएगी.

## अर्जुन कपूर की बहन अंशुला ने गुपचुप तरीके से कर ली सगाई



बॉलीवुड के प्रोड्यूसर बोनी कपूर और मोना शौरी की बेटी अंशुला कपूर इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं. जहां भाई अर्जुन कपूर फिल्म इंडस्ट्री में एक जाना-पहचाना नाम हैं, वहीं अंशुला ने ग्लैमर वर्ल्ड से हटकर करियर चुना. अब अंशुला ने अपनी जिंदगी के नए चैप्टर की शुरुआत कर दी है. उन्होंने अपने बॉयफ्रेंड रोहन ठक्कर के साथ सगाई कर ली है. इस खास पल की तस्वीरें उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए फैंस को यह खुशखबरी दी. अंशुला ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी सगाई के खास पलों की तस्वीरें शेयर की हैं. इस पोस्ट के जरिए अंशुला ने बताया कि उनकी और रोहन की पहली मुलाकात एक डेटिंग ऐप के जरिए हुई थी.

उन्होंने लिखा, मुझे अब भी याद है, वो एक मंगलवार का दिन था जब हमने 1:15 बजे बातचीत शुरू की और फिर हम सुबह 6 बजे तक बात करते रहे. तीन साल बाद, उसी रिश्ते को एक खूबसूरत मोड़ देते हुए रोहन ने न्यूयॉर्क के सेंट्रल पार्क में, एक महल के सामने, घुटनों के बल बैठकर अंशुला को प्रपोज किया. इस प्यारे पल को अंशुला ने बेहद रोमांटिक अंदाज में फैंस के साथ शेयर किया. अंशुला ने अपनी सगाई की पोस्ट में लिखा था, उसने मुझे भारतीय समयानुसार रात 1:15 बजे प्रपोज किया. उस पल ऐसा लगा जैसे पूरी दुनिया थम सी गई हो... यह किसी जादुई पल जैसा था. मैं कभी परियों की कहानियों पर यकीन करने वाली लड़की नहीं रही, लेकिन उस दिन रोहन ने मुझे जो तोहफा दिया, वह मेरी ज़िंदगी का सबसे खूबसूरत तोहफा था. मैं हंस रही थी, रो रही थी और कांप रही थी. मैं बेहद खुश थी. तुम 2022 से मेरे साथ हो और अब मैं ज़िंदगी के खास शख्स के साथ नया अध्याय शुरू कर रही हूं.

**बॉक्स ऑफिस रिव्यू**

## रिलीज हुआ द बंगाल फाइल्स का धमाकेदार प्रोमो




बॉलीवुड के चर्चित फिल्म निर्माता और निर्देशक विवेक अग्निहोत्री इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म द बंगाल फाइल्स को लेकर खूब चर्चा में हैं. यह फिल्म 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है. हाल ही में फिल्म का एक दमदार प्रोमो वीडियो जारी किया गया, जिसे सोशल मीडिया पर जबरदस्त प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं. विवेक अग्निहोत्री की पिछली फिल्मों की तरह द बंगाल फाइल्स भी एक गंभीर और विचारोत्तेजक विषय पर आधारित है. विवेक अग्निहोत्री अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'द बंगाल फाइल्स' के साथ एक बार फिर दर्शकों के सामने आने को तैयार हैं. इस फिल्म का भव्य प्रीमियर अमेरिका के विभिन्न शहरों में होने जा रही है. यह फिल्म 19 जुलाई को न्यू जर्सी में, 20 जुलाई को वाशिंगटन डीसी में, 25 जुलाई को रैले में, 26 जुलाई को अटलांटा में, 27 जुलाई को टैम्पा में, 1 अगस्त को फीनिक्स में, 2 अगस्त को लॉस एंजिल्स में, 3 अगस्त को एसएफ बे एरिया में, 9 अगस्त को शिकागो और 10 अगस्त को ह्यूस्टन में दिखाई जाएगी.फिल्म द बंगाल फाइल्स का प्रोमो शेयर करते हुए निर्देशक विवेक अग्निहोत्री ने एक भावुक संदेश लिखा, ₹अमेरिकी स्वतंत्रता दिवस के मौके पर हम लेकर आए हैं भारतीय स्वतंत्रता की एक अनकही और असहज करने वाली कहानी. 10 शहर, 1 सत्य. अगर द कश्मीर फाइल्स ने आपको भीतर तक झकझोरा था, तो द बंगाल फाइल्स आपको और भी ज्यादा बेचैन कर देगी.₹ इस फिल्म में दमदार कलाकारों की टोली नजर आने वाली है.




**आचार्य प्रणव मिश्रा**
मोबाइल नंबर 8210075897

**मेष :** खान-पान में सावधानी रखें. कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा. मान-सम्मान में वृद्घि होगी. अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे. अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें. आगे से रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी. कामकाज सीमित तौर पर ही बनें. शुभांक-3-6-9

**वृष :** प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे. कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच मांगलिक कार्य सम्पन्न होंगे. आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी. स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी. ज्ञान-विज्ञान की वृद्घि होगी और सज्जनों का साथ रहेगा. शुभांक-3-5-7

**मिथुन :** कुछ कार्य भी सिद्घ होंगे. व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचे तो अच्छा है. प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा. अवरुद्घ कार्य संपन्न हो जाएंगे. दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे. महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा. संतान की उन्नति के योग हैं. शुभांक-4-6-7

**कर्क :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी. आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्घ हो रहे है. कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे. सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा. धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी. कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा. शुभांक-2-5-6

**सिंह :** शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है. व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी. नौकरी में पदोन्नति की संभावना है. मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है. शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें. पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी. दैनिक सुख-सुविधा में वृद्घि होगी. शुभांक-2-5-7

**कन्या :** सुख-आनंद कारक समय है. लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी. सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा. कुछ महत्वपूर्ण कार्य के लिए भाग-दौड़ रहेगी. सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी. व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है. आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी. शुभांक-3-6-7

**तुला :** शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा. कामकाज की अधिकता रहेगी. लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम होगा. व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी. कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा. धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी. शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक :** समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी. व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी. कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा. अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी. शुभांक-3-6-7

**धनु :** नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे. सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी. अपने काम को प्राथमिकता से करें. कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी. समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा. यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा. कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे. शुभांक-3-5-6

**मकर :** सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी. आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी. यात्रा शुभ रहेगी. अपने काम पर पैनी नजर रखिए. विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा. स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा. परिवार में अशांति रहेगी. शुभांक-1-4-5

**कुंभ :** समय पक्ष का बना रहेगा. कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी. लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे. परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए. कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा. शुभांक-2-5-7

**मीन :** यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा. पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे. जोखिम से दूर रहना ही बुद्घिमानी होगी. यश-प्रतिष्ठा में वृद्घि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है. स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें. व्यापार में वृद्घि होगी. किसी बात को लेकर मन में संशय पैदा हो सकता है. शुभांक-2-4-6

### एआईएमआईएम के महागठबंधन में शामिल होने के प्रस्ताव पर बोला राजद

# बिहार की सियासत में दखल न दें

**शुभम संदेश। पटना**

बिहार की सियासत में एक बार फिर नई राजनीतिक खींचतान ने जन्म लिया है. एआईएमआईएम के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी द्वारा महागठबंधन में शामिल होने के प्रस्ताव को राष्ट्रीय जनता दल ने ठुकरा दिया है. इससे पहले ओवैसी की पार्टी ने लालू प्रसाद यादव को एक राजनीतिक पत्र लिखकर सेक्युलर वोटों की एकजुटता की अपील की थी, जिसमें उन्होंने सभी दलों से मिलकर चुनाव लड़ने की गुहार लगाई थी. लेकिन इस प्रस्ताव को शुक्रवार को राजद सांसद और राष्ट्रीय प्रवक्ता मनोज झा ने खारिज कर दिया. उन्होंने कहा, ओवैसी साहब का जनाधार हैदराबाद में है. कभी-कभी चुनाव न लड़ना भी सबसे बड़ी मदद होती है. अगर वाकई बीजेपी को हराना है तो बिहार की सियासत में दखल न दें. मनोज झा ने यह भी कहा कि नफरत और अधिनायकवाद से लड़ने के लिए जरूरी नहीं कि हर मैदान में उतरना ही एकमात्र विकल्प हो.



इस जवाब के बाद एआईएमआईएम के बिहार प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल ईमान ने कड़ा पलटवार किया. उन्होंने कहा, "हमारी सियासी उदारता को हमारी कमजोरी मत समझिए. अगर हमारा प्रस्ताव खारिज किया गया है तो 'थर्ड फ्रंट ज़िंदाबाद'. हम अन्य दलों से बातचीत कर रहे हैं और विकल्प खुले हैं." अख्तरुल ईमान की इस प्रतिक्रिया से साफ हो गया कि एआईएमआईएम अब अकेले ही बिहार की राजनीति में अपनी जगह बनाने की रणनीति पर आगे बढ़ेगी. वहीं, कांग्रेस के बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावारू ने इस मसले पर चुप्पी साधते हुए कहा कि "जिसने प्रस्ताव भेजा और जिसे भेजा, वही जवाब दें." उनकी इस प्रतिक्रिया से यह संकेत मिला कि कांग्रेस फिलहाल इस मामले में किसी भी तरह की स्पष्ट राय देने से बच रही है. इसी बीच, जदयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने भी इस मुद्दे पर तंज कसा. उन्होंने कहा, "क्या ओवैसी अपने पुराने बयानों पर टिकेंगे? याद दिला दूं कि राजद ने एआईएमआईएम के चार विधायक तोड़ लिए थे. राजद बिना दान-जकात के कोई सियासी सौदा नहीं करता. लालू गेट बिना चढ़ावे के नहीं खुलता." नीरज कुमार की इस टिप्पणी से महागठबंधन और एआईएमआईएम के बीच पुरानी दरारें और विवाद उजागर हो गए.

अब 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव की तस्वीर साफ हो रही है. यह मुकाबला त्रिकोणीय नहीं बल्कि चतुष्कोणीय होगा, जिसमें महागठबंधन, एनडीए, एआईएमआईएम के संभावित थर्ड फ्रंट और जन सुराज की रणनीति शामिल होगी. इस बार की सियासत शतरंज की चालों की बजाय ज़ुबानों की तलवार से खेली जाएगी. राजनीतिक दलों के बीच बयानबाज़ी, तंज और रणनीतिक हमले चुनावी रणभूमि में अपनी अहम भूमिका निभाएंगे.

इस स्थिति में बिहार की जनता को बेहद सतर्क रहने की जरूरत है क्योंकि सियासी बयानबाज़ी और गठबंधन के फेर में उनका भविष्य तय होने वाला है. एआईएमआईएम का बिहार में प्रभाव बढ़ाने का प्रयास, राजद का गठबंधन से इनकार, और अन्य दलों की चुप्पी एवं तंज—यह सब मिलकर चुनाव को बेहद दिलचस्प और चुनौतीपूर्ण बनाने वाले हैं. बिहार की सियासी जमीन पर अब नए समीकरण बनेंगे और राजनीतिक दलों की चालें इस बार कड़ी टक्कर का संकेत दे रही हैं.

## ब्रीफ न्यूज

### हादसे में कटिहार मुखिया संघ जिलाध्यक्ष की मौत

**पटना।** कटिहार जिले के मुखिया संघ जिलाध्यक्ष और राजद नेता कौशल किशोर यादव की शनिवार सुबह पटना में एक भीषण सड़क दुर्घटना में मौत हो गई. हादसा फतुहा और खुसरूपुर थाना क्षेत्र की सीमा पर नूतन पेट्रोल पंप के पास हुआ. कौशल किशोर अपने बेटे और सहयोगियों के साथ बोलेरो वाहन से पटना के बापू सभागार में आयोजित राजद के खुला अधिवेशन में शामिल होने जा रहे थे. इसी दौरान ड्राइवर को झपकी आ गई और गाड़ी सड़क किनारे खड़े ट्रक में जा टकराई. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बोलेरो का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया.

### अपराधियों ने पंसस पति को मारी गोली, घायल

**समस्तीपुर।** अपराधियों ने बटहा पंचायत में मनरेगा कार्यस्थल पर पंचायत समिति सदस्य (पंसस) के पति सुरेश प्रसाद सिंह को अपराधियों ने गोली मारकर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया. इस घटना के पीछे जेल में बंद कुख्यात अपराधी द्वारा मांगी गई तीन लाख रुपये की रंगदारी को कारण बताया जा रहा है. मिली जानकारी के अनुसार सुरेश मनरेगा योजना के तहत मजदूरों के साथ कार्य करवा रहे थे. इसी दौरान दो बाइक पर सवार चार अपराधी मौके पर पहुंचे और बिना किसी बातचीत के ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी.

### दरभंगा बस स्टैंड के पास फायरिंग, हड़कंप

**दरभंगा।** दिल्ली मोड़ स्थित बस स्टैंड के पास शनिवार को वर्चस्व की लड़ाई में हुई फायरिंग से पूरे इलाके में हड़कंप मच गया. दिनदहाड़े तीन बाइक पर सवार करीब छह अपराधियों ने बुचामन मोड़ के समीप चार से पांच राउंड गोलियां चलाईं और मौके से फरार हो गए. अचानक हुई इस वारदात से आस-पास के दुकानदारों में दहशत फैल गई, जिससे कई दुकानें तुरंत बंद कर दी गईं. घटना की सूचना मिलते ही सदर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की. प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह फायरिंग बस स्टैंड की बंदोबस्ती को लेकर दो गुटों के बीच वर्चस्व की लड़ाई का नतीजा है.

### पूर्व नक्सली भून्ना मियां की गला रेत कर हत्या

**पूर्वी चंपारण।** दरपा थाना क्षेत्र के पिपरा गांव स्थित हाईस्कूल के समीप अपराधियो ने पूर्व नक्सली भून्ना मियां की गला रेत कर हत्या कर दी. घटना शनिवार सुबह उस वक्त की बताई जा रही है, जब पिपरा गांव के अदालत मियां का पुत्र भून्ना मियां तालाब में पाले गए मछलियो को दाना डालने जा रहा था. पुलिस के अनुसार भून्ना का अपराधिक इतिहास था, इस पर दरपा थाना में कई मामले दर्ज है. इस पर पूर्व में भी कई बार जानलेवा हमला हो चुका है. जिसमे उसे एक बार गोली भी लगी थी. हालांकि लंबे समय तक इलाज कराने के बाद उसकी जान बच गयी थी. हालांकि इस बार अपराधियों ने पहले गोली मारी और फिर गला रेत कर निर्मम हत्या कर दी. मृतक भून्ना के बड़े भाई नूर बताया कि रोज की भांति भून्ना मियां सुबह तालाब में मछलियों को दाना डालने जा रहा था. तभी हाई स्कूल के पास एक घर में पहले से घात लगाए अपराधियों ने उसे घेर लिया. पहले गोली मारी और फिर गला रेतकर हत्या कर दी. इसके बाद शव को सड़क किनारे फेंक कर फरार हो गये.घटना की सूचना पर पहुंचे परिजनो ने पुलिस को इसकी सूचना दी. पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है.

### मुरलीगंज में सब्जी विक्रेता दंपति की हत्या की

**मधेपुरा।** मुरलीगंज प्रखंड के रजनी पंचायत स्थित दमगारा टोला प्रसादी चौक के पास बदमाशों ने सब्जी विक्रेता दिनेश दास और उनकी पत्नी भलिया देवी की निर्मम हत्या कर दी. घटना की जानकारी गुरुवार रात को हुई. जब उन्होंने घर में दोनों के शव खून से लथपथ पड़े देखे. शव के सिर और मुंह पर गहरे जख्म के निशान मिले हैं. इससे आशंका है कि बदमाशों ने भारी ईंट या लोहे की किसी चीज से वार कर हत्या की. थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है. प्रथम दृष्टया मामला जमीनी विवाद से जुड़ा प्रतीत हो रहा है. उन्होंने कहा कि, मामले की गहन छानबीन की जा रही है. परिजनों के आवेदन के बाद विधिवत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी. घटना के विरोध में शुक्रवार सुबह परिजनों और स्थानीय लोगों ने दोनों शवों को एसएच-91 मुख्य सड़क पर रख कर प्रसादी चौक के पास जाम कर दिया. आक्रोशित लोग उच्च स्तरीय जांच, फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉड बुलाने की मांग कर रहे थे. साथ ही हत्यारों की अविलंब गिरफ्तारी की भी मांग की. लोग तरह-तरह की अटकलें लगा रहे हैं. पड़ोसियों ने बताया कि बुधवार की रात किसी को भनक तक नहीं लगी. जिससे साफ होता है कि बदमाश सुनियोजित तरीके से आए थे.

### राजद का 29वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया

## लालू यादव 13वीं बार बने राष्ट्रीय अध्यक्ष

**शुभम संदेश। पटना**

राष्ट्रीय जनता दल के लिए आज का दिन बेहद खास और ऐतिहासिक रहा. पार्टी ने जहां अपना 29वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया, वहीं पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को एक बार फिर से राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया. बापू सभागार, पटना में आयोजित राजद की राष्ट्रीय परिषद की बैठक में लालू यादव को 13वीं बार पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया. इस अवसर पर पार्टी के नेताओं ने उन्हें प्रमाण पत्र और पुष्प गुच्छ भेंट कर बधाई दी. बैठक की अध्यक्षता पार्टी के राष्ट्रीय निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. रामचन्द्र पूर्वे ने की. लालू यादव ने 1997 में जनता दल से अलग होकर राष्ट्रीय जनता दल की नींव रखी थी. तब से अब तक वे लगातार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने हुए हैं. बीते 28 वर्षों में उन्होंने पार्टी को विभिन्न राजनीतिक चुनौतियों और उतार-चढ़ाव के दौर से निकालकर राष्ट्रीय मंच पर मजबूती से खड़ा किया है.



आज की बैठक को आगामी बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों के लिहाज से भी बेहद अहम माना जा रहा है. पार्टी सूत्रों के अनुसार, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को एक बड़ी भूमिका दिए जाने की संभावना है. लालू यादव उन्हें चुनाव संबंधी पार्टी गतिविधियों के संचालन, प्रचार रणनीति तय करने, और उम्मीदवारों के चयन में निर्णायक भूमिका देने पर विचार कर रहे हैं.

तेजस्वी यादव को इस चुनावी अभियान का चेहरा बनाए जाने की चर्चा भी जोरों पर है. बताया जा रहा है कि पार्टी उन्हें चुनाव संचालन समिति का प्रमुख बना सकती है, जिससे वे पूरे अभियान की कमान संभाल सकें. पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का मानना है कि तेजस्वी यादव ने पिछले विधानसभा चुनावों में जिस तरह से जनता का समर्थन हासिल किया था, वह उनकी नेतृत्व क्षमता को दर्शाता है. उन्हें बड़ी जिम्मेदारी देकर पार्टी फिर से युवा नेतृत्व के सहारे चुनावी मैदान में उतरने की तैयारी में है. आज के कार्यक्रम ने यह स्पष्ट कर दिया कि राजद बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर पूरी तरह से सक्रिय हो चुकी है. नेतृत्व की बागडोर अब तेजस्वी यादव को सौंपी जा रही है.

## न्यूज अपडेट

### ई-रिक्शा पलटने से बच्ची की मौत, परिवार में मातम

**बेतिया।** मैनाटाड़ मुख्य मार्ग पर मेला चौक के पास एक ई-रिक्शा के पलट जाने से पांच वर्षीय बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई. मृत बच्ची की पहचान अली अंसारी के रूप में हुई है. हादसे में चनपटिया निवासी धुव्र प्रसाद और उनकी पत्नी उर्मिला देवी भी घायल हो गए हैं. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ई-रिक्शा बेतिया से मैनाटाड़ जा रहा था. मेला चौक के पास एक बाइक को साइड देने के प्रयास में चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिससे रिक्शा सड़क किनारे खड़े अली अंसारी पर पलट गया. हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया. स्थानीय लोगों और परिजनों ने घायलों को तुरंत सीएचसी पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बच्ची की गंभीर स्थिति को देखते हुए जीएमसीएच रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई. इस घटना से अली अंसारी का परिवार गहरे सदमे में है. मां नजमुल खातून, दादा मंसूर मियां और चाचा इब्राहिम मियां का रो-रोकर बुरा हाल है. पुलिस जांच में जुटी है, हालांकि अब तक कोई शिकायत दर्ज नहीं हुई है.

### कार गंगा में गिरी, नाविकों ने दंपति की जान बचाई

**पटना।** दीघा थाना क्षेत्र के मीनार घाट पर शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसा होते-होते टल गया, जब एक नई कार अनियंत्रित होकर गंगा नदी में जा गिरी. कार में सवार दंपती की जान उस समय खतरे में पड़ गई, जब चालक आदित्य प्रकाश ने गलती से ब्रेक की जगह एक्सीलेटर दबा दिया. जानकारी के अनुसार, दंपती अपनी नई कार के साथ मीनार घाट घूमने आए थे. घाट पर पहुंचते ही चालक की गलती से कार तेजी से नदी में जा घुसी और धीरे-धीरे डूबने लगी. कार में फंसे दंपती मदद के लिए चीखने लगे. वहीं, घाट पर मौजूद नाविक राहुल और अंशु ने बिना देर किए साहस दिखाया और रेस्क्यू शुरू किया. दोनों नाविकों ने कड़ी मशक्कत के बाद दंपती को सुरक्षित बाहर निकाल लिया. घटना का वीडियो सामने आया है, जिसमें उनकी बहादुरी साफ नजर आती है. दीघा थाना प्रभारी संतोष सिंह के अनुसार, कार अभी नदी में ही है और उसे निकालने की कोशिश की जा रही है. पुलिस मामले की जांच कर रही है. नाविकों की बहादुरी की इलाके में खूब सराहना हो रही है.

### पटना नगर निगम ने शुरू की मैनहोल एम्बुलेंस सेवा

**पटना।** नगर निगम ने शहरी बुनियादी समस्याओं के समाधान की दिशा में एक अनूठी पहल की है. शहर में टूटे-फूटे और खुले मैनहोलों की समस्या से निजात दिलाने के लिए निगम ने 'मैनहोल एम्बुलेंस' सेवा शुरू की है. यह सुविधा नगर निगम के 75 वार्डों में उपलब्ध होगी और मैनहोल की मरम्मत महज 48 घंटे के भीतर पूरी की जाएगी. इस एम्बुलेंस में एक प्रशिक्षित रिपेयरिंग टीम, प्री-फैब ढक्कन, आवश्यक औजार और सामग्री मौजूद रहेंगी. कंट्रोल रूम से जुड़ी यह क्विक रिस्पांस टीम नागरिकों की शिकायत मिलते ही मौके पर पहुंचकर मरम्मत का कार्य करेगी. नागरिक टोल फ्री नंबर 155304 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करा सकते हैं. विशेष बात यह है कि इन एम्बुलेंस को कबाड़ में पड़ी पुरानी गाड़ियों का नवोन्मेषी उपयोग करके तैयार किया गया है. 'वेस्ट टू वंडर' की तर्ज पर बनाई गई छह मैनहोल एम्बुलेंस शहर के छह अलग-अलग क्षेत्रों में तैनात की जाएंगी. इससे पहले निगम ने इन बेकार वाहनों से 'पिंक टॉयलेट' और 'लू कैफे' जैसे नवाचार भी किए थे.

### बिहार में दो लाख रिक्त पदों पर फिर होगी बहाली

**पटना।** बिहार सरकार ने विभिन्न विभागों में खाली पड़े करीब दो लाख पदों को भरने की प्रक्रिया में तेजी लाने का निर्णय लिया है. यह कदम राज्य के बेरोजगार युवाओं के लिए एक बड़ा अवसर लेकर आया है. सबसे अधिक रिक्तियाँ शिक्षा और पुलिस विभाग में हैं. अनुमान है कि शिक्षक बहाली के चौथे चरण में एक लाख से अधिक पद भरे जाएंगे. वहीं, 19,838 सिपाहियों समेत करीब 36,000 पुलिसकर्मियों की नियुक्ति प्रस्तावित है, जिससे राज्य की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूती मिलेगी. इसके अलावा, तकनीकी और प्रशासनिक विभागों में भी बहाली की योजना तैयार की जा रही है. बहाली प्रक्रिया की निगरानी मुख्य सचिव स्तर पर हर सोमवार को की जा रही है, जिसकी अध्यक्षता सचिव अमृतलाल मीणा कर रहे हैं. उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिया है कि वे शीघ्र बहाली प्रस्ताव तैयार करें. गौरतलब है कि 1 अप्रैल 2020 से अब तक राज्य सरकार लगभग 9.73 लाख नियुक्तियाँ कर चुकी है. अब दो लाख नई बहालियाँ युवाओं के लिए रोजगार का स्वर्णिम अवसर बन सकती हैं, जिससे राज्य में विकास की गति को और बल मिलेगा.

## कारोबार

### भारत की नई ड्रोन योजना: 23.4 करोड़ डॉलर खर्च करेगी

# आत्मनिर्भरता की ओर एक बड़ा कदम

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

भारत सरकार अब ड्रोन टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाने जा रही है. देश में ड्रोन बनाने वाली कंपनियों को बढ़ावा देने के लिए 23.4 करोड़ डॉलर (लगभग 2,000 करोड़ रुपये) की एक नई योजना शुरू की जा रही है. इसका उद्देश्य है कि भारत ड्रोन और उनके कलपुर्जों के लिए अन्य देशों, खासकर चीन और तुर्की पर निर्भर न रहे. यह योजना भारत को न केवल टेक्नोलॉजी में आत्मनिर्भर बनाएगी, बल्कि रणनीतिक रूप से भी मजबूत करेगी. यह योजना तीन वर्षों तक चलेगी और इसमें ड्रोन, उनके पुर्जे, सॉफ्टवेयर और ड्रोन को निष्क्रिय करने वाले सिस्टम भी शामिल होंगे.

सूत्रों के अनुसार सरकार और उद्योग से जुड़े कई लोगों ने इसकी पुष्टि की है, हालांकि उन्होंने अपनी पहचान नहीं उजागर की. यह योजना पूर्व में शुरू की गई 1.2 अरब रुपये की योजना से कहीं अधिक व्यापक और प्रभावशाली है. पिछली योजना से छोटे पैमाने पर काम कर रही कंपनियों को बहुत फायदा नहीं हुआ था, लेकिन इस बार सरकार अधिक गंभीरता और बड़े बजट के साथ आगे बढ़ रही है. भारत अब भी कई ड्रोन तकनीकों के लिए चीन पर निर्भर है, खासकर मोटर, सेंसर और इमेजिंग सिस्टम जैसे महत्वपूर्ण घटकों के लिए. लेकिन इस नई योजना के तहत भारत का लक्ष्य है कि 2028 तक ड्रोन के 40% पुर्जे देश में ही बनें. इससे विदेशी आपूर्ति पर निर्भरता कम होगी और घरेलू तकनीकी क्षमता का विकास होगा. इसके साथ ही, सरकार उन कंपनियों को अतिरिक्त लाभ देगी जो भारत में बने पुर्जों का उपयोग करेंगी.



इस योजना को सफल बनाने में भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) भी अहम भूमिका निभाएगा. यह बैंक ड्रोन बनाने वाली कंपनियों को सस्ते लोन उपलब्ध कराएगा, जिससे उन्हें अपने कारोबार को बढ़ाने और रिसर्च करने में मदद मिलेगी. इसके अलावा टैक्स में छूट और अन्य प्रोत्साहन भी दिए जाएंगे. हाल ही में भारत और पाकिस्तान के बीच ड्रोन को लेकर एक तरह की होड़ देखी गई है. मई में दोनों देशों के बीच चार दिन तक चली लड़ाई में पहली बार ड्रोन का सक्रिय इस्तेमाल हुआ. पाकिस्तान को ड्रोन तकनीक में चीन और तुर्की से सहयोग मिलता है, ऐसे में भारत के लिए यह जरूरी हो गया है कि वह अपनी ड्रोन क्षमताओं को खुद विकसित करे. भारत सरकार का मानना है कि ड्रोन का भविष्य उज्ज्वल है और यह सिर्फ रक्षा ही नहीं, बल्कि कृषि, डिलीवरी, निगरानी और आपदा प्रबंधन जैसे अनेक क्षेत्रों में भी उपयोगी हो सकते हैं. इसलिए यह योजना न केवल सैन्य दृष्टिकोण से, बल्कि नागरिक उद्देश्यों के लिए भी फायदेमंद होगी.

वर्तमान में भारत में 600 से अधिक ड्रोन निर्माण से जुड़ी कंपनियां सक्रिय हैं. सरकार की इस नई योजना से इन कंपनियों को मजबूती मिलेगी और नई कंपनियों के लिए भी अवसर पैदा होंगे. इससे देश में स्टार्टअप्स और टेक्नोलॉजी इनोवेशन को भी प्रोत्साहन मिलेगा. ड्रोन इंडस्ट्री के विस्तार से देश में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे.

युवा इंजीनियर, टेक्निशियन, डिज़ाइनर और रिसर्चर इस क्षेत्र में काम करने के लिए आकर्षित होंगे. इससे न केवल बेरोजगारी में कमी आएगी, बल्कि भारत की अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी. भारत की यह नई ड्रोन नीति न केवल रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है, बल्कि यह आर्थिक विकास, तकनीकी उन्नति और रोजगार सृजन के लिहाज से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है. यह कोशिश देश को भविष्य की युद्धनीति और स्मार्ट तकनीकों के लिए तैयार करने की दिशा में एक ठोस प्रयास है. योजना को से लागू किया गया, तो भारत आने वाले वर्षों में विश्व के अग्रणी देशों में शामिल हो सकता है.

### सावन से पहले सर्राफा बाजार में राहत : सोना-चांदी के दाम गिरे

**नयी दिल्ली।** सावन महीने की शुरुआत से पहले सोने-चांदी के खरीदारों के लिए अच्छी खबर सामने आई है. लगातार तेजी के बाद अब सर्राफा बाजार में दामों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है. उत्तर प्रदेश के वाराणसी में 5 जुलाई को बाजार खुलने पर 24 कैरेट सोने की कीमत में 600 रुपये प्रति 10 ग्राम की कमी आई है. इसके बाद इसकी नई कीमत 98,880 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 4 जुलाई को यह 99,480 रुपये थी. 22 कैरेट सोने की कीमत में भी गिरावट देखी गई है. इसमें 550 रुपये की कमी आई है, जिससे इसका भाव घटकर 90,650 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया है. पहले इसकी कीमत 91,200 रुपये प्रति 10 ग्राम थी. 18 कैरेट सोना खरीदने वालों के लिए भी राहत की खबर है. इसकी कीमत में 450 रुपये की गिरावट आई है और अब इसका दाम 74,170 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया है. चांदी की बात करें तो उसमें भी बड़ी गिरावट दर्ज की गई है. आज चांदी की कीमत में 1,000 रुपये प्रति किलो की कमी आई है, जिससे निवेशकों और ग्राहकों दोनों को राहत मिली है.

### टाटा स्टील को ओडिशा सरकार से 1,902.72 करोड़ का डिमांड नोटिस

**नयी दिल्ली।** टाटा स्टील लिमिटेड को ओडिशा के जाजपुर जिले के खान उप निदेशक से 1,902.72 करोड़ का डिमांड नोटिस प्राप्त हुआ है. यह नोटिस कंपनी के सुकिंदा क्रोमाइट ब्लॉक से खनिजों के डिस्पैच में कथित कमी के कारण जारी किया गया है. कंपनी ने यह जानकारी स्टॉक एक्सचेंज में दाखिल की गई फाइलिंग के माध्यम से दी है. यह नोटिस भारतीय खान ब्यूरो द्वारा खनिज रियायत नियम, 2016 के नियम 12ए के तहत 3 जुलाई को जारी किया गया. इसमें बिक्री कीमतों की संशोधित गणना के आधार पर राशि की मांग की गई है. इस राशि की वसूली के लिए टाटा स्टील की परफॉरमेंस सिक्योरिटी को भुनाने का प्रस्ताव भी रखा है.

### नियो कॉर्पोरेशन पर यौन उत्पीड़न व अवैध प्रथाओं के आरोप

**नयी दिल्ली।** ओसाका में स्थित बिजली और ऊर्जा बचत उत्पादों की इंस्टॉलेशन सेवा देने वाली नियो कॉर्पोरेशन पर पांच पूर्व कर्मचारियों ने गंभीर आरोप लगाए हैं. कर्मचारियों का आरोप है कि कमजोर प्रदर्शन के कारण कंपनी उन्हें न्यूड फोटो खींचने और उसे सहकर्मियों के साथ साझा करने के लिए मजबूर करती है. इसके अलावा, कर्मचारियों ने यौन उत्पीड़न, शारीरिक हिंसा और वेतन में अवैध कटौती के भी आरोप लगाए हैं. मार्च 2025 में ये पांच कर्मचारी कंपनी के खिलाफ कोर्ट में 1.9 करोड़ येन (लगभग 1.32 लाख अमेरिकी डॉलर) का मुआवजा मांगते हुए मुकदमा दर्ज कराया. नियो कॉर्पोरेशन पहले भी विवादों में रह चुकी है, खासकर भ्रामक भर्ती विज्ञापनों को लेकर, जिसमें सेल्स स्टाफ की अत्यधिक आय का दावा किया गया था. कंपनी ने सभी आरोपों का खंडन करते हुए इसे एकतरफा और तथ्यात्मक रूप से गलत बताया है.

### भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 700 अरब डॉलर के पार

**नयी दिल्ली।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार अक्टूबर 2024 के बाद पहली बार 700 अरब डॉलर के पार पहुंच गया है. 27 जून को समाप्त सप्ताह में यह 4.84 अरब डॉलर की वृद्धि के साथ 702.78 अरब डॉलर पर पहुंच गया. हालांकि, देश को अब भी अपने ऑलटाइम हाई 704.88 अरब डॉलर को तोड़ने के लिए लगभग 2 अरब डॉलर और चाहिए. विदेशी मुद्रा भंडार पिछले सप्ताह 1.01 अरब डॉलर घटकर 697.93 अरब डॉलर था, जिससे यह फासला बढ़ गया था. इस साल अब तक भारत के फॉरेक्स रिजर्व में 58.39 अरब डॉलर का इजाफा हुआ है. विश्व स्तर पर भारत विदेशी मुद्रा भंडार के मामले में चौथे स्थान पर है, केवल चीन, जापान और स्विट्जरलैंड से पीछे है. यह उपलब्धि भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती और केंद्रीय बैंक रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के प्रभावशाली प्रबंधन का संकेत है.

### नितिन को कोविड के दौरान स्टार्टअप इंस्टाएस्ट्रो से मिली सफलता


**नयी दिल्ली।** कानपुर आईआईटी के 2002 बैच के बीटेक ग्रेजुएट नितिन वर्मा ने पहले भी दो बार अपने स्टार्टअप बनाए और बिजनेस किया, लेकिन असली पहचान और कामयाबी उन्हें कोरोना महामारी के दौरान शुरू किए गए एस्ट्रोलॉजी स्टार्टअप इंस्टाएस्ट्रो से मिली. अप्रैल 2021 में शुरू हुई इस कंपनी के पास अब 1 करोड़ से अधिक ग्राहक और 2 हजार से ज्यादा प्रोफेशनल एस्ट्रोलॉजर हैं.

**कुटनीति** | दोनों देश औद्योगिक विकास में सहयोग बढ़ाएंगे

## पाकिस्तान-अजरबैजान के बीच 2 अरब डॉलर का समझौता

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

पाकिस्तान और अजरबैजान के बीच 2 बिलियन डॉलर (लगभग 17 हजार करोड़ रुपये) का बड़ा आर्थिक समझौता हुआ है, जिसका मुख्य उद्देश्य पाकिस्तान की संकटग्रस्त अर्थव्यवस्था को मजबूती देना है. दोनों देशों के बीच पहले से ही राजनीतिक और रक्षा संबंध मधुर रहे हैं, लेकिन अब वे आर्थिक साझेदारी को भी नया आयाम दे रहे हैं. यह समझौता अजरबैजान में आयोजित ईसीओ (इकोनॉमिक कोऑपरेशन ऑर्गेनाइजेशन) शिखर सम्मेलन के दौरान हुआ. इस सम्मेलन में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव के बीच एक महत्वपूर्ण मुलाकात हुई. इसके बाद, पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार तथा अजरबैजान के अर्थव्यवस्था मंत्री मिकाइल जब्बारोव ने इस आर्थिक समझौते पर हस्ताक्षर किए. यह कार्यक्रम अजरबैजान के खंकेंडी क्षेत्र में संपन्न हुआ, जिसमें दोनों देशों के शीर्ष नेता मौजूद थे. रेडियो पाकिस्तान की रिपोर्ट के अनुसार, इस समझौते के तहत व्यापार और निवेश के नए अवसर खुलेंगे. दोनों देश ऊर्जा, परिवहन, कृषि और औद्योगिक विकास जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाएंगे. इस समझौते को भविष्य में और भी व्यापक बनाने के लिए अजरबैजान के राष्ट्रपति अलीयेव जल्द ही पाक यात्रा करेंगे. हालांकि उनकी यात्रा की तारीख अभी तय नहीं है, लेकिन कूटनीतिक सूत्रों का कहना है कि यह दौरा इसी वर्ष हो सकता है.



सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तान और अजरबैजान के संबंध हाल के वर्षों में और अधिक मजबूत हुए हैं. अजरबैजान ने भारत-पाक संघर्ष के दौरान हुए ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान का समर्थन किया था. इसके अलावा, दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग भी अच्छा रहा है, जिसमें सैन्य प्रशिक्षण, हथियार खरीद और सामरिक समझौतों की भूमिका अहम रही है. हालांकि, इस नए आर्थिक गठजोड़ के चलते अजरबैजान के भारत और रूस के साथ रिश्ते तनावपूर्ण हो गए हैं. भारत पहले ही पाकिस्तान के साथ अजरबैजान की बढ़ती नजदीकी से असहज है. दूसरी ओर, रूस-अजरबैजान संबंधों में भी दरार तब शुरू हुई, जब दिसंबर 2024 में रूस के ग्रोज़्नी के पास एक अजरबैजानी एयरलाइंस का विमान गलती से मार गिराया गया.

### एसएसवाई में 1000 महीना बचाकर पाएं 27 लाख तक

**नयी दिल्ली।** अगर घर बेटी का जन्म हुआ है, तो उसके उज्जवल भविष्य के लिए सुकन्या समृद्धि योजना (एसएसवाई) एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है. केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही इस योजना में आप सिर्फ 250 से खाता खोल सकते हैं, और हर महीने 1000 की बचत से लंबी अवधि में बड़ा फंड बना सकते हैं. यह योजना डाकघर या किसी अधिकृत बैंक ब्रांच में खोली जा सकती है. इसमें 15 साल तक निवेश करना होता है, जबकि पूरी राशि बेटी के 21 साल पूरे होने पर मिलती है. फिलहाल इसमें 8.2% सालाना ब्याज मिल रहा है, जो टैक्स फ्री है. अगर आप हर महीने 1000 निवेश करते हैं, तो 15 साल में 1.8 लाख जमा होंगे. इस पर ब्याज मिलाकर मैच्योरिटी पर कुल 5.54 लाख मिल सकते हैं.


## पेज 1 का शेष


### झारखंड : संपन्नता में विपन्नता-एक शगल...

टुकड़ों में विभाजित समाज कभी लक्ष्य को प्राप्त नहीं करता. राज्य को नई इबारत लिखनी होगी जिसमें कृषि एवं संबद्ध सेवाएं वानिकी रोजगार परकता सामाजिक सुरक्षा कौशल उन्नयन शिक्षा स्वास्थ्य पीने का पानी उद्यम व्यवसाय के लिए पर्याप्त प्रसार के अवसर हो. कौशल विकास में ऐसी तकनीकों का समावेश हो जिसमें देशज से वैश्विक अवसर के द्वार खुलें. वास्तव में झारखंड को या यों कहिए कमोबेश देश के अधिकांश भाग में कौशल के समेकित अभाव के कारण बेरोजगारी का आलम अर्थात अकुशलता ही बेरोजगारी का मूल है. राज्य शिक्षा के मानकों में बहुत पीछे है दूसरी ओर उच्च शिक्षा को अधिक से अधिक गुणवत्तापूर्ण रोजगार मूलक बनाने की चुनौती है. शिक्षा को रोजगार परक बनाकर ही झारखंड सबको रोजगार दे सकता है. वन सहित संपूर्ण प्राकृतिक संपदा सांस्कृतिक आध्यात्मिक धरोहर को लोकोपयोगी बना सकता है. हां, तकनीक पूंजी निवेश इसमें बड़े सहायक सिद्ध होंगे. इसके लिए प्राथमिकताओं को रेखांकित कर सभी क्षेत्र सेक्टर आर्थिक वर्ग समाज के लिए रोड मैप तो बनाना होगा एवं कलबद्ध लक्ष्य निर्धारित कर समाधान तलाशना होगा. केवल राजनीति के लिए सत्ता या सत्तात्मक राजनीति राज्य के सेहत को संवारने में शायद सार्थक नहीं हो पाए. झारखंड में समग्र विकास के लिए महिला युवा किसान मजदूर शिक्षा कर्मचारियों बुद्धिजीवी सब को साथ लेकर सरकार को समावेशी पहल के माध्यम से विकास का अभियान चलाना होगा! अन्यथा यूं ही 25 के बाद अनेक वर्ष बीत जाएंगे! राजनीति से बड़ा विषय है राज्य समाज की समुन्नति. सबसे बड़ी बात है प्राथमिकताओं को चिन्हित करना और उनके लिए समाज की संपूर्ण शक्ति एवं ईमानदार सहभागिता को समेटने की कला.

### भारत-इंग्लैंड सीरीज : एजबेस्टन की पिच पर एक ही पारी में लिये छह विकेट

# मोहम्मद सिराज को सालभर से था इस पल का इंतजार

**एजेंसी । बर्मिंघम**



भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने शुक्रवार को एजबेस्टन में इंग्लैंड की पहली पारी में छह विकेट लिए. सिराज का कहना है कि वह एक साल से भी अधिक समय से अपने बेहतरीन प्रदर्शन का इंतजार कर रहे थे. मोहम्मद सिराज ने 'जियो-हॉटस्टार' पर कहा, ₹यह अहसास अविश्वसनीय है. मैं एक साल से भी ज्यादा समय से इस तरह के पल का इंतजार कर रहा था. मैंने हमेशा अच्छी गेंदबाजी की, लेकिन विकेट नहीं मिले. मुकाबले के तीसरे दिन सुबह का सेशन अच्छा लगा, लेकिन फिर भी कोई सफलता नहीं मिली. इसलिए यह छह विकेट वाकई खास हैं.एजबेस्टन में चुनौतीपूर्ण और प्रतिकूल परिस्थितियों पर बात करते हुए मोहम्मद सिराज ने बताया कि उन्हें दबाव में खेलना पसंद है.मोहम्मद सिराज ने कहा, पिच धीमी थी, लेकिन पता था कि मुझ पर जिम्मेदारी है. मैंने हाल ही में बहुत ज्यादा मैच नहीं खेले हैं, लेकिन अनुभव के साथ, मुझे पता था कि ज्यादा कोशिश नहीं करनी चाहिए. बस सही एरिया में गेंदबाजी करते रहना है. इससे दबाव बनता है और माहौल बदलता है. मैंने 38 टेस्ट खेले हैं, इसलिए मेरा लक्ष्य स्थिरता लाना था.पेसर ने आगे कहा,भारत के स्कोरबोर्ड पर 600 रन (587 रन) बनाने के बाद, मैं बस लगातार अच्छा प्रदर्शन करना चाहता था. मुझे जिम्मेदारी पसंद है. मुझे चुनौतियां पसंद हैं. मैंने जीवन में कई चुनौतियां देखी हैं. मुझे लगता है कि जब मेरे कंधों पर बोझ होता है, तो मैं सबसे अच्छा प्रदर्शन करता हूं.

पांच मुकाबलों की टेस्ट सीरीज के इस दूसरे मैच में भारत ने अपनी पहली पारी में 587 रन बनाए. इसके जवाब में हैरी ब्रूक (158) और जेमी स्मिथ (नाबाद 184) की शतकीय पारी के दम पर इंग्लैंड ने 407 रन बनाए. भारत के लिए मोहम्मद सिराज ने छह विकेट लिए, जबकि शेष चार विकेट आकाश दीप के खाते में गए.भारत के पास पहली पारी के आधार पर 180 रन की बढ़त थी. टीम इंडिया ने तीसरे दिन की समाप्ति तक 13 ओवर खेले, जिसमें एक विकेट गंवाकर 64 रन खाते में जुटा लिए. ऐसे में भारत के पास दिन की समाप्ति तक 244 रन की कुल बढ़त हो गई है.

# ग्रैंड चेस टूर 2025: गुकेश ने ज़ाग्रेब चरण में रैपिड खिताब अपने नाम किया

**एजेंसी । ज़ाग्रेब**



भारत के युवा ग्रैंडमास्टर और मौजूदा विश्व चैम्पियन डी. गुकेश ने ग्रैंड चेस टूर 2025 के ज़ाग्रेब चरण में रैपिड खिताब अपने नाम किया. शुक्रवार को समाप्त हुए रैपिड सेक्शन में पोलैंड के जान-क्रिज़्टोफ डूडा दूसरे स्थान पर रहे.गुकेश की शुरुआत पहले राउंड में हार के साथ हुई थी, लेकिन उन्होंने शानदार वापसी करते हुए लगातार पांच मुकाबले जीत लिए, जिनमें एक जीत पूर्व विश्व चैम्पियन मैग्नस कार्लसन के खिलाफ भी शामिल रही. इसके बाद गुकेश ने सातवें और आठवें राउंड में क्रमशः अनीश गिरी और इवान सारिच के साथ ड्रॉ खेला.अंतिम राउंड में उन्होंने अमेरिका के वेसली सो को हराकर रैपिड सेक्शन में कुल 14 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया. डूडा 11 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि कार्लसन ने 10 अंक जुटाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया.भारत के ही आर. प्रज्ञानानंद ने 9 अंकों के साथ फैबियानो करूआना के साथ संयुक्त चौथा स्थान हासिल किया.अब प्रतियोगिता का ब्लिट्ज सेक्शन खेला जाएगा. रैपिड और ब्लिट्ज दोनों सेक्शनों के संयुक्त अंक के आधार पर समग्र विजेता का फैसला किया जाएगा.यह ग्रैंड चेस टूर 2025 का तीसरा टूर्नामेंट है. इससे पहले पोलैंड और रोमानिया चरण क्रमशः अप्रैल और मई में खेले गए थे. प्रज्ञानानंद ने रोमानिया के बुखारेस्ट में खिताब जीता था और वारसॉ, पोलैंड में तीसरे स्थान पर रहे थे. अमेरिका में अगस्त में दो और टूर्नामेंट होंगे, जबकि अंतिम चरण ब्राज़ील में सितंबर से अक्टूबर के बीच आयोजित किया जाएगा, जिसमें क्लासिकल, रैपिड और ब्लिट्ज़ तीनों प्रारूप शामिल होंगे.

# कनाडा ओपन : चोउ तिएन चेन को हराकर सेफा में पहुंचे श्रीकांत



**एजेंसी । कैलगरी**

भारत के स्टार शटलर किदांबी श्रीकांत 'कनाडा ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट' के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं. उन्होंने शनिवार को क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे के शीर्ष वरीयता प्राप्त चोउ तिएन चेन को सीधे गेम में 21-18, 21-9 से हराया. श्रीकांत ने चीनी ताइपे के वांग पो-वेई को 43 मिनट तक चले इस मुकाबले में शिकस्त देकर सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का किया था.वर्तमान में विश्व में 49वें स्थान पर काबिज श्रीकांत अब फाइनल में जगह बनाने के लिए जापान के तीसरी वरीयता प्राप्त केंटा निशिमोटो से भिड़ेंगे.

श्रीकांत के पास 30 वर्षीय केंटा निशिमोटो के खिलाफ हेड-टू-हेड रिकॉर्ड में 6-4 की बढ़त है. भारतीय खिलाड़ी ने पिछली विश्व चैंपियनशिप में जापानी शटलर को सीधे गेम में हराया था. इसके बावजूद निशिमोटो अन्य भारतीय खिलाड़ियों के लिए चुनौतियां पेश करते रहे हैं. अपने कोर्ट कवरेज के लिए पहचाने जाने वाले निशिमोटो इस सीजन में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं.निशिमोटो ने भारत के शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम को 21-15, 5-21, 21-17 से कड़ी टक्कर देकर सेमीफाइनल में जगह बनाई है. श्रीकांत प्री-क्वार्टरफाइनल मैच में चीनी ताइपे के वांग पो-वेई के खिलाफ 21-19, 21-14 से जीत दर्ज कर क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे. श्रीकांत ने यह मुकाबला 41 मिनट में जीता था. वांग पो-वेई वर्ल्ड नंबर-71 हैं.पूर्व विश्व चैंपियनशिप रजत पदक विजेता किदांबी श्रीकांत मई में मलेशिया मास्टर्स के फाइनलिस्ट रह चुके हैं.

विमेंस सिंगल्स में, भारत की युवा शटलर श्रेयांशी वलीशेट्टी डेनमार्क की 24 वर्षीय अमाली शुल्ज के खिलाफ एक कठिन मुकाबले में 21-12, 19-21, 19-21 से हारकर बाहर हो गईं. श्रीयांशी ने दूसरे और तीसरे गेम में वापसी की, लेकिन शुरुआती गेम जीतने के बाद बढ़त हासिल नहीं कर पाईं. उन्होंने 9-17 के अंतर को कम करके 19-21 का स्कोर बना दिया.

### विंबलडन 2025 में उलटफेर जारी : सिनर की एकतरफा जीत, ओसाका का सफर समाप्त

# ब्रिटेन के जैक ड्रेपर को मारिन ने हराया

## जानिक सिनर की एकतरफा जीत

**बर्मिंघम लंदन**



विश्व नंबर एक जानिक सिनर ने सेंटर कोर्ट पर गुरुवार रात खेले गए एकतरफा मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के एलेक्जेंडर वुकिच को हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया तो तुर्किये की जेनेप सोनमेज ने इतिहास रचते हुए ग्रैंडस्लैम के तीसरे दौर में वाली ओपन युग की पहली तुर्की खिलाड़ी बनीं. उधर, महिला वर्ग में जापान की नाओमी ओसाका का सफर तीसरे दौर में समाप्त हो गया.

23 वर्षीय इतालवी स्टार सिनर ने मैच में पूरी तरह दबदबा बनाए रखा और शुरुआती दो सेटों में वुकिच को कोई मौका नहीं दिया. तीसरे सेट में वुकिच ने कुछ संघर्ष जरूर किया, लेकिन सिनर ने छठे मैच पाइंट पर मैच खत्म कर 6-1, 6-1, 6-3 से जीत दर्ज की.

उन्होंने मैच में 12 ऐस लगाए और अब तक टूर्नामेंट में अपना सर्व नहीं गंवाया है. अब वे तीसरे दौर में स्पेन के पेड्रो मार्टिनेज से भिड़ेंगे. पेरिस में अलकराज से हार और हाल ही में अपने ट्रेनर व फिजियो से अलग होने के बावजूद सिनर की फार्म लगातार शानदार बनी हुई है. वहीं, विंबलडन में वरीय खिलाड़ियों का बाहर होना जारी रहा. मेंस सिंगल्स में चौथी वरीयता प्राप्त ब्रिटेन के जैक ड्रेपर को क्रोएशिया के मारिन सिलिच ने हराकर उलटफेर किया. सिलिच ने यह मुकाबला 6-4, 6-3, 1-6, 6-4 से जीता. अमेरिका के टामी पाल भी आस्ट्रिया के सबेस्टियन आफनर से हार मिली. आफनर ने 1-6, 7-5, 6-4, 7-5 से जीत दर्ज कर अगले दौर में प्रवेश किया.

**पाव्लुचेंकोवा से हारीं ओसाका :** पूर्व नंबर एक खिलाड़ी नाओमी ओसाका शुक्रवार को अनास्तासिया पाव्लुचेंकोवा के खिलाफ 3-6, 6-4, 6-4 से हार के साथ ही तीसरे दौर से बाहर हो गईं. चार बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन ओसाका की मौजूदा रैंकिंग में 50वें स्थान है. उन्होंने अपने सभी ग्रैंड स्लैम खिताब हार्ड कोर्ट (यूएस ओपन और आस्ट्रेलियन ओपन दोनों में दो-दो बार) पर हासिल किए है. ओसाका इस साल ऑल इंग्लैंड क्लब में अपने पिछले चार में से तीन मैच हारकर पहुंची थीं और उनका करियर रिकार्ड वहां 5-4 का था.उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2017 और 2018 में तीसरे दौर में पहुंचना था. उन्होंने 2021, 2022 और 2023 में टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लिया था. पाव्लुचेंकोवा तीसरे सेट में 4-ऑल से मैच के अंतिम 10 में से आठ अंक भुनाने में सफल रही.

**सोनमेज की ऐतिहासिक जीत :** तुर्किये की 23 वर्षीय टेनिस खिलाड़ी जेनेप सोनमेज ने चीन की झिनयू वांग को 7-5, 7-5 से हराकर विंबलडन के तीसरे दौर में प्रवेश किया. इस जीत के साथ वह ओपन युग (1968 से शुरू) में ग्रैंडस्लैम के तीसरे राउंड में पहुंचने वाली पहली तुर्की खिलाड़ी बन गईं. इससे पहले तुर्किये की बाहतिये मुस्लुओग्लू ने 1950 में फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर में जगह बनाई थी.

### महिला क्रिकेट: भारत को सीरीज जीतने से रोका

# तीसरे टी20 में अंतिम गेंद पर जीता इंग्लैंड

**एजेंसी । लंदन**



इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम ने तीसरे टी20 में भारत को रोमांचक अंतिम गेंद वाले मुकाबले में 5 रन से हराकर सीरीज में पहली जीत दर्ज की. इस जीत के साथ मेज़बान टीम ने पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में अपना खाता खोला.इस मुकाबले में इंग्लैंड की गेंदबाज़ी की कमान सोफी एक्लेस्टोन और लॉरेन फाइलर ने संभाली. एक्लेस्टोन ने जहां किफायती गेंदबाज़ी की, वहीं फाइलर ने अहम मौकों पर विकेट निकालकर भारत को जीत से दूर रखा. 172 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने शानदार शुरुआत की. सलामी बल्लेबाज़ स्मृति मंधाना (56 रन, 49 गेंद) और शेफाली वर्मा (47 रन, 25 गेंद) ने एक और अर्धशतकीय साझेदारी की. शेफाली अर्धशतक से चूक गईं, उन्हें एक्लेस्टोन ने पवेलियन भेजा.तीसरे नंबर पर उतरीं जेमिमा रोड्रिग्स (20 रन, 15 गेंद) पिछले मैच में अर्धशतक जमाने के बाद अच्छे फॉर्म में दिख रही थीं, लेकिन फाइलर ने स्मृति के बाद उन्हें भी जल्द आउट कर भारत की उम्मीदों को झटका दिया.हालांकि इंग्लैंड की फील्डिंग में कई कैच छूटे, लेकिन लॉरेन बेल और इस्सी वोंग ने स्लोअर गेंदों का चतुराई से इस्तेमाल करते हुए मैच को आखिरी ओवर तक पहुंचा दिया. आखिरी गेंद पर भारत को जीत के लिए 6 रन चाहिए थे, लेकिन कप्तान हरमनप्रीत कौर (23 रन, 17 गेंद) छक्का नहीं लगा सकीं.इससे पहले इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहली बार बल्लेबाज़ी का फैसला किया. चोटिल नैट स्किवर-ब्रंट की अनुपस्थिति में इंग्लैंड की सलामी जोड़ी सोफिया डंकली (75 रन, 53 गेंद) और डैनी वायट-हॉज (66 रन, 42 गेंद) ने ताबड़तोड़ शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 137 रन जोड़े.16वें ओवर में दीप्ति शर्मा ने डंकली को कैच आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा. इसके बाद इंग्लैंड की पारी बिखर गई और उसने अगले 31 रन में 8 विकेट गंवा दिए.भारत की ओर से अरूंधति रेड्डी (3/32), दीप्ति शर्मा (3/27), एन. श्री चरणी (2/43), और राधा यादव (1/15) ने शानदार गेंदबाज़ी की और इंग्लैंड की मिडिल और लोअर ऑर्डर को ध्वस्त कर दिया.

### सील्स के झटकों व किंग की बल्लेबाजी का जलवा

# वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया को दबाव में डाला

**एजेंसी । ग्रेनेडा**



वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया के बीच चल रहे दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन का अंत बेहद रोमांचक रहा. वेस्टइंडीज के युवा तेज़ गेंदबाज़ जेडन सील्स ने दिन के अंतिम क्षणों में ऑस्ट्रेलिया के दोनों सलामी बल्लेबाज़ों को पवेलियन भेजकर मुकाबले को पूरी तरह से संतुलित कर दिया. इससे पहले ब्रैंडन किंग की बेहतरीन 75 रनों की पारी और निचले क्रम के उपयोगी योगदान की बदौलत वेस्टइंडीज ने पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया को केवल 33 रनों की बढ़त लेने दी.ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी की शुरुआत बेहद खराब रही. मात्र 35 मिनट के खेल में सैम कोंटास पहली ही ओवर में अपना विकेट गंवा बैठे. वहीं, उस्मान ख्वाजा को भी सील्स ने एक शानदार इनस्विंगर पर एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया. ख्वाजा ने रिव्यू भी लिया, लेकिन निर्णय उनके खिलाफ ही गया. दिन का खेल समाप्त होने तक कैमरून ग्रीन (6)* और नाइटवॉचमैन नाथन लायन (2)* क्रीज़ पर टिके हुए थे, लेकिन ऑस्ट्रेलिया की स्थिति सहज नहीं कही जा सकती.इससे पहले, वेस्टइंडीज की पहली पारी में टीम ने दो बार अच्छी पकड़ बनाई पहले 111/3 और फिर 169/4 के स्कोर पर. किंग और शाई होप के बीच 58 रनों की साझेदारी ने ऑस्ट्रेलिया को दबाव में डाला, लेकिन कप्तान पैट कमिंस ने एक बार फिर मौके पर विकेट निकालकर मैच की दिशा बदल दी.किंग ने 77 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया, जिसमें लायन के खिलाफ दो छक्के भी शामिल थे. लेकिन इसके बाद लायन ने उन्हें एक अतिरिक्त उछाल वाली गेंद पर ग्लव करवा कर पवेलियन भेजा. मैदान पर उन्हें आउट नहीं दिया गया था, लेकिन स्टीव स्मिथ ने डीआरएस लेकर विकेट दिलवाया.पारी के अंत में अल्ज़ारी जोसेफ और शमर जोसेफ ने 51 रनों की अहम साझेदारी कर वेस्टइंडीज को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया. जेडन सील्स और एंडरसन फिलिप की अंतिम विकेट जोड़ी ने 10 ओवर तक संघर्ष कर ऑस्ट्रेलिया की बढ़त को और भी सीमित रखा. वेस्टइंडीज की पारी 253 रन पर समाप्त हुई.ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज़ों में नाथन लायन ने 3/75 और पैट कमिंस ने 2/46 के आंकड़े दर्ज किए.

### फीफा क्लब वर्ल्ड कप

# पाल्मेरास को हरा सेफा में पहुंचा चेल्सी

**एजेंसी । फिलाडेल्फिया**



अगस्टिन जियाय के अंतिम क्षणों में किए गए आत्मघाती गोल की बदौलत चेल्सी ने फीफा क्लब वर्ल्ड कप के क्वार्टर फाइनल में पाल्मेरास पर 2-1 से जीत हासिल की. यह मुकाबला फिलाडेल्फिया के लिंकन फाइनेंशियल फील्ड पर खेला गया. इसी के साथ चेल्सी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है. कोल पाल्मर ने पहले हाफ में चेल्सी के लिए गोल किया, जिससे 'ब्लूज' को न्यूयॉर्क में ब्राजील की टीम फ्लूमिनेंस के साथ सेमीफाइनल में जगह बनाने में मदद मिली.ब्रेक के बाद पाल्मेरास ने जोरदार वापसी की, जब युवा फुटबॉलर एस्टेवाओ ने 53वें मिनट में एक शानदार गोल दागते हुए टीम को बराबरी पर ला दिया, लेकिन मुकाबले के 83वें मिनट में अगस्टिन जियाय के आत्मघाती गोल के चलते पाल्मेरास ने मुकाबला 1-2 से गंवा दिया.चेल्सी के मैनेजर एन्जो मारेस्का ने कहा,जैसा कि हमने उम्मीद की थी, यह एक मुश्किल मुकाबला था. मुझे लगता है कि दूसरे हाफ की तुलना में हम पहले हाफ में थोड़े बेहतर थे. हमने मुकाबले को बेहतर तरीके से कंट्रोल किया. मुझे लगता है कि हम जीत के हकदार थे. खिलाड़ियों को बधाई, क्योंकि उन्होंने काफी अच्छा खेल दिखाया हैं.मारेस्का ने आगे कहा, ₹मैं खुश हूं क्योंकि हम जीत गए, खुश हूं क्योंकि उन्होंने गोल किया, इसलिए यह एक शानदार रात है.वहीं, दूसरी ओर फीफा क्लब विश्व कप 2025 में अपने शानदार अभियान को जारी रखते हुए फ्लूमिनेंसे ने अल हिलाल को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में स्थान पक्का कर लिया है. यह दोनों क्लब के बीच पहली भिड़ंत थी.फ्लूमिनेंसे की ओर से मुकाबले के 40वें मिनट में मैथियस मार्टिनेली ने शानदार गोल दागा, लेकिन 51वें मिनट में मार्कस लियोनार्डो के गोल की मदद से अल हिलाल बराबरी पर आ गई. 70वें मिनट में हर्क्यूलिस ने गोल के साथ अपनी टीम को ऐतिहासिक जीत दिलाई.फ्लूमिनेंसे को कमजोर टीम समझा जा रहा था, लेकिन अब यह टीम 9 जुलाई को सेमीफाइनल में चेल्सी से भिड़ेगी.

### वुशू | बर्मिंघम में बरसे शशिकला नेगी के मुक्के

# वुशू प्रतियोगिता में कशिश ठाकुर ने जीता रजत

**एजेंसी । बर्मिंघम**





हिमाचल प्रदेश के किन्नौर की दूनी गांव की एसएसबी में कार्यरत मुक्केबाज शशिकला नेगी ने अमेरिका के बर्मिंघम शहर में अंतरराष्ट्रीय पुलिस खेलों की बॉक्सिंग स्पर्धा में रजत पदक जीता है.

एसएसबी सीएपीएफ दिल्ली में कार्यरत शशिकला नेगी का विश्व पुलिस खेलों में बॉक्सिंग स्पर्धा के लिए पैरामिल्ट्री फोर्स की ओर से भारतीय महिला टीम में चयन हुआ है. नेगी ने 75 किग्रा में रजत पदक जीता. नेगी ने राष्ट्रीय स्पर्धाओं के अलावा अब तक चार बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक भी जीते हैं. विश्व चैंपियनशिप में बुल्गारिया और सर्बिया में भाग लिया है. इसके अलावा एआईबीए महिला जूनियर और युवा विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2013 में भाग लिया. गोल्डन ग्लब्स मुक्केबाजी प्रतियोगिता 2014 में स्वर्ण पदक, पहली एलीट महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2016 में रजत हासिल कर चुकी हैं.

## हिमाचल के आठ खिलाड़ियों जीत दर्ज की

24वीं जूनियर राष्ट्रीय वुशू प्रतियोगिता में प्रदेश के खिलाड़ियों ने जीत के साथ आगाज किया है. दूसरे दिन हिमाचल के आठ खिलाड़ियों जीत दर्ज की है. प्रतियोगिता तेलंगाना के हैदराबाद में चल रही है. प्रदेश वुशू खेल संघ के महासचिव पीएन आजाद ने बताया कि प्रदेश की खिलाड़ी कशिश ठाकुर ने ताईजीशान इवेंट में रजत पदक जीता है. कशिश ठाकुर इससे पहले खेलो इंडिया (महिला) प्रतियोगिता और राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अब तक छह रजत मेडल जीत चुकी हैं. लड़कों के वर्ग में अक्षय कुमार ने 65 किलोग्राम में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के खिलाड़ी को हराकर जीत दर्ज की है. इसके 56 किलोग्राम भार में अनिल डोगरा ने तेलंगाना को, 70 किलोग्राम भार में पंकज ठाकुर ने पुडुचेरी के खिलाड़ी और 75 किलोग्राम भार की प्रतियोगिता में आर्यन अगले दौर में पहुंच गए हैं. लड़कियों के वर्ग में 45 किलोग्राम भार में शिवाली, सानिया ठाकुर 48 किलोग्राम भार में अगले दौर में पहुंच गई हैं. भूमिका ने 52 किलोग्राम भार की प्रतियोगिता में तेलंगाना, नीलम देवी ने 56 किलोग्राम भार वर्ग की प्रतियोगिता में पश्चिम बंगाल की खिलाड़ी को पराजित किया. संघ के अध्यक्ष शिवपाल मनहास ने प्रतियोगिता में रजत पदक जीतने और अन्य खिलाड़ियों की जीत पर बधाई दी है.

### फीफा क्लब विश्व कप 2025

# फ्लूमिनेंसे ने सेफा में किया प्रवेश

**एजेंसी । टोरंटो**



ब्राजील की क्लब फ्लूमिनेंसे ने फीफा क्लब विश्व कप 2025 में अपने शानदार अभियान को जारी रखते हुए शुक्रवार को सऊदी अरब की अल हिलाल को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली है.टूर्नामेंट की अंडरडॉग मानी जा रही फ्लूमिनेंसे ने पहले हाफ में मैथियस मार्टिनेली के शानदार गोल की मदद से बढ़त बनाई. हालांकि, दूसरे हाफ की शुरुआत में अल हिलाल की ओर से मार्कस लियोनार्डो ने बराबरी का गोल दागा. लेकिन फ्लूमिनेंसे ने हार नहीं मानी और 70वें मिनट में हर्क्यूलिस ने निर्णायक गोल कर अपनी टीम को ऐतिहासिक जीत दिलाई. यह दोनों क्लबों के बीच पहली भिड़ंत थी.फ्लूमिनेंसे, जो इस टूर्नामेंट में एक कमजोर दावेदार मानी जा रही थी, अब सेमीफाइनल में पामेइरास और चेल्सी के बीच होने वाले क्वार्टरफाइनल मुकाबले के विजेता से भिड़ेगी.मैच की शुरुआत एक भावुक क्षण के साथ हुई, जहां खिलाड़ियों और दर्शकों ने लिवरपूल के पुर्तगाली फॉरवर्ड डियोगो जोटा और उनके छोटे भाई आंद्रे सिल्वा की कार दुर्घटना में मृत्यु पर एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी. जोआओ कैंसालो की रक्षात्मक चूक का फायदा उठाते हुए गेब्रियल फुएंतेस ने मार्टिनेली को पास दिया, जिन्होंने शानदार लेफ्ट फुट शॉट से टॉप कॉर्नर में गेंद पहुंचाई. दूसरे हाफ की शुरुआत में कालिदू कूलिबाली के हेडर के बाद लियोनार्डो ने गोल कर स्कोर 1-1 किया. बेंच से आए हर्क्यूलिस ने बॉक्स में प्रवेश किया और सटीक फिनिश कर टीम को जीत दिलाई.

### ब्रीफ न्यूज

## ओडिशा में सड़क हादसे में मकतपुर के युवक की मौत

**जयनगर (कोडरमा)।** जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत मकतपुर निवासी साजन कुमार भोक्ता की शुक्रवार को उड़ीसा में एक सड़क हादसे में मौत हो गई. मृतक बरेली स्थित एक प्लांट में कार्यरत था और ड्यूटी पर जाते समय यह हादसा हुआ.प्राप्त जानकारी के अनुसार, शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे साजन कुमार अन्य सहकर्मियों के साथ मारुति ओमिनी वैन में सवार होकर प्लांट जा रहा था. इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार हाइवा वाहन ने ओमिनी को टक्कर मार दी.हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए.

## मोटरसाइकिल चोरी मामले में एक गिरफ्तार

**कोडरमा।** तिलैया थाना क्षेत्र में हाल ही में हुई मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं का पुलिस ने खुलासा कर दिया है.दो दिन पूर्व बैजनाथ नगर एवं जैन मंदिर के पास से चोरी गई दो मोटरसाइकिलों के मामले में तिलैया थाना में कांड संख्या 203/25 और 204/25 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया था.पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के निर्देश पर पुनि-सह-थाना प्रभारी विनय कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया.तकनीकी एवं मानवीय साक्ष्य के आधार पर की गई त्वरित कार्रवाई में पुलिस ने एक अभियुक्त सचिन कुमार , निवासी भंडरवा, पोस्ट करमा, थाना तिलैया को ब्लॉक मैदान रोड से गिरफ्तार किया.

## सतगावां में अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टर जब्त

**सतगावां (कोडरमा).** थाना क्षेत्र में अवैध रूप से बालू परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए शनिवार को तीन ट्रैक्टर जब्त किए गए.ये कार्रवाई अंचल अधिकारी केशव प्रसाद चौधरी और सतगावां पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से की गई. जानकारी के अनुसार, नावाडीह पुल के पास एक ट्रैक्टर पकड़ा गया, जबकि घोडसीमर से मीरगंज बालू घाट की ओर आ रहे दो अन्य ट्रैक्टरों को करीब दो किलोमीटर पीछा कर जंगल से पकड़ा गया. ट्रैक्टर चालक भागने की कोशिश में बालू गिराते हुए ट्रैक्टर लेकर भाग रहे थे, जिन्हें पकड़कर सतगावां थाना लाया गया।छापेमारी की सूचना फैलते ही समलडीह, मीरगंज, दुमदुमा, पोखरडीहा, कैरी, सिहास, खैरा, अंगार, शिवपुर और भखरा घाटों से दर्जनों ट्रैक्टर फरार हो गए.

## विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चांदेडीह गांव में शनिवार की सुबह एक विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है.मृतका की पहचान 23 वर्षीय मनीषा कुमारी, पति आशुतोष कुमार रजक के रूप में हुई है.मामले की जानकारी देते हुए मृतका के छोटे भाई नितेश ने बताया कि आज सुबह उसे उसकी बहन के घर से फोन आया की वह बीमार है, जल्दी से मिलने आ जाओ.जब वह अपनी बहन के घर चांदेडीह पहुंचा तो देखा कि उसकी बहन एक खपड़ैल के बने कमरे में बांस में फंदे से झूल रही थी.जिसके पश्चात उसने इसकी सूचना पुलिस को दी.उसने बताया कि उसकी बहन ने आत्महत्या नहीं की है बल्कि उसकी हत्या उसके ससुराल वालों द्वारा कर दी गई है.उसने बताया कि उसके बहन की शादी सन 2021 में आशुतोष रजक से हुई थी.शादी के पश्चात कुछ दिनों तक सब कुछ ठीक-ठाक चला.

### पूर्व विधायक सौरभ नारायण सिंह दिल्ली पहुंचकर शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की ली जानकारी

# झारखंड के विकास कार्यों को लेकर सीएम के बीच हुई चर्चा

**शुभम संदेश । हजारीबाग**



हजारीबाग सदर के पूर्व विधायक और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सौरभ नारायण सिंह ने दिल्ली स्थित सर गंगाराम अस्पताल में झारखंड के संरक्षक और झामुमो के संस्थापक बाबा शिबू सोरेन से मुलाकात की. उन्होंने बाबा के स्वास्थ्य की स्थिति की जानकारी ली और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की.

इस दौरान सौरभ नारायण सिंह ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी मुलाकात की, जो अपने पिता बाबा शिबू सोरेन के साथ सर गंगाराम अस्पताल में मौजूद थे. उन्होंने सीएम हेमंत सोरेन से बाबा के इलाज की विस्तृत जानकारी ली और कहा कि बाबा झारखंड की आत्मा हैं, उनका स्वस्थ रहना पूरे राज्य के लिए आवश्यक है. पूर्व विधायक ने कहा कि बाबा शिबू सोरेन झारखंड की राजनीति के एक स्तंभ हैं.

उनके संघर्षों से यह राज्य बना है. मैं उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूँ और इस कठिन समय में पूरे परिवार के साथ खड़ा हूँ.सौरभ नारायण सिंह ने कहा कि इस मुलाकात को राजनीतिक से ज्यादा सामाजिक और मानवीय जुड़ाव के रूप में देखा जा रहा है. दिल्ली स्थित सर गंगाराम अस्पताल में झारखंड के संरक्षक बाबा शिबू सोरेन से मुलाकात के बाद पूर्व विधायक सौरभ नारायण सिंह और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बीच राज्य के विकास कार्यों को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा हुई. दोनों नेताओं ने झारखंड के भविष्य, जनता की जरूरतें और सरकार की प्राथमिकताओं पर आपसी विचार साझा किए. बातचीत के दौरान राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, शैक्षणिक संस्थानों की मजबूती, सड़क और यातायात सुधार, तथा युवाओं को रोजगार से जोड़ने जैसे विषयों पर विशेष रूप से चर्चा हुई. सौरभ नारायण सिंह ने कहा कि झारखंड एक संभावनाओं से भरा राज्य है. सीएम हेमंत सोरेन ने इस अवसर पर राज्य में उनके द्वारा शुरू की गई योजनाओं और उनकी प्राथमिकताओं को साझा करते हुए कहा कि झारखंड की जनता का भरोसा हमारे लिए सबसे बड़ी ताकत है, और हम हर वर्ग के लिए काम कर रहे हैं. इस मुलाकात को झारखंड की राजनीति में एक सौहार्दपूर्ण संवाद और सहयोग की दिशा में सकारात्मक पहल माना जा रहा है. सौरभ नारायण सिंह ने यह भी कहा कि यदि सभी दल राज्य हित में साथ आएं तो झारखंड देश के अग्रणी राज्यों में गिना जा सकता है. उन्होंने बाबा शिबू सोरेन के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना के साथ झारखंड के सुनहरे भविष्य की उम्मीद भी जताई .

### एक नजर

## धनबाद अंचल के लिए ऊर्जा मित्र प्रतिनिधियों की नियुक्ति

**धनबाद।** झारखंड राज्य ऊर्जा मित्र संघ के संस्थापक संतोष कुशवाहा ने धनबाद जेबीवीएनएल के महाप्रबंधक सह मुख्य अभियंता अशोक कुमार सिन्हा को पत्र लिखकर धनबाद अंचल के विभिन्न सब-डिवीजनों में ऊर्जा मित्रों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिनिधियों की नियुक्ति की जानकारी दी. कुशवाहा ने बताया कि धनबाद एरिया बोर्ड के अंतर्गत दोनों अंचलों में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य एजेंसियों के माध्यम से किया जा रहा है. इस दौरान ऊर्जा मित्रों के साथ उपभोक्ताओं द्वारा विवाद, गाली-गलौज, मारपीट और झूठे आरोपों की शिकायतें सामने आ रही हैं. खासकर स्मार्ट मीटर की रीडिंग को लेकर उपभोक्ताओं द्वारा दबाव बनाया जा रहा है. इन समस्याओं के समाधान के लिए संघ ने धनबाद अंचल के प्रत्येक सब-डिवीजन में प्रतिनिधि नियुक्त किए हैं, जो मीटर रीडिंग के बाद उत्पन्न होने वाली समस्याओं को सहायक विद्युत अभियंता या संबंधित कार्यालय के अधिकारियों के साथ संपर्क कर हल करने का प्रयास करेंगे. इससे समस्याओं का समाधान सब-डिवीजन स्तर पर ही संभव हो सकेगा.

**नियुक्त प्रतिनिधियों की सूची निम्नलिखित है:**

1. नया बाजार सब–डिवीजन : रोनित सिंह (मोबाइल : 9155296031)
2. हिरापुर सब–डिवीजन : मुकेश कुमार (मोबाइल : 8789750807)
3. करकेन्द सब–डिवीजन : अभिषेक कुमार (मोबाइल : 9304669118)
4. गोविंदपुर सब–डिवीजन : सोहेब अंसारी (मोबाइल : 6205328433)
5. बरवड्डा सब–डिवीजन : सुनिल कुमार साव (मोबाइल : 8340582388)
6. टुंडी सब–डिवीजन : दीपक कुमार महतो (मोबाइल : 8709796062)
7. निरसा वन सब–डिवीजन : राजीव सिंह (मोबाइल : 9304647568)
8. मुगमा सब–डिवीजन : सचिन कर (मोबाइल : 6207391155)
9. चिरकुंडा सब–डिवीजन : गौतम रविदास (मोबाइल : 8340321023)
10. मुकुंदा सब–डिवीजन : संजीत कुमार मोदक (मोबाइल : 7484017131)
11. सिंदरी सब–डिवीजन : बापी कर (मोबाइल : 9110170334)
12. झरिया सब–डिवीजन : अरुण कुमार सिंह (मोबाइल : 9060122244)
13. डिगवाडीह सब–डिवीजन : अनिल ठाकुर (मोबाइल : 9006922626)

## जमशेदपुर के अमूल दूध के गोदाम में भीषण आग

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के मानगो सिमुलडांगा इलाके में शनिवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया. एमजीएम थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-33 (एनएस-33) के किनारे स्थित अमूल दूध के एक बड़े गोदाम में सुबह लगभग 7 बजे अचानक भीषण आग लग गई. आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही पलों में पूरे गोदाम को अपनी चपेट में ले लिया और आस-पास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई. स्थानीय लोगों के मुताबिक, शॉर्ट सर्किट से आग लगी, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हो पाई है. आग की लपटें इतनी तेज थीं कि करीब दो किलोमीटर दूर से दिख रही थीं. आग लगने की खबर मिलते ही एमजीएम थाना पुलिस मौके पर पहुंची और तुरंत अग्निशमन विभाग को सूचित किया गया. थोड़ी ही देर में दमकल की कई गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंचीं और आग बुझाने का काम शुरू हुआ, जो करीब दो घंटे तक यानी सुबह 9 बजे तक चलता रहा. गोदाम में कई लीटर दूध और बड़ी मात्रा में दुग्ध उत्पाद स्टोर किए गए थे, जिनकी कीमत लाखों रुपये में बताई जा रही है. आग ने सब कुछ जलाकर खाक कर दिया. गनीमत रही कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन आर्थिक नुकसान काफी भारी माना जा रहा है. घटनास्थल पर पहुंचे सामाजिक कार्यकर्ता दीपक रंजीत ने बताया कि यह गोदाम गुजराती सहकारी दूध वितरण संघ लिमिटेड' के अंतर्गत संचालित होता है और इसका क्षेत्रफल लगभग एक एकड़ में फैला हुआ है. फिलहाल पुलिस और दमकल विभाग मिलकर आग लगने के कारणों की जांच कर रहे हैं. मौके पर मौजूद अधिकारियों का कहना है कि स्थिति अब नियंत्रण में है, लेकिन आग ने जो नुकसान किया है, उसकी भरपाई करना मुश्किल होगा. इलाके में सामान्य स्थिति लौट रही है, लेकिन लोग अभी भी सुबह के उस भयावह मंजर को याद करके सहमे हुए हैं. पुलिस और दमकल विभाग मिलकर आग लगने के कारणों की जांच कर रहे हैं. मौके पर मौजूद अधिकारियों का कहना है कि स्थिति अब नियंत्रण में है.

### उपायुक्त ने किया हजारीबाग एफसीआई गोदाम का औचक निरीक्षण

# रख-रखाव व सुरक्षा के लिए निर्देश



**शुभम संदेश । हजारीबाग**

उपायुक्त हजारीबाग शशि प्रकाश सिंह ने शनिवार को खाद्य निगम (एफसीआई) गोदाम का औचक निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने गोदाम में रखे गए खाद्यान्नों की गुणवत्ता, सुरक्षा और रखरखाव की समग्र व्यवस्था का गहन अवलोकन किया.निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने गोदाम भवन की संरचनात्मक स्थिति, खाद्यान्न की भंडारण स्थिति, परिसर की साफ-सफाई, चूहों से बचाव हेतु की गई व्यवस्था, खाद्यान्नों को बरसात में नमी से बचाव के लिए किए गए उपायों, अग्निशमन यंत्र तथा सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से लगाए गए अलार्म सिस्टम की क्रियाशीलता की बारीकी से समीक्षा की. उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि बरसात के मौसम में खाद्यान्नों को नमी से बचाने हेतु प्रभावी उपाय किए जाएं और गोदाम के भीतर खाद्यान्नों के रखरखाव किसी प्रकार की ढील न बरती जाए.इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने कीटनाशकों के उपयोग की प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए मेलेथ्रॉन स्प्रे के प्रभावी छिड़काव के निर्देश दिए ताकि खाद्यान्न कीट-प्रकोप से सुरक्षित रह सके. उन्होंने एफएसएसएआई लाइसेंस की वैधता की भी जानकारी ली और यह सुनिश्चित करने को कहा कि गोदाम में रखे खाद्यान्न पूर्णतः मानक अनुरूप हों.उपायुक्त ने यह भी निर्देशित किया कि खाद्यान्न वितरण योजना से संबंधित आवश्यक जानकारी, दिशा-निर्देश एवं जनहितकारी सूचनाएं गोदाम परिसर में प्रमुखता से प्रदर्शित की जाएं, जिससे हितग्राहियों को पूरी जानकारी मिल सके.निरीक्षण के अंत में उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि खाद्यान्न का भंडारण पूर्ण सावधानी एवं मानकों के अनुरूप हो, ताकि जनवितरण प्रणाली के अंतर्गत लाभुकों तक गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न समय पर पहुँच सके.निरीक्षण के दौरान जिला आपूर्ति पदाधिकारी, भारतीय खाद्य निगम के अधिकारी मौजूद थे.

## डीसी ने जिले के विभिन्न खेल स्थलों का किया निरीक्षण



**शुभम संदेश । कोडरमा**

जिले में खेलकूद गतिविधियों को बढ़ावा देने और युवाओं को बेहतर खेल सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उपायुक्त ऋतुराज द्वारा बागीटांड स्थित इनडोर स्टेडियम का निरीक्षण किया गया.निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टेडियम में उपलब्ध सुविधाओं की समीक्षा की तथा आवश्यक सुधार हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।इसके उपरांत उपायुक्त ने गुमो स्थित निर्माणाधीन स्टेडियम का जायजा लिया और कार्य की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए निर्माण कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए.उपायुक्त ने यह भी कहा कि युवाओं को उच्च स्तरीय खेल अवसंरचना उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है।इसी क्रम में उन्होंने करमा स्थित चिन्हित स्थल का निरीक्षण कर वहाँ स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स विकसित करने हेतु संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश जारी किए.उपायुक्त ने कहा कि इस कॉम्प्लेक्स के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों में भी खेल प्रतिभाओं को उभारने का अवसर मिलेगा।इसके अतिरिक्त, उपायुक्त श्री ऋतुराज ने ध्वजाधारी धाम का भी निरीक्षण किया तथा वहाँ साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं श्रद्धालुओं के लिए पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया.निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त रवि जैन, जिला खेल पदाधिकारी कैलाश राम सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे.

## कैलीबर कंपनी के कार्य शुरू करने से पहले भू-रैयत हुए गोलबंद

**चतरा।** टंडवा प्रखंड के कुमारंग खुर्द शिव मंदिर परिसर में युवा संघ के नेतृत्व में एक बैठक हुई. बैठक में संघ के सदस्यों, भू- रैयतों और ग्रामीणों ने ने बढ़- चढ़कर भाग लिया. बैठक में ग्रामीण युवा संघ के द्वारा एकजुटता का परिचय बढ़ चढ़ कर दिखाया गया. जिसमें ग्रामीण भू-रैयतों ने कैलीबर कंपनी पर मनमानी का आरोप लगाया और एकजुट होकर आक्रोश प्रकट किया. बैठक में कहा गया कि कैलीबर कंपनी के द्वारा कार्य शुरू होने से पहले ग्रामीण भू-रैयत की उपेक्षित है. जिससे ग्रामीणों ने आक्रोश प्रकट किया और कहा गया कि कार्य शुरू होने के पूर्व उन्हें जानकारी या कार्यक्रम में आमंत्रित नहीं किया गया. कहा गया है कि रोजी रोजगार समेत अन्य मुद्दों पर ग्रामीणों में भारी असंतोष देखा जा रहा है. कैलीबर कंपनी द्वारा इस तरह का कृत्य और ग्रामीण भू- रैयतों को बिना जानकारी के कही न कही ग्रामीणों के बीच असंतोष की स्थिति पैदा करती है और ऐसी स्थिति को ध्यान में रखते हुए समस्त ग्रामीण भू रैयत, कुमारंग खुर्द में आक्रोश देखा जा रहा है, जो आगे चलकर आंदोलन का भी रूप ले सकता है. उन्होंने कहा है कि सूचना मिली है कि कोई विशेष व्यक्ति को कुमारंग खुर्द का विस्थापित नेता के रूप में प्रयोजित करने का कार्य किया जा रहा है. जिससे ग्रामीण युवा संघ एक शिरे से खंडित करता है एवं आने वाले सभी वैसे व्यक्ति विशेष जो खुद को ग्राम कुमारंग खुर्द का नेता बताने की कोशिश करेगा, उसका ग्रामीण युवा संघ बहिष्कार करता है.

## राष्ट्रीय सुढी समाज ट्रस्ट के फर्जी रजिस्ट्रेशन के खिलाफ शिकायत

**धनबाद।** राष्ट्रीय सुढी समाज ट्रस्ट के अध्यक्ष कृतिवास मंडल ने प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली को एक शिकायती पत्र सौंपकर धनबाद में फर्जी तरीके से किए गए ट्रस्ट रजिस्ट्रेशन (2024/DHAN/5224/BK4/545) को रद्द करने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है. शिकायत के अनुसार, राष्ट्रीय सुढी समाज ट्रस्ट का रजिस्ट्रेशन 22 जून 2024 को जिला अवर निबंधक कार्यालय, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर में रजिस्ट्रेशन नंबर 2024/JSR/2788/BK4/200 के तहत किया गया था. इस रजिस्ट्रेशन से पहले यह सुनिश्चित किया गया था कि ट्रस्ट के नाम पर कोई अन्य रजिस्ट्रेशन नहीं है. हालांकि, कृतिवास मंडल ने आरोप लगाया है कि उज्वल मंडल, धैया कुमार टोला, थाना धनबाद, जिला धनबाद, ने जिला अवर निबंधक कार्यालय, धनबाद की मिलीभगत से तथ्यों को छुपाकर और ट्रस्ट की बढ़ती लोकप्रियता का दुरुपयोग करते हुए 06 अगस्त 2024 को उसी नाम से फर्जी रजिस्ट्रेशन (2024/DHAN/5224/BK4/545) करवाया. यह कृत्य सरकार के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन है, जिसमें समानांतर नाम से ट्रस्ट रजिस्ट्रेशन की मनाही है. (कृतिवास ने मामले की उच्च स्तरीय जांच कर उक्त फर्जी रजिस्ट्रेशन को तत्काल रद्द किया जाए. साथ ही, जिला अवर निबंधक, धनबाद और संबंधित अधिकारियों तथा उज्वल मंडल के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई की जाए, ताकि सुढी समाज को भ्रमित करने की कोशिशों पर रोक लग सके.

## रोटरी क्लब चास ने मनाया 24वां पदस्थापना दिवस

**शुभम संदेश । बोकारो**

रोटरी क्लब चास ने अपना 24वां पदस्थापना समारोह चास के हॉल ऑफ नॉट के सभागार में धूमधाम से आयोजित किया. कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ. निवर्तमान अध्यक्ष विनोद चोपड़ा ने आगंतुकों का स्वागत करते हुए रोटरी के निष्पक्ष सेवा के उद्देश्य पर प्रकाश डाला और चास रोटरी क्लब की इसमें सदैव तत्परता की बात कही. निवर्तमान सचिव मुकेश अग्रवाल ने स्लाइड शो के माध्यम से वर्ष भर में क्लब द्वारा किए गए कार्यों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया. इससे पहले ललिता चोपड़ा ने मुख्य अतिथि का स्वागत एक पौधा भेंटकर किया. नव निर्वाचित अध्यक्ष डिंपल कौर ने कहा कि नए सत्र में उनकी टीम पूरी ऊर्जा के साथ सेवा कार्यों से रोटरी चास की एक विशिष्ट पहचान बनाने में सफल होगी. डिंपल कौर ने यह भी बताया कि रोटरी क्लब चास विधिवत कार्य योजना तैयार कर अभियान की तर्ज पर कार्य करेगा. सचिव श्वेता रस्तोगी ने संस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में निरंतर कार्य करने की प्रतिबद्धता जताई. धनबाद से आए मुख्य अतिथि और रोटरी जिला 3250 के पूर्व जिला पाल संजय खेमका ने नए पदाधिकारियों को शपथ दिलाई. उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि रोटरी हमें सर्वश्रेष्ठ सेवा कार्य करने के लिए प्रेरित करती है और विभिन्न परियोजनाओं के माध्यम से रोटेरियन समाज में अपनी सर्वश्रेष्ठ सेवा दे रहे हैं, जिससे एकता और शांति का संदेश मिलता है. पूर्व अध्यक्ष डॉ. सुमन ने अपने संबोधन में कहा कि हर रोटेरियन मानवता का सैनिक है और मानवता की सेवा कार्यों में लगा है. धनबाद से आए विशिष्ट अतिथि और पूर्व जिला पाल राजन गंडोत्रा ने 'स्वयं से ऊपर सेवा' को रोटरी का मुख्य ध्येय बताया.

## झोपड़ी में आगजनी और जेवरात की चोरी

**हजारीबाग ।** हजारीबाग जिले के कटकमसाड़ी थाना क्षेत्र के पेलावल ओपी बांगी टोला निवासी बसंती देवी ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर गंभीर आरोप लगाए हैं. बसंती देवी के द्वारा दिए गए आवेदन के अनुसार बीते 4 जुलाई को कुछ असामाजिक तत्वों ने उनकी झोपड़ी में जबरन घुसकर मारपीट की, जेवरात एवं नकद राशि की चोरी की और फिर झोपड़ी में आग लगा दी.आवेदन के माध्यम से पीड़िता ने आरोप लगाया है कि जमीन विवाद को लेकर राजू दास, मनोज रविदास, चन्द्र रविदास, श्रवण राम, शिव कुमार, शांति देवी, सुनीता देवी समेत कुल आठ लोगों ने इस घटना को अंजाम दिया. इस दौरान महिला के मंगलसूत्र, कान की टॉप्स, चांदी का पायल, और दस हजार रुपए नकद ले गए .पीड़िता का कहना है कि वह अपनी झोपड़ी में सो रही थी, तभी उक्त लोग रात में घुस आए और आगजनी कर दी. शोर मचाने पर आरोपी भाग निकले. घटना की सूचना तुरंत पेलावल ओपी थाना को दी गई.

## झंडा विवाद ने पकड़ा तूल प्रशासन ने दी कड़ी चेतावनी



**शुभम संदेश । केरेडारी**

बेलतु गांव में हिंदू और मुस्लिम समुदाय के बीच झंडा लगाने को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है, जिससे प्रशासन भी चिंतित और सक्रिय हो गया है. मामला तब शुरू हुआ जब चौक पर पहले से लगे भगवा झंडा के सामने मुस्लिम समुदाय द्वारा रात्रि में इस्लामिक झंडा लगा दिया गया. सुबह होते ही यह दृश्य देखकर दोनों पक्षों में तनाव उत्पन्न हो गया और तू-तू, मैं-मैं की स्थिति बन गई.सूचना पर बड़कागांव एसडीपीओ पवन कुमार, सीओ रामरतन वर्णवाल, बीडीओ विवेक कुमार और थाना प्रभारी विवेक कुमार मौके पर पहुंचे. जिप सदस्य गीता देवी, मुखिया जितनी देवी और अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक बैठक चली. बैठक में आपसी सहमति से यह निर्णय लिया गया कि चौक पर किसी भी धार्मिक झंडे की जगह डॉ. सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा स्थापित की जाएगी. मुस्लिम समुदाय इस निर्णय पर सहमत होकर झंडा हटाने को तैयार हो गया, लेकिन हिंदू समुदाय ने पूर्व से चलती परंपरा का हवाला देते हुए झंडा हटाने से इंकार कर दिया. इस कारण अब तक दोनों झंडे नहीं हटाए गए हैं.

## सदर अस्पताल में हड्डी रोग विशेषज्ञ के नदारद रहने पर हंगामा

**साहिबगंज।** सदर अस्पताल में शनिवार को हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. सचिन कुमार के ड्यूटी से नदारद रहने पर मरीजों और उनके परिजनों ने जमकर हंगामा किया. मरीजों का आरोप है कि डॉ. सचिन कुमार ने उन्हें शनिवार को आने के लिए बुलाया था, लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी वे अस्पताल नहीं पहुंचे. मिर्जाचौकी निवासी अभय मंडल ने बताया कि उनकी भतीजी का हाथ टूट गया है और वे पांच दिनों से अस्पताल के चक्कर लगा रहे हैं. डॉक्टर हर बार आज करेंगे, कल करेंगे कहकर टाल देते हैं. शनिवार को जब वे भतीजी को लेकर अस्पताल पहुंचे, तो डॉक्टर नदारद मिले. सकरीगली, मिर्जाचौकी, राजमहल और बरहरवा से भी कई मरीज डॉक्टर का इंतजार करते रहे. जब डॉक्टर नहीं आए, तो मरीजों ने हंगामा शुरू कर दिया. अस्पताल के स्टाफ ने मरीजों को बताया कि डॉ. सचिन कुमार छुट्टी पर हैं. इस पर मरीज भड़क गए और कहने लगे कि अगर डॉक्टर छुट्टी पर थे, तो उन्हें बुलाया क्यों गया? मरीजों ने यह भी आरोप लगाया कि जिस दिन डॉक्टर छुट्टी पर होते हैं, उस दिन नोटिस चिपका दिया जाता है, लेकिन शनिवार को ऐसा कोई नोटिस नहीं लगाया गया था. इस मुद्दे पर सदर अस्पताल के डीएस सलखु चंद्र हांसदा से पूछा गया, तो उन्होंने बताया कि उन्हें इस मामले की जानकारी नहीं थी. उन्होंने आश्वासन दिया कि यदि डॉ. सचिन कुमार अपनी ड्यूटी से नदारद थे, तो उनके ऊपर कार्रवाई करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा.

### कार्यशाला

### मादक पदार्थों के खिलाफ जिला स्तरीय उन्मुखीकरण सह कार्यशाला आयोजित

# प्रशिक्षण व सहभागिता से नशा मुक्त समाज की दिशा में कदम

**शुभम संदेश । चतरा**



जिले में अवैध अफीम की खेती और मादक पदार्थों की बढ़ती समस्या को देखते हुए चतरा जिला प्रशासन की ओर से शनिवार को जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट सह प्रशिक्षण भवन हॉल में जिला स्तरीय उन्मुखीकरण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त कीर्तिश्री जी ने की, जबकि पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे.

दोनों अधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का उद्घाटन किया.इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जिले में अवैध अफीम उत्पादन की रोकथाम, नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जन-जागरूकता फैलाना, तथा संबंधित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को प्रशिक्षित एवं सजग बनाना था. यह पहल राष्ट्रीय व राज्यस्तरीय नशा उन्मूलन नीति के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है.उपायुक्त कीर्तिश्री ने कहा कि अफीम की अवैध खेती कानून और समाज दोनों के खिलाफ है. उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि गांव-गांव जाकर जागरूकता फैलाएं और युवाओं, छात्रों और किसानों को नशा मुक्ति के लिए प्रेरित करें. उन्होंने नशा उन्मूलन अभियान को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया.

पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल ने स्पष्ट रूप से कहा कि जिले में किसी भी प्रकार की मादक पदार्थ से जुड़ी गतिविधियों को सख्ती से रोका जाएगा. उन्होंने कहा कि पुलिस बल सतर्क है और गुप्त सूचना तंत्र को और मजबूत किया जा रहा है. उन्होंने मुखिया, जनप्रतिनिधि और आम जनता से अपील की कि वे संदिग्ध गतिविधियों की सूचना प्रशासन को दें. कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को नशा से दूर रहने और समाज को नशा मुक्त बनाने की शपथ दिलाई गई. इसके साथ ही उपायुक्त ने जनप्रतिनिधियों से उनके क्षेत्रों की समस्याएं सुनीं और कई मामलों में मौके पर ही निदेश दिए. प्रशासन की ओर से मुखियाओं को शॉल भेंटकर सम्मानित भी किया गया.

## भाकपा अंचल परिषद की बैठक में इटावा कांड की निंदा

**जयनगर (कोडरमा)।** भाकपा अंचल परिषद की बैठक शनिवार को संस्कृतिक भवन, जयनगर में पूर्व उपप्रमुख वीरेंद्र यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई.बैठक को संबोधित करते हुए जिला मंत्री अर्जुन यादव ने इटावा कांड में कथावाचक के साथ हुए अत्याचार की कड़ी निंदा की और आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।वहीं सोनिया देवी ने मजदूरों के लिए बनाए गए चार श्रम संहिताओं (लेबर कोड) को शोषणकारी बताते हुए कहा कि मोदी सरकार मजदूरों के अधिकारों का हनन कर रही है.उन्होंने बताया कि इन श्रम कोड्स के खिलाफ 9 जुलाई को सभी ट्रेड यूनियनें एकजुट होकर आम हड़ताल करेंगी.बैठक को समीम खान, महेश प्रसाद सिंह, काली सिंह, कामेश्वर पंडित, गंगो नायक सहित कई नेताओं ने संबोधित किया.बैठक में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे.

### पेज-3 का शेष

## सड़क हादसे में चार जख्मी, एक.....

मंडल ने स्थानीय लोगों की मदद से अपने वाहन से घायल पीयूष कुमार यादव को इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद ले जा रहे थे पर गोल बिल्डिंग से एस एन एम एम सीएच जाने वाले पथ में जाम रहने के कारण घायल को स्थानीय नर्सिंग-होम में भर्ती कराया गया. जहां डाक्टरों ने पीयूष की स्थिति गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए असर्फी अस्पताल रेफर कर दिया. पीयूष के सर में गंभीर चोट है. पीयूष की स्थिति गंभीर बनी हुई है. शुभम दास के हाथ पैर में चोटें आई हैं. बरवाअड्डा पुलिस ने ग्लैमर बाइक को अपने कब्जे में ले लिया है. वही देर शाम बरवाअड्डा थाना अंतर्गत हवाई अड्डा के समीप अपाची बाइक संख्या जेएच 10बीई 9501 सवार अनियंत्रित होकर रोड गिर जाने से बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गए. सूचना पर बरवाअड्डा पुलिस मौके पर पहुंच कर घायल अपाची चालक को इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद भेज दिया. पुलिस ने बाइक को कब्जे में ले लिया है.



## न्यूज अपडेट

### पुंछ में आतंकी ठिकाने का पर्दाफाश हथियार और विस्फोटक किया जब्त

**पुंछ।** जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती जिले पुंछ के सुरनकोट उपमंडल में सुरक्षा बलों ने एक बड़े आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ किया है. यह कार्रवाई सुरक्षाबलों द्वारा चलाए जा रहे आतंकवाद विरोधी अभियान के तहत की गई. जानकारी के अनुसार, पुलिस और सेना की संयुक्त टीम ने बेहरामगला के पास मरहा इलाके में तलाशी अभियान के दौरान इस आतंकी ठिकाने का पता लगाया. तलाशी के दौरान सुरक्षाबलों ने ठिकाने से तीन हथगोले, बीस जिंदा गोलियां, एक वायर कटर, चाकू, चार्जिंग केबल और एक बैटरी बरामद की है. यह बरामदगी इस बात का संकेत है कि क्षेत्र में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश रची जा रही थी.

### बाड़मेर में महिला की हत्या पर एनसीडब्ल्यू ने लिया संज्ञान

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने राजस्थान के बाड़मेर जिले के बलदेव नगर में एक महिला की उसके पति और एक अन्य महिला द्वारा हत्या किए जाने की घटना का स्वतः संज्ञान लिया है. आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने शनिवार को राजस्थान के पुलिस महानिदेशक को पत्र लिख कर कहा है कि मामले की निष्पक्ष व समयबद्ध जांच सुनिश्चित की जाए. आरोपितों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए और मृतक के परिजनों को हर संभव सहायता दी जाए. आयोग ने तीन दिनों के भीतर मामले की विस्तृत कार्रवाई रिपोर्ट भी तलब की है. बाड़मेर जिले में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया था. महिला का शव गुरुवार को घर के बाथरूम में संदिग्ध हालत में मिला.

### यूक्रेन युद्ध पर पुतिन से बातचीत के बाद कड़े प्रतिबंधों के मिले संकेत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने खुलासा किया कि उन्होंने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से यूक्रेन युद्ध पर टेलीफोन पर बात की, लेकिन इस बातचीत से वह बेहद नाराज हैं. ट्रंप ने पुतिन पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह युद्ध खत्म करने के बजाय लोगों को मारते रहने पर आमादा हैं. उन्होंने कहा, "मैंने पुतिन से बात की, लेकिन वह पीछे हटना नहीं चाहता. यह बिल्कुल भी ठीक नहीं है." ट्रंप ने यह भी संकेत दिया कि अमेरिका रूस पर और सख्त प्रतिबंध लगा सकता है. उन्होंने कहा कि बीते छह महीनों से वह इन प्रतिबंधों को टालते आ रहे थे, ताकि पुतिन को मनाने की कोशिश की जा सके. अब स्थिति बदलती नजर आ रही है और प्रतिबंध लागू हो सकते हैं.

### त्रिनिदाद एवं टोबैगो ने भारत की स्थायी सदस्या का समर्थन दिया

**टोबैगो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पांच देशों की यात्रा के तहत त्रिनिदाद और टोबैगो पहुंचने पर दोनों देशों के बीच रिश्तों को नई ऊंचाई मिली. पीएम मोदी और उनकी समकक्ष कमला प्रसाद बिसेसर ने आधारभूत ढांचा, औषधि, कृषि, स्वास्थ्य सेवा, डिजिटल परिवर्तन और यूपीआई जैसी तकनीकी सहयोग समेत कुल 6 समझौतों पर हस्ताक्षर किए. इस दौरान दोनों नेताओं ने जनसंपर्क और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की. त्रिनिदाद और टोबैगो ने यूएनएससी में भारत की स्थायी सदस्यता को पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की है. संयुक्त बयान में दोनों देशों ने कूटनीति को प्राथमिकता देने की बात कही.

### गाजा युद्धविराम को लेकर बढ़ी उम्मीदें, हमास ने भी दे दी मंजूरी

**नयी दिल्ली।** गाजा में महीनों से जारी संघर्ष के बीच अब युद्धविराम की संभावनाएं प्रबल होती नजर आ रही हैं. हमास ने एक नए प्रस्ताव पर सकारात्मक जवाब देते हुए इसे लागू करने के प्रति गंभीरता दिखाई है. हमास का यह रुख कतर और मिस्र जैसे मध्यस्थ देशों के लिए एक बड़ी कूटनीतिक सफलता माना जा रहा है. हमास के आधिकारिक बयान के अनुसार, फिलिस्तीनी गुटों और सैन्य बलों के साथ विचार-विमर्श के बाद युद्धविराम प्रस्ताव पर सहमति बनी है. इसके तहत 'संशोधित विटकॉफ योजना' को स्वीकार किया गया है, जिसमें केवल कुछ मामूली बदलावों का सुझाव दिया गया है. हमास का कहना है कि उसने यह जवाब औपचारिक रूप से मध्यस्थों को सौंप दिया है.

### अमेरिकी स्वतंत्रता दिवस: परंपरा से परे एक रणनीतिक शक्ति प्रदर्शन

**वाशिंगटन।** अमेरिका का स्वतंत्रता दिवस इस बार केवल एक सांस्कृतिक और पारंपरिक उत्सव नहीं था, बल्कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की राजनीतिक रणनीति और वैश्विक शक्ति प्रदर्शन का प्रतीक बन गया. इस मौके पर ट्रंप ने 'बिग ब्यूटीफुल बिल' पर हस्ताक्षर किए, जो घरेलू नीतियों के साथ-साथ अमेरिका की अंतरराष्ट्रीय भूमिका को भी नया आयाम देता है. समारोह के दौरान अमेरिकी वायुसेना के सबसे अत्याधुनिक फाइटर जेट्स—बी-2 स्टेल्थ बॉम्बर्स, एएफ-35 और एएफ-22—ने व्हाइट हाउस के ऊपर फ्लाई-पास्ट किया. यह प्रदर्शन अमेरिका की सैन्य शक्ति का प्रतीक था और हाल ही में ईरान पर किए गए निर्णायक हमलों की याद भी दिलाता है.

### श्री अमरनाथ यात्रा के लिए 6,979 तीर्थयात्रियों का दूसरा जत्था रवाना

**जम्मू।** भारी बारिश के बावजूद 6,979 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था श्री अमरनाथ यात्रा के लिए शनिवार तड़के जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से रवाना हुआ. अधिकारियों ने जानकारी दी कि अनंतनाग जिले के पहलगाम और गांदरबल जिले के बालटाल में दोहरे रास्तों से 38 दिवसीय वार्षिक यात्रा शुरू होने के बाद से लगभग 30,000 तीर्थयात्री श्री अमरनाथ की पवित्र गुफा में प्राकृतिक रूप से बर्फ से बने भगवान शिव के दर्शन कर चुके हैं. अधिकारियों ने बताया कि 6,979 तीर्थयात्रियों का चौथा जत्था जिसमें 5,196 पुरुष, 1,427 महिलाएं, 24 बच्चे, 331 साधु और साध्वी तथा एक ट्रांसजेंडर शामिल हैं, कड़ी सुरक्षा के बीच दो अलग-अलग काफिलों में तड़के 3.30 बजे से 4.05 बजे के बीच भगवती नगर आधार शिविर से रवाना हुआ. उन्होंने बताया कि 4,226 तीर्थयात्री 161 वाहनों में सवार होकर 48 किलोमीटर लंबे पारंपरिक पहलगाम मार्ग से नुनवान आधार शिविर के लिए रवाना हुए, जबकि 2,753 तीर्थयात्री 151 वाहनों में सवार होकर 14 किलोमीटर लंबे-छोटे, लेकिन अधिक ढलान वाले बालटाल मार्ग की ओर गए. बुधवार को जब उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने जम्मू से यात्रा को हरी झंडी दिखाई थी तब से अब तक कुल 24,528 तीर्थयात्री जम्मू आधार शिविर से घाटी के लिए रवाना हो चुके हैं. यात्रा कड़ी सुरक्षा के बीच सामान्य रूप से जारी है. भगवती नगर आधार शिविर को बहुस्तरीय सुरक्षा घेरे में रखा गया है. अब तक 3.5 लाख से अधिक लोगों ने तीर्थयात्रा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण कराया है.

#### राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के निर्माण कार्य पर बोले जेपी नड्डा

# 2027 तक पूरे होंगे सभी कार्य

एजेंसी। बिलासपुर

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने शनिवार को बिलासपुर में कहा कि हिमाचल प्रदेश में 2592 किलोमीटर के 25 राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण प्रगति पर है. इन परियोजनाओं की कुल लागत 2592 करोड़ है. इनमें से 785 किलोमीटर की सड़कें नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया, 1238 किलोमीटर की सड़कें सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय और 569 किलोमीटर की सड़कें बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन द्वारा बनाई जा रही हैं. नड्डा ने बताया कि इन परियोजनाओं में से अधिकांश कार्य वर्ष 2026 और 2027 तक पूरे हो जाएंगे जबकि कुछ परियोजनाएं 2028 तक पूरी होंगी.

कीरतपुर-मनाली कॉरिडोर के लिए 7667 करोड़ आवंटित किए गए हैं, जिसमें 12 टनल बनाई जाएंगी जिनकी कुल लंबाई 11.51 किलोमीटर होगी. इसी कॉरिडोर की कुल परियोजना लागत 9452 करोड़ है जिसमें 28 सुरंगें बनेंगी जिनकी कुल लंबाई 41 किलोमीटर होगी. इसके अलावा शिमला-मटौर मार्ग पर 10208 करोड़ खर्च किए जाएंगे, जिसमें 15 सुरंगों का निर्माण होगा जिनकी कुल लंबाई 13.41 किलोमीटर होगी. पठानकोट-मंडी मार्ग पर 1088 करोड़ खर्च किए जाएंगे और इसमें



13 सुरंगें बनेंगी जिनकी कुल लंबाई 10 किलोमीटर होगी. स्पष्ट किया कि यह लंबाई केवल सुरंगों की है, और इनका निर्माण राज्य की भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए यातायात को सुगम और सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से किया जा रहा है.

बताया कि वह हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री को दो महत्वपूर्ण विषयों पर पत्र लिखेंगे और चर्चा भी करेंगे. पहला विषय यह है कि एनएचएआई के अस्थायी कार्यों को उद्योग की श्रेणी से बाहर किया जाए ताकि क्रेशर, हॉट मिक्स प्लांट और तारकोल पिघलाने वाली मशीनों को हर साल राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेने की आवश्यकता न पड़े. दूसरा विषय व्यास नदी क्षेत्र में ड्रेजिंग कार्य को लेकर है, जिस पर उन्होंने कहा कि यह पर्यावरण और सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत आवश्यक है और इस पर प्रदेश सरकार को शीघ्र निर्णय लेना चाहिए. सुमदो-काजा सड़क को 2024 में स्वीकृति मिल चुकी है और इसका निर्माण बीआरओ कर रही है लेकिन राज्य सरकार अब तक इस परियोजना के लिए वन विभाग की मंजूरी नहीं दे सकी है, जिससे निर्माण कार्य में देरी हो रही है. बिलासपुर जिले को लेकर बताया कि घुमारवीं-शाहतलाई सड़क के उन्नयन के लिए 35 करोड़ स्वीकृत किए गए हैं और यह कार्य सीआईएफ द्वारा करवाया जाएगा. वर्ष 2026 तक इस सड़क को पूरी तरह अपग्रेड कर दिया जाएगा.

राज्य की कानून व्यवस्था पर चिंता जताते हुए नड्डा ने कहा कि जिस सरकार में रक्षक ही भक्षक बन जाएं, उससे क्या आशा की जा सकती है. एनएचएआई और राज्य सरकार के एक मंत्री के बीच टकराव पर कहा कि हिमाचल जैसे शांत प्रदेश में इस प्रकार की घटनाएं अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और चिंता का विषय हैं.

कहा कि एक झूठा माहौल बनाया जा रहा है कि केंद्र सरकार हिमाचल के साथ भेदभाव कर रही है, जबकि सच्चाई यह है कि प्रदेश सरकार केंद्र से मिले फंड को खर्च नहीं कर पा रही है. आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत हिमाचल को 360.11 करोड़ मिले, लेकिन राज्य सरकार अब तक केवल 78 करोड़ ही खर्च कर पाई है. इसी योजना के तहत प्रस्तावित 73 ब्लॉक लेवल पब्लिक हेल्थ यूनिट्स में से केवल 6 ही बन सकी हैं. 15वें वित्त आयोग से मिले 521 करोड़ में से भी मात्र 128.62 करोड़ खर्च किए गए हैं. इसके अलावा क्रिटिकल केयर यूनिट्स के तहत 8 अस्पतालों की योजना थी, जिनमें भी कार्य अधूरा है.

#### राहुल गांधी बोले-मेरी बात नोट कर लें

## पीयूष गोयल जितना सीना ठोक लें, ट्रंप की टैरिफ के आगे झुकेंगे पीएम मोदी

एजेंसियां। नयी दिल्ली

ट्रंप की ओर से टैरिफ लागू करने को लेकर बढ़ाई गई समयसीमा खत्म हो रही है. दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते को लेकर अभी कोई बात नहीं बन पाई है.ऐसे में राहुल गांधी ने अमेरिका के रेसिप्रोकल टैरिफ लागू करने को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए शनिवार को तीखी प्रतिक्रिया दी है. उन्होंने कहा है कि पीएम नरेंद्र मोदी अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर बने गतिरोध के बीच तय समय सीमा के आगे झुक जाएंगे. बता दें कि अमेरिका ने भारत के लिए 26 प्रतिशत टैरिफ लागू करने की बात कही थी. इसके बाद समझौते को लेकर इसे 90 दिनों के लिए टाल



दिया गया था. वो समय सीमा अब पूरी होने वाली है. राहुल गांधी की यह प्रतिक्रिया केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल के उस बयान के बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत अमेरिका के साथ तभी व्यापार समझौता करेगा, जब उसके हितों की रक्षा होगी. अब डोनाल्ड ट्रम्प के रेसिप्रोकल टैरिफ लागू होने में सिर्फ तीन दिन बाकी हैं. ऐसे समय विपक्ष के नेता कांग्रेस सांसद राहुल गांधी का बयान आया है.

### हड़पी गई प्रॉपर्टी ढूंढ़ने में होगी आसानी: जमाल सिद्दिक़ी

**नयी दिल्ली।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दिक़ी ने वक़्फ़ संशोधन कानून का स्वागत करते हुए दावा किया कि इससे मुसलमान समुदाय को तेजी से फ़ायदे मिलेंगे. समय के साथ वक्फ भूमि और निधि का उपयोग वास्तविक लाभ में बदलेगा और यही मोदी सरकार का इरादा है. जमाल सिद्दिक़ी ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि वक़्फ़ संशोधन कानून शनिवार से लागू हो गया है. इस अधिनियम का उद्देश्य पारदर्शिता, जवाबदेही एवं महिलाओं-सामुदायिक प्रतिनिधित्व को बढ़ावा देना है. डिजिटलीकरण से पारदर्शिता आयेगी. सभी वक्फ संपत्तियों को छह महीने के भीतर केंद्रीय पोर्टल पर पंजीकृत करना अनिवार्य है, जिससे गलत प्रविष्टियां रोकने और सूचना का केंद्रीकरण सुनिश्चित होगा. डाटाबेस होने से हेराफेरी कर हड़पी गई प्रॉपर्टी ढूंढ़ने में आसानी होगी. महिलाओं के अधिकार सुनिश्चित होंग. परिवार-वक्फ में महिला उत्तराधिकारियों का हक़ सुरक्षित होगा और वे वक्फ घोषणा से पहले अपनी हिस्सेदारी सुनिश्चित कर सकेंगी.

### ओनो ने की लखनऊ के बड़ा इमामबाड़ा की सराहना

**लखनऊ।** भारत में जापान के राजदूत ओनो केइची ने शनिवार को लखनऊ के प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थल बड़ा इमामबाड़ा का दौरा किया. भ्रमण के दौरान उन्होंने इमामबाड़ा की भव्य वास्तुकला, बारीकी से की गई शिल्पकला और समृद्ध ऐतिहासिक विरासत की प्रशंसा की. राजदूत ओनो इस सांस्कृतिक स्थल की सुंदरता और ऐतिहासिक महत्व से इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने अपनी यात्रा की तस्वीरें सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर साझा कीं. उन्होंने लिखा कि इमामबाड़ा की चमकदार वास्तुकला और जटिल शिल्पकला भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को उजागर करती है. उन्होंने यह भी कहा कि यह स्थल भारतीय इतिहास और सांस्कृतिक गौरव का उत्कृष्ट उदाहरण है. बड़ा इमामबाड़ा लखनऊ के प्रमुख पर्यटक स्थलों में से एक है, जो नवाबों के दौर की शान को प्रदर्शित करता है. राजदूत ओनो की यह यात्रा भारत-जापान के सांस्कृतिक संबंधों को और प्रगाढ़ करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम मानी जा रही है.

### सिस्तान-बालूचिस्तान के गांव पर हुआ बर्बर हमला

**तेहरान।** इजराइल के साथ 12 दिनों की जंग के बाद ईरान में जासूसों की गिरफ्तारी की कार्रवाई तेज हो गई है. इसी बीच, ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने दक्षिण-पूर्वी सिस्तान-बालूचिस्तान प्रांत के गोनिच गांव में इजराइली जासूसों की तलाश के नाम पर हमला किया. इस हमले में एक 40 वर्षीय महिला की मौत हो गई, जबकि 12 लोग घायल हुए, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं. मानवाधिकार संगठन हालवश ने इस कार्रवाई को बेहद क्रूर बताया है. रिपोर्ट में दावा किया गया है कि हमले के दौरान 21 साल की एक गर्भवती महिला को आईआरजीसी सैनिकों ने लात मारी, जिससे उसका गर्भपात हो गया. गांव के लोगों और चश्मदीदों ने बताया कि हमला अचानक हुआ और आईआरजीसी ने ड्रोन तथा भारी सैन्य वाहन इस्तेमाल किए. यह गांव मुख्य रूप से बलूच समुदाय का है, जो पहले से ही ईरानी सरकार की नीतियों से असंतुष्ट है.

### थाई लायन एयर की फ्लाइट में तकनीकी खराबी, 130 यात्री फंसे

**कोलकाता।** थाई लायन एयर की बैंकॉक जाने वाली बोइंग 737-800 विमान को तकनीकी खराबी के कारण कोलकाता एयरपोर्ट पर रद्द कर दिया गया. इसके चलते विमान में सवार करीब 130 यात्रियों को होटल में ठहराया गया है. यह विमान बैंकॉक के डॉन मुआंग अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से शुक्रवार देर रात 151 यात्रियों को लेकर कोलकाता पहुंचा था. निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, कोलकाता से बैंकॉक जाने वाले यात्रियों ने विमान में सवार होकर रात 2:35 बजे उड़ान की तैयारी पूरी कर ली थी. लेकिन तभी विमान के एयर-कंडीशनिंग सिस्टम में गड़बड़ी सामने आई. गर्म और उमस भरे माहौल में पायलट ने तकनीकी खराबी की जानकारी दी और विमान को वापस पार्किंग बे पर लाने की अनुमति मांगी. एयरपोर्ट प्रवक्ता ने शनिवार अपराह्न बताया कि विमान को 2:43 बजे पार्किंग पर लौटा दिया गया और यात्रियों को बाहर निकाल लिया गया. बाद में जब स्पष्ट हुआ कि विमान की मरम्मत के लिए थाईलैंड से इंजीनियरों को बुलाना पड़ेगा, तब यात्रियों को एक स्थानीय होटल में ठहराया गया. हवाई अड्डा अधिकारियों के अनुसार, थाईलैंड से इंजीनियर शनिवार दोपहर कोलकाता पहुंचे और विमान की मरम्मत का कार्य शुरू किया गया. प्रारंभिक योजना के अनुसार, विमान रविवार तड़के 2:30 बजे उड़ान भरने वाला था, लेकिन एयरलाइन सूत्रों का कहना है कि अब इसके रविवार सुबह नौ बजे तक उड़ान भरने की संभावना है. गौरतलब है कि यह विमान लगभग 10 वर्ष पुराना है और पहली बार 22 दिसंबर, 2015 को उड़ान भरी थी. इस घटना से यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा.

## मीनड़ी जंगल से दो नक्सली गिरफ्तार, चार बंदूकें बरामद

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता मिली है. जिले के पखांजूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कांकेर-नारायणपुर सीमा से लगे मीनड़ी के जंगल में बीएसएफ के जवानों ने दो नक्सलियों को गिरफ्तार किया है. पकड़े गए नक्सलियों की पहचान लखमू पददा और सुकमी पददा के



रूप में हुई है. पुलिस के अनुसार, जिले में नक्सल विरोधी अभियान के तहत शनिवार को नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर बीएसएफ की 47वीं और 40वीं बटालियन के जवानों को संयुक्त अभियान पर भेजा गया. मीनड़ी के जंगल में सर्च ऑपरेशन के दौरान जवानों ने घेराबंदी कर दोनों नक्सलियों को दबोच लिया. गिरफ्तारी के बाद तलाशी में उनके पास से चार भरमार बंदूकें, नक्सली वर्दियां, आईईडी बनाने का सामान और भारी मात्रा में दवाइयां बरामद की गई हैं. सुरक्षा बलों की इस कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय नक्सली नेटवर्क को एक बड़ा झटका लगा है. पुलिस अब गिरफ्तार नक्सलियों से पूछताछ कर रही है.

### शहबाज शरीफ ने भारत पर लगाया शांति बिगाड़ने का आरोप

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अजरबैजान में आयोजित आर्थिक सहयोग संगठन सम्मेलन में भारत पर कड़ा आरोप लगाया कि वह पहलगाम में हुए आतंकी हमले का गलत फायदा उठाकर क्षेत्र में शांति को बाधित करने की कोशिश कर रहा है. शहबाज ने कहा कि भारत बिना किसी उकसावे के पाकिस्तान के खिलाफ दुश्मनी दिखा रहा है, जो न केवल गैर-जिम्मेदाराना है बल्कि बेहद खतरनाक भी है. उन्होंने बताया कि जम्मू-कश्मीर में हुई इस घटना के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ बेवजह और असंवेदनशील रवैया अपनाया है, जो पूरे क्षेत्र के लिए चिंताजनक है. शहबाज शरीफ ने कश्मीर के मुद्दे को भी उठाते हुए कहा कि भारत के नियंत्रण वाले कश्मीर में मासूम नागरिकों के साथ अमानवीय अत्याचार हो रहे हैं, जिसकी वे कड़ी निंदा करते हैं. साथ ही, उन्होंने गाजा और ईरान में बेगुनाह लोगों को निशाना बनाए जाने की भी आलोचना की.

**समर कैंप**

#### अमेरिका के टेक्सास प्रांत में ग्वाडालूप नदी में अचानक पानी बढ़ने से मचा कोहराम

# 24 लोगों की मौत, 20 से ज्यादा युवतियां लापता

एजेंसी। वाशिंगटन

अमेरिका का टेक्सास प्रांत में बाढ़ ने कहर बरपाया है. टेक्सास समर कैंप को लेकर बुरी खबर आ रही है, जहां हिस्सा लेने गई 20 से ज्यादा युवतियां लापता हैं. अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार 4 जुलाई को अचानक आई बाढ़ में कम से कम 24 लोगों की मौत हुई है. केर काउंटी की शेरिफ ने लैरी लीथा ने इन मौतों की पुष्टि की है. उन्होंने चेतावनी दी कि और भी लोगों के हताहत होने की संभावना है. टेक्सास के लेफ्टिनेंट गवर्नर डैन पैट्रिक ने खुलासा किया कि मरने वालों में बच्चे भी शामिल हैं. रिपोर्ट के मुताबिक, हादसा तब हुआ जब ग्वाडालूप नदी रात भर में महज 45



मिनट के अंदर 26 फीट (8 मीटर) बढ़ गई. लेफ्टिनेंट गवर्नर डैन पैट्रिक ने बताया कि नदी के किनारे स्थिति क्रिश्चियन समर कैंप से लगभग 23 लड़कियां लापता हैं.

यह एक लोकप्रिय समर कैंप है, लेकिन अचानक आई बाढ़ ने इसे डरावनी कहानी में बदल दिया. उन्होंने संभावना जताई कि लड़कियां किसी सुरक्षित चीज की ओट में हो सकती हैं. पैट्रिक ने कहा, इसका मतलब यह नहीं हैं कि हमने उन्हें खो दिया है. वे किसी पेड़ पर हो सकती हैं या संचार से बाहर हो सकती हैं. इस बीच रेस्क्यू टीम बाढ़ के पानी में हेलीकॉप्टर और नाव से बचाव कार्य चला रहे हैं. टेक्सास गेम वार्डन ने शुक्रवार शाम को कहा कि वे ट्रकों में होकर कैंप मिस्टिक पहुंचे थे और कैंपरों को निकालना शुरू कर रह थे. उन्होंने लापता लड़कियों के बारे में कोई अपडेट नहीं दिया.

गवर्नर पैट्रिक ने टेक्सास के लोगों से बच्चियों के सुरक्षित मिलने के लिए प्रार्थना करने की अपील की. उन्होंने कहा, मैं टेक्सास के लोगों से कह रहा हूं कि आज दोपहर को गंभीरता से प्रार्थना कर रहा हूं कि आज दोपहर को गंभीरता से प्रार्थना करें कि हम इन छोटी लड़िकयों को ढूढ़ लें.इस बीच छोटी बच्चियों के माता-पिता ने उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर जारी की हैं. लोग अपने बच्चों के बारे में अच्छी खबर सुनने के लिए इंतजार कर रहे हैं. कई परिवारों को उम्मीद है कि वे अपनों से मिल सकेंगे.

कैंप मिस्टिक एक पट्टी पर स्थित है, जिसे फ्लैश फ्लड एली के नाम से जाना जाता है. कैंप मिस्टिक के प्रबंधकों ने कहा है कि उनके पास बिजली, वाई-फाई और पानी नहीं है. कैंप की ओर जाने वाला हाईवे बह गया है. कैंपर्स ऊंची जमीन पर बनी इमारतों में शरण ले रहे थे.

### पाक के एयर चीफ मार्शल का होगा अमेरिका दौरा

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान और अमेरिका के बीच सैन्य संबंधों में फिर से मजबूती देखने को मिल रही है. फील्ड मार्शल असीम मुनीर की हालिया अमेरिका यात्रा के बाद अब पाकिस्तान एयरफोर्स चीफ एयर चीफ मार्शल जहीर अहमद बाबर सिद्धू ने भी अमेरिका का आधिकारिक दौरा किया है. यह पिछले एक दशक में पहली बार है जब पाकिस्तान वायुसेना का कोई प्रमुख अमेरिका गया है. पाकिस्तानी वायुसेना के बयान के अनुसार, यह दौरा दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को बढ़ावा देने और रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए अहम कदम है. एयर चीफ सिद्धू ने पेंटागन में अमेरिकी वायुसेना के इंटरनेशनल अफेयर्स सेक्रेटरी केली एल. सेबोल्ट और एयरफोर्स चीफ ऑफ स्टाफ जनरल डेविड डब्ल्यू एल्विन से मुलाकात की.

### नेपाल में 5000 अमेरिकी डॉलर तक साथ लाने की छूट

**काठमांडू।** नेपाल सरकार ने नए बजट में भारत से आने वाले नागरिकों को अपने साथ 5000 अमेरिकी डॉलर या इसके बराबर की भारतीय रकम साथ लाने की छूट दी है. कस्टम को जानकारी देकर 5000 डॉलर की रकम अतिरिक्त भी साथ लायी जा सकेगी. नेपाल के वित्त मंत्री विष्णु पौडेल ने शनिवार को बजट पर आयोजित एक कार्यक्रम में बताया कि भारतीय नागरिकों को अपने साथ सिर्फ 25 हजार रुपये लाने की छूट थी. इसके कारण उनको काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था. सरकार ने इसकी सीमा को बढ़ाते हुए 4,27,500 रुपये (5000 अमेरिकी डॉलर) कर दिया है. कस्टम को बिना बताए भारत से नेपाल आने वाले पर्यटक अपने साथ 5000 अमेरिकी डॉलर तक नकद ला सकते हैं.




मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, मैसर्स डी.बी. कॉर्प लिमिटेड के लिए के.जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित. संपादक **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक **संजय सिंह***. फोन नंबर 0651-2961734 आरएनआई नंबर **JHAHIN/2023/84487**( पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)